वर्ष-07 - अंक 314
पृष्ट-12 मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
शुक्रवार ,21 अगस्त 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073

केंद्रीय सुचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अख़बार


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

swatantraprabhat.com

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा , वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

एसबीआई अफसर ने पत्नी और बहन की हत्या के बाद खुद ........... 3
अदालत और फर्जी मुकदमेः तारीख पर तारीख और सरकार की.............. 4
बीते एक सप्ताह में अवैध खनन से लगातार दो युवकों की मौत.............. 12

# जंतर-मंतर प्रदर्शन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## बल प्रयोग की जांच के लिए समिति गठित

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस, अर्धसैनिक बलों और अन्य सुरक्षा कर्मियों द्वारा कथित तौर पर अत्यधिक बल प्रयोग के आरोपों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने पांच सदस्यीय उच्चस्तरीय जांच समिति गठित की है। समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति आर. सुभाष रेड्डी करेंगे। समिति प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा बलों की कार्रवाई और प्रदर्शनकारियों की शिकायतों से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जांच करेगी। समिति में अध्यक्ष न्यायमूर्ति आर. सुभाष रेड्डी के अलावा पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रवि शंकर झा, दिल्ली हाईकोर्ट की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति शालिंदर कौर, पूर्व सीबीआई निदेशक ऋषि कुमार शुक्ला और मेघालय के सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक डॉ. एलआर बिश्नोई को सदस्य बनाया गया है। सुप्रीम कोर्ट की ओर



से गठित यह समिति प्रदर्शन के दौरान हुई घटनाओं की निष्पक्ष और व्यापक जांच करेगी। समिति का उद्देश्य केवल प्रदर्शनकारियों की शिकायतों की जांच करना नहीं, बल्कि पूरे घटनाक्रम के सभी पक्षों की पड़ताल करना है। समिति प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के दौरान कथित रूप से पैलेट गन, विद्युत डंडे, लाठीचार्ज और आंसू गैस के अत्यधिक इस्तेमाल के आरोपों की जांच करेगी। इसके साथ ही यह भी देखा जाएगा कि सुरक्षा बलों द्वारा प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए अपनाए गए तरीके परिस्थितियों के अनुरूप और अनुपातिक थे या नहीं। महिला प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कथित हिंसा और पुलिस निगरानी से संबंधित शिकायतों को भी जांच के दायरे में रखा गया है। समिति घटनास्थल पर सुरक्षा बलों की तैनाती, कार्रवाई के तरीके और परिस्थितियों का भी आकलन करेगी। प्रदर्शन के दौरान घायल हुए लोगों को उपलब्ध कराई गई चिकित्सा सहायता की भी समिति समीक्षा करेगी। इसके अलावा घायलों और कथित रूप से प्रभावित लोगों को मुआवजा दिए जाने से जुड़े पहलुओं की भी जांच की जाएगी। समिति यह पता लगाने का प्रयास करेगी कि घायलों को समय पर और पर्याप्त चिकित्सकीय सहायता मिली या नहीं तथा पीड़ितों के पुनर्वास अथवा मुआवजे के संबंध में संबंधित अधिकारियों की ओर से क्या कदम उठाए गए। सुप्रीम कोर्ट ने समिति के दायरे को केवल प्रदर्शनकारियों की शिकायतों तक सीमित नहीं रखा है। प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों के खिलाफ हुई कथित हिंसा और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाए जाने के आरोपों की भी जांच की जाएगी। इससे समिति पूरे घटनाक्रम के दोनों पक्षों पर विचार करेगी। एक ओर जहां प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सुरक्षा बलों की कथित कार्रवाई की जांच होगी, वहीं दूसरी ओर पुलिसकर्मियों के साथ हुई हिंसा और सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान से जुड़े आरोपों की भी पड़ताल की जाएगी। जांच समिति के सामने प्रमुख सवाल यह होगा कि प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा उठाए गए कदम आवश्यक परिस्थितियों के अनुरूप थे या नहीं। समिति उपलब्ध साक्ष्यों, शिकायतों, चिकित्सकीय रिकॉर्ड और संबंधित अधिकारियों के पक्ष का अध्ययन कर घटनाक्रम की वास्तविक स्थिति का आकलन करेगी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित समिति में न्यायपालिका, जांच एजेंसी और पुलिस प्रशासन से जुड़े अनुभवी लोगों को शामिल किए जाने से जांच के व्यापक और निष्पक्ष होने की उम्मीद है।

# भारत-जापान रक्षा संबंधों को नई गति, रक्षा मंत्रियों की अहम द्विपक्षीय वार्ता

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत और जापान ने अपने रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर जोर दिया है। इसी क्रम में गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और जापान के रक्षा मंत्री शिंजिरो कोइजुमी के बीच महत्वपूर्ण द्विपक्षीय वार्ता हुई। बैठक में दोनों देशों ने रक्षा सहयोग के विस्तार, समुद्री सुरक्षा साझेदारी को मजबूत करने तथा रक्षा उपकरण और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर व्यापक चर्चा की। दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों के बीच यह वार्ता ऐसे समय हुई है, जब हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नियम आधारित व्यवस्था, समुद्री मार्गों की सुरक्षा और स्वतंत्र एवं निर्बाध वैध व्यापार को लेकर चुनौतियां बढ़ रही हैं। क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य और रणनीतिक गतिविधियों के बीच भारत और जापान लगातार मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत की आवश्यकता पर जोर देते रहे हैं। बैठक की शुरुआत में राजनाथ सिंह ने जापानी रक्षा मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि भारत कठिन परिस्थितियों में आवश्यक सहायता, राहत और सहयोग उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत-जापान संबंध साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, परस्पर सम्मान और लंबे समय से चले आ रहे सभ्यतागत संबंधों पर आधारित हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि दोनों



देश अगले वर्ष राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मनाएंगे। पिछले वर्षों में भारत और जापान की मित्रता ने न केवल दोनों देशों के संबंधों को मजबूत किया है, बल्कि व्यापक हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता, लचीलापन और नियम आधारित व्यवस्था को भी मजबूती दी है। उन्होंने कहा कि एशिया के दो प्रमुख लोकतंत्र होने के नाते भारत और जापान की जिम्मेदारी है कि वे क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि सुनिश्चित करने में सक्रिय भूमिका निभाएं। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और जापान की समुद्री जीवनरेखाएं लगातार नई चुनौतियों का सामना कर रही हैं। ऐसे में नौवहन की स्वतंत्रता, हवाई क्षेत्र में निर्बाध आवाजाही और वैध व्यापार को बिना किसी बाधा के जारी रखना केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि रणनीतिक अनिवार्यता भी है। उन्होंने कहा कि हिंद महासागर और प्रशांत महासागर की सुरक्षा एक-दूसरे से गहराई से जुड़ी हुई है। ऐसे में भारत के 'महासागर' दृष्टिकोण और जापान की 'मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत' पहल के बीच बेहतर तालमेल पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। बैठक में दोनों पक्षों ने रक्षा उपकरण एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाने के अवसरों पर भी चर्चा की। विशेष रूप से 'मेक इन इंडिया' के तहत रक्षा उत्पादन, तकनीकी सहयोग और औद्योगिक साझेदारी को मजबूत करने पर विचार किया गया। दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को केवल सैन्य अभ्यासों और उच्चस्तरीय संवाद तक सीमित रखने के बजाय रक्षा उद्योग, आधुनिक तकनीक, समुद्री सुरक्षा और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में व्यापक बनाने पर जोर दिया जा रहा है। भारत और जापान के बीच पिछले कुछ वर्षों में रक्षा सहयोग लगातार मजबूत हुआ है। दोनों देश नियमित सैन्य अभ्यासों के साथ-साथ उच्चस्तरीय रक्षा संवाद के माध्यम से रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ा रहे हैं।



## संक्षिप्त खबरें

### पॉक्सो एक्ट में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर वांछित एवं वारंटी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली जरवा पुलिस ने पॉक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराओं में दर्ज मुकदमे में वांछित 30 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय और क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर अभय प्रताप मल्ल के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम वांछित आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी क्रम में 20 अगस्त को उपनिरीक्षक दुर्बल यादव ने हमराह पुलिसकर्मियों के साथ कार्रवाई करते हुए अनुज पुत्र विफई लाल, निवासी मधईपुरवा, थाना धानेपुर, जनपद गोंडा को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक आरोपी थाना जरवा में दर्ज मुकदमा संख्या 39/2026 में वांछित था। उसके खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के साथ पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक दुर्बल यादव, उपनिरीक्षक महेंद्रनाथ सिंह, हेड कांस्टेबल उपेंद्र यादव और कांस्टेबल नदीम सरवर शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि वांछित एवं वारंटी आरोपियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### राजीव गांधी जयंती पर बुजुर्गों का सम्मान, पौधरोपण



**रायबरेली।** प्रियदर्शिनी पब्लिक स्कूल भदोखर में स्व राजीव गांधी जी की जयंती के अवसर पर कांग्रेसी नेता आमीन पठान व युवा उपाध्यक्ष राजन यादव व पूर्व युवा इंटक अध्यक्ष अमित कुमार त्रिपाठी ने वरिष्ठ जन सम्मान समारोह व वृक्षारोपण कार्यक्रम पेड़ पौधे लगाकर सम्मानित बुजुर्गों नागरिको व छात्र छात्राओं की मौजूदगी में मनाया। मुख्य रूप से सम्मानित बुजुर्ग व वरिष्ठ जन मोहन सिंह, धनेश यादव, वीरेंद्र कुमार, वरिष्ठ नेता कांग्रेस अमित त्रिपाठी, कुंवर बहादुर सिंह व सचिन भारतीय को आमीन पठान ने माला पहना कर सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्र छात्राएं अंशी मौर्य, भूपेंद्र यादव, शिरीष, मिनाक्षी, सूरज, किरन, रितेश, सौम्या, प्रिया, हिमांशु प्रजापति आदि सैकड़ों छात्र उपस्थित रहे।

# हरैया एसडीएम कोर्ट में हंगामा, यूट्यूबर पत्रकार से बदसलूकी का आरोप

## कोर्ट के कार्यवाही के दौरान किसी पत्रकार को नहीं जाना चाहिए और अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं करना चाहिए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले की हरैया तहसील परिसर में एसडीएम कोर्ट के अंदर कथित तौर पर एक यूट्यूबर पत्रकार द्वारा हंगामा किए जाने का मामला सामने आया है। घटना से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद तहसील परिसर में हुए कथित विवाद को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

**चलती अदालत में पहुंचने को लेकर हुआ विवाद** बताया जा रहा है कि उप जिलाधिकारी हरैया अपनी अदालत में मुकदमों की नियमित सुनवाई कर रहे थे। इसी दौरान एक व्यक्ति, जो स्वयं को पत्रकार और यूट्यूबर बता रहा था, कथित तौर पर एक मामले की पैरवी के सिलसिले में कोर्ट कक्ष में पहुंच गया। आरोप है कि युवक ने मीडिया का प्रभाव दिखाते हुए न्यायिक कार्य के दौरान विवाद खड़ा किया और सुनवाई कर रहे एसडीएम से तीखी बहस करने लगा। देखते ही देखते मामला बढ़ गया और कोर्ट कक्ष से लेकर तहसील परिसर तक कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

**अधिवक्ताओं से भी हुई तीखी नोकझोंक** मामला बढ़ता देख मौके पर मौजूद अधिवक्ताओं ने कथित तौर पर कोर्ट की कार्यवाही और न्यायालय की गरिमा बनाए रखने को लेकर विरोध किया। इसके बाद यूट्यूबर पत्रकार और अधिवक्ताओं के बीच भी तीखी नोकझोंक होने की बात सामने आई है। न्यायालय परिसर में नहीं जाना चाहिए था यूट्यूबर को न्यायालय में जाने का अधिकार नहीं है प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोप है कि विवाद के दौरान अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया और खुद को मीडिया से जुड़ा बड़ा चेहरा बताते हुए अधिवक्ताओं पर प्रभाव जमाने की कोशिश की गई। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है और संबंधित पक्षों का आधिकारिक बयान सामने आना बाकी है।

**वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल** घटना के दौरान किसी व्यक्ति द्वारा बनाया गया वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में तहसील परिसर में विवाद और लोगों की मौजूदगी दिखाई दे रही है। वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय स्तर पर मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

**कार्रवाई पर टिकी नजर** मामले को लेकर अब प्रशासन की संभावित कार्रवाई पर नजर है। यदि जांच में न्यायिक कार्य में बाधा डालने, अभद्रता करने या अन्य किसी कानून का उल्लंघन किए जाने की पुष्टि होती है तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। वहीं, किसी व्यक्ति को केवल उसके पत्रकार या यूट्यूबर होने के आधार पर दोषी ठहराना उचित नहीं होगा। पूरे मामले की वास्तविक स्थिति प्रशासनिक जांच और संबंधित पक्षों के आधिकारिक बयान के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

# मारुती पाण्डेय में विकास कार्य पर सवाल, जांच और कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केविकास खंड दुबौलिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत मारुती पाण्डेय (समौड़ा) में विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत चल रहे कार्य को लेकर ग्रामीण स्तर पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप नहीं कराया गया, जिसके चलते कार्य पूरी तरह धराशाई हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान सुमन की देखरेख में कराए जा रहे विकास कार्यों में सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका है। उनका कहना है कि पंचायत चुनाव नजदीक आने के बीच विकास कार्यों में तेजी दिखाई जा रही है, लेकिन कार्य की गुणवत्ता को लेकर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले में ग्राम पंचायत स्तर पर तैनात सचिव और तकनीकी सहायक की भूमिका पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों की निगरानी के बावजूद कार्य में कथित अनियमितताएं सामने आई हैं।

वहीं, विकसित भारत जी राम जी के डीसी संजय शर्मा की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रभावी निगरानी नहीं होने के कारण ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों में अनियमितता की शिकायतें सामने आ रही हैं। इसके अलावा एपीओ मनरेगा दुबौलिया और खंड विकास अधिकारी दुबौलिया की भूमिका को लेकर भी ग्रामीणों ने जांच की मांग उठाई है। सवाल यह है कि यदि कार्य में वास्तव में मानकों की अनदेखी हुई है तो इसकी जिम्मेदारी किसकी तय होगी और सरकारी धन के नुकसान की भरपाई कैसे होगी? ग्रामीणों ने पूरे प्रकरण की स्थलीय जांच, कार्य की गुणवत्ता की तकनीकी जांच और भुगतान से संबंधित अभिलेखों की जांच कराकर दोषी पाए जाने वाले जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह है कि विकास विभाग के उच्चाधिकारी मामले का संज्ञान लेकर जांच कराते हैं या नहीं। फिलहाल ग्राम पंचायत मारुती पाण्डेय (समौड़ा) में विकास कार्य को लेकर उठे सवाल क्षेत्र में चर्चा का विषय बने हुए हैं। उक्त प्रकरण में मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल ने जांच कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया है।

# संत रविदास जी की 650वीं जयंती पर अमेठी में कलश वंदन यात्रा



**जगदीशपुर, अमेठी।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर आज जनपद अमेठी के विश्वकर्मा नगर मंडल के दखिनवारा,अचलपुर एवं पूरे अमृत लाल में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ कलश वंदन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में रैदास समाज के लोगों ने विधि-विधान एवं श्रद्धाभाव के साथ कलश वंदन किया तथा संत रविदास जी के जीवन, उनके विचारों और समाज में समरसता स्थापित करने के लिए किए गए उनके महान कार्यों पर विस्तृत चर्चा की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने कहा कि संत रविदास जी का जीवन मानवता, समानता, सामाजिक समरसता और भक्ति का अनुपम संदेश देता है। उन्होंने अपने आचरण और विचारों से समाज को जाति-पंथ के भेदभाव से ऊपर उठकर मानव मात्र की सेवा एवं सम्मान का मार्ग दिखाया। उनका संदेश आज भी समाज को एकता, भाईचारे और समरसता के सूत्र में बांधने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी की 650वीं जयंती केवल एक स्मरण का अवसर नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने और सामाजिक समरसता को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लेने का अवसर है। 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' जैसे उनके अमर संदेश ने भारतीय समाज को आंतरिक शुचिता, सदाचार और कर्म की महत्ता का मार्ग दिखाया।इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह, ललित सिंह, नकछेद दुबे, प्रदीप तिवारी, संजय रविदास, राम सजीवन रविदास, परशुराम रविदास, रघुराज रविदास, राम लखन रविदास, श्यामू रविदास सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने संत रविदास जी के आदर्शों पर चलने तथा सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और मानवता की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया।

### बच्चों संग भोजन कर एसडीएम ने परखी एमडीएम की गुणवत्ता



**महराजगंज/रायबरेली।** शासन की मंशा के अनुरूप गुरुवार को उपजिलाधिकारी चंद्रप्रकाश गौतम एवं खंड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव ने जूनियर हाई स्कूल महराजगंज का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ ही मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता परखी। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी चंद्रप्रकाश गौतम ने बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया और भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं व्यवस्था का प्रत्यक्ष रूप से जायजा लिया। अधिकारियों ने विद्यालय प्रशासन को बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के साथ विद्यालय की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। अधिकारियों के बच्चों के साथ बैठकर भोजन करने से विद्यालय में सकारात्मक माहौल देखने को मिला। निरीक्षण का उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ विद्यार्थियों तक बेहतर ढंग से पहुंचाना और व्यवस्थाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करना रहा।

# सरयू नदी का जलस्तर बढ़ा, दर्जनों गांव बाढ़ के पानी से घिरे; ग्रामीणों की बढ़ी मुश्किले

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ का पानी घुसने से लोगों का जनजीवन आज तक व्यस्त हो गया है गांव छोड़कर लोग पलायन कर रहे हैं राहत कार्य में कोई सहयोग नहीं हो रहा है**

**बस्ती।** बस्ती जिले सरयू नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से विक्रमजोत क्षेत्र के दर्जनों गांव बाढ़ के पानी से घिर गए हैं। गांवों के चारों ओर पानी भर जाने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों और किसानों को हो रही है। कई जगहों पर ग्रामीणों को आने-जाने के लिए नाव का सहारा लेना पड़ रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक, बाढ़ का पानी गांवों के आसपास भर जाने से बाजार और अन्य जरूरी कामों के लिए बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। बच्चों को स्कूल और कॉलेज जाने में भी काफी परेशानी हो रही है। वहीं, बाढ़ के कारण पशुपालकों के सामने पशुओं के चारे का संकट खड़ा हो गया है। बांध और नदी के बीच स्थित कई इलाकों में फसलें पानी में डूब गई हैं, जिससे किसानों को नुकसान की चिंता सताने लगी है। सरयू नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण कल्यानपुर, पड़ाव, चांदपुर, संदलपुर, बड़ागांव, त्रिलोकपुर, बेतावा, खेमराजपुर, शम्भूपुर, नरसिंहपुर, लकड़ी दूबे, लकड़ी पांडेय, पकड़ी संग्राम, अर्जुनपुर, माझा किता अव्वल और पूरे चेतन समेत कई गांव बाढ़ के पानी से प्रभावित हैं। पानी भरने से इन गांवों में लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो गई है बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों का कहना है कि अभी तक शासन-प्रशासन की ओर से कोई विशेष सहायता उपलब्ध नहीं कराई गई है। ग्रामीणों ने बताया कि घरों से बाहर निकलने के लिए सरकारी नाव की भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। इसके चलते लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर भी चिंता जताई है। उनका कहना है कि बाढ़ प्रभावित गांवों में अभी तक स्वास्थ्य विभाग की टीम नहीं पहुंची है। कई लोग खांसी, जुकाम और बुखार जैसी बीमारियों से परेशान हैं और दवा लेने के लिए उन्हें बाजार जाना पड़ रहा है। बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के लिए राजस्व विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। राजस्व निरीक्षक दिलीप सिंह और अमरनाथ के अलावा लेखपाल कामेश्वर प्रसाद रवि, अवधेश श्रीवास्तव और मोहम्मद गुलजार ने प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। राजस्व निरीक्षक दिलीप सिंह ने बताया कि एसडीएम और नायब तहसीलदार आनंद यादव ने भी बाढ़ प्रभावित गांवों का मौके पर पहुंचकर जायजा लिया है। प्रशासन की ओर से स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

# चौकड़ी टोल प्लाजा पर सुरक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में टूटे बोर्ड और झाड़ियों में छिपे संकेतक दे रहे हादसे को न्योता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**एक ही जिले मे कम दूरी दो टोल प्लाजा होने से आम जनता पर बोझ बना हुआ टोल टैक्स तो देते है लोग सड़क सुरक्षा साफ सफाई गड्ढों में तब्दील है**

**बस्ती।** बस्ती जिले में नेशनल हाईवे स्थित चौकड़ी टोल प्लाजा की बदहाल सुरक्षा व्यवस्था अब यात्रियों के लिए गंभीर खतरा बनती नजर आ रही है। टोल प्लाजा से पहले वाहन चालकों को सावधान करने और सही लेन की जानकारी देने के लिए लगाए गए कई दिशा सूचक व चेतावनी बोर्ड टूटकर क्षतिग्रस्त पड़े हैं। वहीं कई महत्वपूर्ण संकेतक झाड़ियों के बीच इस कदर छिप गए हैं कि वाहन चालक उन्हें समय रहते देख ही नहीं पाते। हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों के लिए यह लापरवाही कभी भी भारी पड़ सकती है। पर्याप्त दूरी से टोल प्लाजा की स्पष्ट जानकारी नहीं मिलने के कारण चालक अचानक टोल के सामने पहुंच सकते हैं। ऐसी स्थिति में अचानक ब्रेक लगाने लेन बदलने या वाहन को नियंत्रित करने के प्रयास में टक्कर और बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है। सवाल यह है कि जब हाईवे पर यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तो सुरक्षा संकेतकों की यह दुर्दशा आखिर किसकी जिम्मेदारी है बैरियर की घटना के बाद भी नहीं चेते जिम्मेदार चौकड़ी टोल प्लाजा पर हाल में बैरियर गिरने से अधिकारी की गाड़ी का शीशा टूटने की घटना भी सामने आ चुकी है। इस घटना के बावजूद टोल परिसर और उसके आसपास सुरक्षा व्यवस्था में अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं दे रहा।

टूटे बोर्ड और झाड़ियों में दबे संकेतक व्यवस्था की निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं।टोल वसूली पर जोर सुरक्षा व्यवस्था पर क्यों नहीं टोल प्लाजा से गुजरने वाले यात्रियों का कहना है कि वाहन चालकों से टोल शुल्क की वसूली में कोई लापरवाही नहीं बरती जाती लेकिन यात्रियों की सुरक्षित आवाजाही से जुड़े जरूरी इंतजामों की नियमित निगरानी क्यों नहीं हो रही यह बड़ा सवाल है। यदि संकेतक ही दिखाई नहीं देंगे तो वाहन चालकों को समय रहते सावधान कैसे किया जाएगा इस विषय में टोल प्लाजा मैनेजर का पक्ष जानने के लिए उनके मोबाइल नंबर पर कई बार फोन किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। ऐसे में टोल प्रबंधन की ओर से इस गंभीर मुद्दे पर कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आ सकी। बड़ा सवाल हादसे के बाद जागेंगे जिम्मेदार चौकड़ी टोल प्लाजा की तस्वीरें और मौके की स्थिति जिम्मेदारों की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही हैं। क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही जिम्मेदारों की नींद टूटेगी यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों से तत्काल निरीक्षण कर टूटे और क्षतिग्रस्त बोर्डों को दुरुस्त कराने झाड़ियों की सफाई कराने तथा पर्याप्त दूरी पर बड़े स्पष्ट और रात में दिखाई देने वाले चेतावनी संकेतक लगाने की मांग लोग उठा रहे हैं।

# सीएमओ से बकाया मानदेय की भुगतान करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**06 महीने के बकाया मानदेय की भुगतान करने की संविदाकर्मियों ने किया मांग**

**बस्ती।** बस्ती जिले में स्वास्थ्य संविदाकर्मियों के 06 महीने से बकाया मानदेय के भुगतान को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राजीव निगम से मांग की है। आपको बता दें कि बस्ती जनपद के अंतर्गत समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में अवनि परिधि एजेंसी के माध्यम से स्वास्थ विभाग में तैनात वार्ड बॉय व वार्ड आया/स्वीपर काम चौकीदार का फरवरी 2026 से जुलाई 2026 तक मानदेय न मिलने से सभी कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है जिसके कारण संविदाकर्मियों के समस्त परिवार भूखमरी के कगार पर है और परिवारों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सभी संविदाकर्मियों ने अपने बकाया मानदेय के भुगतान के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी बस्ती डा0 राजीव निगम से कई बार शिकायत किया था और मुलाकात भी किया था तो सीएमओ कार्यालय में बकाया मानदेय भुगतान की मांग करने पर जिम्मेदारों द्वारा संविदाकर्मियों को डराया धमकाया जाता है और कहा जाता है कि अगर ज्यादा मनमानी करोंगे तो कम्पनी से निकाल देंगे। संविदाकर्मियों ने मुख्यमंत्री से मांग किया है कि हम सभी कर्मचारियों के बकाये मानदेय का भुगतान कराने का आदेश दिया जाएं जिससे सभी संविदाकर्मियों के परिवार का भरण पोषण हो सके। मीडिया टीम से बातचीत में कुछ महिला कर्मचारियों ने कहा कि अगामी महीने अर्थात् अगस्त में रक्षा बंधन का त्योहार है यदि समय रहते बकाया मानदेय का भुगतान नहीं हुआ तो भाई- बहन का पवित्र त्योहार रक्षा बंधन फीका पड़ सकता है। जुलाई महीने में 05 माह का बकाया मानदेय का पैसा आ गया है लेकिन अभी तक बकाया मानदेय का अभी हो पाया है। अब बड़ी बात यह है कि जब शासन द्वारा संविदा कर्मियों के 05 महीने के बकाया मानदेय की धनराशि 29 जुलाई 2026 को आ गई तो संविदाकर्मियों के बकाया मानदेय का भुगतान क्यों नहीं किया जा रहा है? जिसको लेकर जिले में तरह- तरह की चर्चाएं चल रही है। अब देखना यह है कि सोशल मीडिया पर खबर वायरल होने के बाद संविदाकर्मियों के बकाया मानदेय का भुगतान हो पाता है या नहीं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राजीव निगम को ज्ञापन देते समय प्रमोद कुमार पाठक, अनिल कुमार मौर्य, शिव बहाल, विजय कुमार, दीनानाथ, विजय प्रताप मौर्य, सत्य प्रकाश, सुशील कुमार आदि समेत अन्य भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# दुखछोरनाथ धाम की आरसीसी सड़क बदहाल, गड्ढों में तब्दील मार्ग पर श्रद्धालु परेशान

## खंड विकास अधिकारी द्वारा कई बार जांच कराया गया फिर भी कार्रवाई नहीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के कप्तानगंज विकासखंड विकास कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल आरडी मैरेज हाल मरवटिया तिवारी से बाबा दुखछोरनाथ धाम जाने वाली आरसीसी सड़क कुछ वर्ष पूर्व लाखों रुपये की लागत से बनवाई गई आज बड़े बड़े गड्ढों में तब्दील देखकर यह पहचानना भी मुश्किल यह आरसीसी रोड या खड़ंजा. घटिया सामग्री से निर्माण होने की वजह से रोड क्षतिग्रस्त हो गया है कई बार शिकायत करने पर ना तो खंड विकास अधिकारी ध्यान दे रहे हैं ना जिले के जिम्मेदारी अधिकारी ध्यान दे रहे हैं जबकि हजारों श्रद्धालु रोज मंदिर पर आना-जाना लगा रहता है जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गई है खंड विकास अधिकारी से लेकर जिला अधिकारीको दिया गया प्रार्थना पत्र लेकिन कोई कार्रवाई नहीं

बाबा दुखछोरनाथ धाम में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन बदहाल सड़क पर श्रद्धालु लगातार चोटिल धार्मिक स्थल तक पहुंचने वाले इस महत्वपूर्ण मार्ग की दुर्दशा सड़क निर्माण के समय गुणवत्ता मानकों की अनदेखी लाखों की लागत से बनी सड़क कुछ ही वर्षों में टूट के जर्जर आये दिन क्षेत्र में दुर्घटनाएं होती रहती हैं लेकिन सबसे बड़ा सवाल लाखों रुपये खर्च कर बनाई गई आरसीसी सड़क कुछ ही वर्षों में गड्ढों मे इसकी गुणवत्ता की जांच किसने की निर्माण के समय तकनीकी निगरानी कैसी भुगतान से पहले सड़क की गुणवत्ता का सत्यापन किस आधार पर विडंबना जनपद के जनप्रतिनिधि आम श्रद्धालु बाबा दुखछोरनाथ धाम पहुंचकर आस्था के साथ अपनी मनोकामना मांगते लेकिन इसी धाम तक पहुंचने वाला मार्ग बदहाली की मार झेल रहा. ग्रामीण जनता सरकार का विकास ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिल रहा विकास कानाम पर लूट मची हुई है। देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी गड्ढों में तब्दील इस सड़क का संज्ञान कब लेते क्या जांच के बाद भ्रष्टाचार के आरोपों की सच्चाई सामने आएगी या जिम्मेदार जनप्रतिनिधि द्वारा दबाव डाल के गोल मटोल कर दिया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने कर-करेत्तर, राजस्व वसूली एवं राजस्व कार्यों की किया समीक्षा

## राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश, लक्ष्य पूर्ति में लापरवाही पर होगी कार्रवाई : जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कर-करेत्तर, राजस्व वसूली एवं राजस्व कार्यों (सीएम डैशबोर्ड) की मासिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को राजस्व वसूली में तेजी लाने तथा शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राजस्व वसूली में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत देय, खनन, आबकारी, परिवहन, नगर निकाय, स्टाम्प ड्यूटी, बाट-माप, जीएसटी सहित विभिन्न विभागों की राजस्व वसूली की समीक्षा की। उन्होंने कम प्रगति वाले विभागों को सुधार लाने तथा लक्ष्य के अनुरूप वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। जीएसटी वसूली की समीक्षा के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को वसूली में तेजी लाने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने को कहा। वहीं स्टाम्प विभाग की समीक्षा करते हुए स्टाम्प की कमी से संबंधित जारी आरसी की वसूली सुनिश्चित कराने तथा लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं को उसकी जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए। फीडबैक में प्राप्त बिंदुओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में रिट याचिकाओं, खतौनी अंश निर्धारण, स्वामित्व योजना, रोस्टर के अनुसार खतौनियों के दाखिले, एंटी भू-माफिया अभियान एवं अन्य राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि तालाब, चारागाह, चकरोड एवं अन्य सार्वजनिक भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को चिन्हित कर अभियान चलाकर कब्जा मुक्त कराया जाए। उन्होंने विभिन्न न्यायालयों में लंबित वादों की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन विभागों द्वारा आरसी जारी की गई है, वे राजस्व अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रभावी वसूली सुनिश्चित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ज्योति सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमृता सिंह, जिला आबकारी अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसबीआई अफसर ने पत्नी और बहन की हत्या के बाद खुद को मारी गोली

## पत्नी को बैंक के बाहर बुलाकर मारी गोली, घर पहुंचकर बहन की हत्या के बाद की आत्महत्या

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर थाना क्षेत्र में गुरुवार को सनसनीखेज वारदात सामने आई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के फील्ड ऑफिसर ने पहले अपनी बैंककर्मी पत्नी को कार्यालय के बाहर बुलाकर गोली मार दी। इसके बाद घर पहुंचकर अपनी बहन की भी गोली मारकर हत्या कर दी और खुद को गोली मारकर जान दे दी। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस को मौके से हथियार भी बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार, शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी ने वारदात को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया। घटना के पीछे घरेलू विवाद और पत्नी से चल रहा वैवाहिक विवाद प्रमुख कारणों में माना जा रहा है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार दोपहर करीब 12:05 बजे एसबीआई में फील्ड ऑफिसर के पद पर कार्यरत मानस बाजपेयी कार से गोमतीनगर क्षेत्र स्थित आईसी आईसीआई बैंक पहुंचा। उसकी पत्नी दिव्या मिश्रा बैंक में सहायक प्रबंधक के पद पर कार्यरत थीं और रिलेशनशिप मैनेजर के तौर पर जिम्मेदारी संभाल रही थीं। बताया जा रहा है कि बैंक पहुंचने के बाद मानस ने फोन कर दिव्या को कार्यालय से बाहर बुलाया। दोनों के बीच कुछ देर बातचीत हुई। इसके बाद मानस ने दिव्या को गोली मार दी और मौके से फरार हो गया। अचानक हुई गोलीबारी से बैंक परिसर और आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद पुलिस ने बैंक परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि आरोपी बैंक तक किस रास्ते से पहुंचा और वारदात के बाद किस रास्ते से अपने घर गया। पत्नी की हत्या के बाद मानस करीब 12:30 बजे अपने घर पहुंचा। बताया जा रहा है कि वह गोमतीनगर क्षेत्र में हुसड़िया चौराहे के पास किराये के मकान में अपनी बहन के साथ रहता था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घर पहुंचने के समय मानस काफी परेशान और पसीने से भीगा हुआ था। घर में दाखिल होने के बाद उसने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। इसके बाद उसने टीवी पर तेज आवाज में हनुमान चालीसा चला दी। कुछ देर बाद घर के भीतर से गोली चलने की आवाज सुनाई दी। पड़ोसियों को किसी अनहोनी की आशंका हुई तो वे मौके पर पहुंचे। दरवाजा अंदर से बंद होने के कारण पड़ोसियों ने उसे तोड़ दिया। कमरे के भीतर मानस और उसकी बहन शीबा खून से लथपथ पड़े मिले। पुलिस के पहुंचने तक दोनों की मौत हो चुकी थी।

# पाला बदलू नेता आज दूध के धुले बन रहे हैं' - जातिवाद, परिवारवाद और खूनी कांडों को जनता भूली नहीं।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कल तक कांग्रेस में थे, आज भाजपा में हैं। कल तक सपा में थे, आज भाजपा में हैं। सिद्धांत एक भी नहीं, बस सत्ता चाहिए। पूंजीपतियों के आगे नाक रगड़ते हैं, गुंडागर्दी करते हैं और भाषण में ईमानदारी की बात करते हैं।' उन्होंने पुरानी सरकारों को आड़े हाथों लेते हुए कहा: 'कांग्रेस, सपा, बसपा - सबका राज देखा है। इनके राज में जातिवाद चरम पर था, परिवारवाद चरम पर था।**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में भारतीय जन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजमोहन सिंह ने दल-बदल और अवसरवादी राजनीति पर करारा हमला बोला। सिंह ने कहा: 'जिनके हाथ जनता के खून से रंगे हैं, वही आज अपने आप को दूध का धुला बता रहे हैं। कल तक कांग्रेस में थे, आज भाजपा में हैं। कल तक सपा में थे, आज भाजपा में हैं। सिद्धांत एक भी नहीं, बस सत्ता चाहिए। पूंजीपतियों के आगे नाक रगड़ते हैं, गुंडागर्दी करते हैं और भाषण में ईमानदारी की बात करते हैं।' उन्होंने पुरानी सरकारों को आड़े हाथों लेते हुए कहा: 'कांग्रेस, सपा, बसपा - सबका राज देखा है। इनके राज में जातिवाद चरम पर था, परिवारवाद चरम पर था। 'चच्चा और दद्दा' की सरकार में उत्तर प्रदेश किस हाल में था, ये किसी से छिपा नहीं है। जिया उल हक कांड और अमरमणि त्रिपाठी कांड जैसी घटनाएं इसी दौर की देन हैं। क्या जनता ये सब भूल गई? 2014 से पहले भी लूट, अत्याचार और गुंडागर्दी हुई है। तब ऋस्र याद नहीं आया। अब चुनाव आया तो सबको देशभक्ति याद आ गई। ये सब सिर्फ दिखावा है।' राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि 'पाला बदलने से चरित्र नहीं बदलता। जनता सब हिसाब रख रही है। भारतीय जन समाज पार्टी न बिकेगी, न झुकेगी। हमारा एक ही एजेंडा है - गरीब, किसान और नौजवान की इज्जत। '

# निराश्रित पशुओं और अवैध डेयरियों के खिलाफ नगर निगम की बड़ी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** शहर में निराश्रित पशुओं और अवैध रूप से संचालित दूध डेयरियों के खिलाफ नगर निगम का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को पारा थाना क्षेत्र में नगर निगम की टीम ने पुलिस बल, प्रवर्तन दल और कैटिल कैचिंग दस्ते के सहयोग से विशेष अभियान चलाया। इस दौरान खुले में घूम रहे 46 पशुओं को पकड़कर कान्हा उपवन गौशाला में निरुद्ध कराया गया। नगर निगम के पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा के निर्देश पर चलाए गए अभियान में टीम ने 45 भैंस और एक भैंसा को पकड़ा। कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से संचालित दूध डेयरियों का भी निरीक्षण किया गया। टीम ने सार्वजनिक स्थानों पर पशुओं को खुले में रखने और उनसे होने वाली समस्याओं को लेकर संबंधित लोगों को कार्रवाई की चेतावनी दी। नगर निगम की संयुक्त टीम ने पिंक सिटी, गदियाना, बुद्धेश्वर, विहार कॉलोनी और काकोरी मोड़ क्षेत्र में अभियान चलाया। पुलिस बल की मौजूदगी में प्रवर्तन दल और कैटिल कैचिंग दस्ते ने पशुओं को पकड़कर निर्धारित स्थल पर पहुंचाया। नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक, शहर में खुले में घूमने वाले पशुओं के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित होने के साथ दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है।

# सत्वेश्वर मंदिर में गूंजा रामायण पाठ, महिलाओं ने संभाली धार्मिक अनुष्ठान की कमान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी करते हुए सामूहिक रूप से रामायण का पाठ किया और महिला शति एवं धार्मिक सहभागिता का संदेश दिया। रामायण पाठ के दौरान मंदिर परिसर भतिमय वातावरण से सराबोर नजर आया। महिलाओं ने श्रद्धा और आस्था के साथ रामायण की चौपाइयों का पाठ किया।**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सावन माह के पावन अवसर पर देशभर में भगवान शिव की पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का दौर जारी है। इसी क्रम में लखनऊ स्थित सत्य सत्वेश्वर महादेव मंदिर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान के तहत रामायण पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी करते हुए सामूहिक रूप से रामायण का पाठ किया और महिला शक्ति एवं धार्मिक सहभागिता का संदेश दिया। रामायण पाठ के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर नजर आया। महिलाओं ने श्रद्धा और आस्था के साथ रामायण की चौपाइयों का पाठ किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव एवं श्रीराम की आराधना कर सुख-शांति और लोककल्याण की कामना की। कार्यक्रम में मंदिर के महंत नारायण मिश्र ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कराई। उन्होंने धार्मिक अनुष्ठान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सावन माह में भगवान शिव की आराधना का विशेष महत्व है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक चेतना, आपसी भाईचारे और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। महंत नारायण मिश्र ने कहा कि रामायण पाठ और इस प्रकार के धार्मिक अनुष्ठानों का उद्देश्य विश्व शांति, जनकल्याण और समाज में सुख-समृद्धि की कामना करना है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी समाज में महिला शक्ति और उनकी धार्मिक-सांस्कृतिक भूमिका को भी मजबूत करती है। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से पूजा-अर्चना में हिस्सा लिया। मंदिर परिसर में पूरे कार्यक्रम के दौरान भजन, रामायण पाठ और धार्मिक मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय बना रहा। आयोजकों ने भविष्य में भी लोककल्याण और विश्व शांति की कामना को लेकर ऐसे धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाने की बात कही।

# खैराबाद में अमर शहीद अल्लामा फ़ज़ले हक़ खैराबादी की मनाई गई 165वीं पुण्य तिथि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खैराबाद सीतापुर।** स्थानीय मदरसा अल्लामा फजले हक खैराबादी मेमोरियल कॉलेज में 1857 के अमर शहीद मर्दे मुजाहिद जलील हज़रत अल्लामा फजले हक खैराबादी अलैहिर्रहमा की 165 वीं पुण्य तिथि पर मदरसा में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इससे पूर्व बच्चों एवं शिक्षकों ने प्रभात फेरी निकाल कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की प्रभात फेरी में बच्चे अल्लामा फजले हक़ अमर रहे मंगल पांडेय अमर रहे राजा हर प्रसाद अमर रहे सुभाष चंद्र बोस अमर रहे के जोशीले नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा सबसे पहले बच्चे अल्लामा फजले हक़ स्मारक पर पहुंच कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया इसके पश्चात स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी राजा हर प्रसाद के स्मारक पर पुष्पांजलि करके उन्हें याद किया गया।इस अवसर पर संस्था के संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष उच्च शिक्षा सेवा चयन आयोग इलाहाबाद तथा शिया पीजी कॉलेज के वाणिज्य विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉक्टर फिदा हुसैन अंसारी ने अपने एक संदेश में कहा कि अल्लामा फजले हक़ अलैहिर्रहमा की 1857 की कुर्बानी को कभी फरामोश यानी भुलाया नही जा सकता पर अफसोस है कि आज हमारी तारीख अर्थात इतिहास में कहीं भी आपका नाम तक नही दर्ज है। आपको जहां काले पानी की सज़ा दी गई जब वहां मै गया तो देखा कि बहुत कष्ट दाई जगह थी जहां पर अल्लामा फ़ज़ले हक़ को रखा गया था वहीं पर आपकी मज़ार भी बनी हुई है। इस संस्था की स्थापना करके काजिम हुसैन ने उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देने का काम किया है। संस्था के संस्थापक क़ाज़िम हुसैन ने अपने एक संदेश में कहा कि मालूम हो कि 1857 में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद अल्लामा फजले हक खैराबादी ने अंग्रेजों के खिलाफ जेहाद का फतवा दिया कि अंग्रेजों हिन्दुस्तान छोडो इसके बाद मुस्लिम समुदाय के लोग घरों से बाहर निकल करअंग्रेजों से युद्ध करने मैदान में आ गए जिसमे सैकड़ों की तादाद में उलमाए किराम मौलानाओं को क़त्ल कर दिया गया और आपको गिरफ्तार करके मुक़दमा चलाया गया 1859 में आपको काले पानी की सज़ा देते हुए अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के क़ैद खाने में काले पानी की सज़ा बोलते हुए क़ैदख़ाने में डाल दिया गया जेल यानी बैरक की हालत ये थी कि न सीधे खड़े हो सकते न लेट सकते थे इतनी सख़्त सज़ा दी गई तत्पश्चात 20 अगस्त 1861 को आप की मृत्यु उसी क़ैदख़ाने में हो गई थी। संस्था अध्यक्ष नजमुल हसन शोएब मियां तथा सहयोगी क़ारी इस्लाम अहमद आरफी ने संबोधित करते हुए कहा कि अल्लामा फ़ज़ले हक़ अलैहिर्रहमा की कुर्बानी को कभी भुलाया न जा सकेगा लेकिन अफ़सोस यह है कि जो स्थान उन्हें मिलना चाहिए था वो दिया नहीं गया उन्होंने सरकार से मांग करते हुए अपील किया कि अल्लामा फ़ज़ले हक़ खैराबादी और राजा हरि प्रसाद के नाम से क़स्बे की सीमा में प्रवेश करने के स्थान पर एक गेट बनाया जाए और अल्लामा के नाम से सामुदायिक केंद्र खैराबाद का नाम रखा जाए और एक डिग्री कॉलेज भी खोला जाए।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 82वीं जयंती पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गोष्ठी कर किया याद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिसवां सीतापुर।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 82वीं जयंती पर कांग्रेस जनो नै गोष्ठी कर उनको याद किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस के नगर अध्यक्ष अमर मेहरोत्रा ने कहा कि देश की जनता राजीव गांधी को कभी भूल नहीं पाएगी उन्होंने युवाओं को आगे बढ़ाने और युवाओं के लिए नई-नई योजनाएं लाने तथा कंप्यूटर को देश में लाकर एक नई क्रांति फैलाने का कार्य किया है। आरटीआई सेल के प्रदेश सचिव रजनीश मिश्रा ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने देश की प्रगति में अपना पूरा योगदान देते हुए देश को आगे बढ़ाया उन्होंने देश के लिए ही अपनी जान तक गवा दी ।उन्हें कभी भी भूला नहीं जा सकता । गोष्ठी में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने शिरकत कर स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने राजीव गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए देश के विकास, आधुनिक तकनीक, संचार क्रांति और युवाओं के लिए किए गए उनके कार्यों पर प्रकाश डाला। नगर के पूर्व नगर अध्यक्ष रमेश चंद गौड़ ने कहा ने कि राजीव गांधी ने भारत को आधुनिक और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की। गोष्ठी में मौजूद लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने और देशहित में कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान राजीव गांधी के विचारों एवं योगदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर राजेंद्र प्रसाद सिंह अधिवक्ता पवन कुमार मिश्रा सुशील शुक्ला कमल शुक्ला गौरव सेठ शहीद कई कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# निगोहां में ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, युवक का हाथ कुचला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**निगोहां, लखनऊ।** निगोहां कस्बे में गुरुवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। टक्कर के दौरान एक युवक का दाहिना हाथ ट्रक के पहिए के नीचे आ गया, जिससे हाथ गंभीर रूप से कुचल गया। दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी मोहनलालगंज भेजा गया। पुलिस के मुताबिक गुरुवार दोपहर करीब दो बजे ट्रक संख्या यूपी 81 एफटी 6510 का चालक तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चला रहा था। निगोहां कस्बे में ट्रक ने सामने से आ रही बाइक संख्या यूपी 32 एनके 7839 में टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में बाइक चला रहे सुखदेव पुत्र रामखेलावन निवासी लालपुर, थाना निगोहां को मामूली चोटें आईं। वहीं पीछे बैठे राजेश पुत्र शंकर निवासी लालपुर का दाहिना हाथ ट्रक के पहिए के नीचे आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही निगोहां पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर पुलिस अभिरक्षा में ले लिया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया हादसा ट्रक चालक की लापरवाही के कारण हुआ है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मीनापुर में किसान के घर धावा, लाखों के जेवरात व नकदी चोरी

**.......परिजनों ने करीब 40 लाख रुपये के सामान चोरी होने का किया दावा, फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड ने जुटाए साक्ष्य ।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के मीनापुर गांव में बुधवार रात बेखौफ चोरों ने किसान के घर को निशाना बनाकर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पार कर दी। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य घर के बाहर सो रहे थे। गुरुवार तड़के करीब 4:30 बजे घर का दरवाजा खुलने पर चोरी की जानकारी हुई। घर में सामान बिखरा मिलने और कमरों की कुंडी टूटी देखकर परिजनों में हड़कंप मच गया। मीनापुर निवासी जितेन्द्र यादव पुत्र अवधेश यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार रात परिवार के सभी सदस्य घर के बाहर सो रहे थे। गुरुवार सुबह करीब 4:30 बजे उनकी भाभी ने घर का दरवाजा खोला तो छत में लगी खिड़की टूटी मिली। अंदर जाकर देखा तो दो कमरों की कुंडी कटी हुई थी। अलमारी में रखे चांदी के जेवरात और करीब 10 हजार रुपये की नकदी गायब थी। कमरों में सामान भी बिखरा पड़ा था। परिजनों का दावा है कि चोरी गए जेवरात और अन्य सामान की कीमत करीब 40 लाख रुपये है। हालांकि चोरी हुए सामान की वास्तविक कीमत पुलिस की जांच और सत्यापन के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

### फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड ने जुटाए साक्ष्य

चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड को बुलाकर मौके से साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस के आला अधिकारियों ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना की जानकारी ली। एसीपी मोहनलालगंज राजेश कुमार सिंह अवकाश पर होने के बावजूद मौके पर पहुंचे और पुलिस टीम को जल्द घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस


एसीपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया था। फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड की मदद से साक्ष्य जुटाए गए हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पीड़ित परिवार से चोरी हुए जेवरात और अन्य सामान की जानकारी ली जा रही है। घटना के खुलासे के लिए पुलिस की कई टीमें लगाई गई हैं। साक्ष्यों के आधार पर चोरों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

### चौकी पुलिस की गश्त पर ग्रामीणों ने उठाए सवाल

घटना के बाद ग्रामीणों ने सिसेंडी चौकी पुलिस की गश्त और निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए रात में पुलिस गश्त और निगरानी बढ़ाई जानी चाहिए। इतनी बड़ी चोरी की वारदात से ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों ने पुलिस से जल्द चोरों को गिरफ्तार कर चोरी गया माल बरामद करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज और घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर चोरों की तलाश में जुटी है।

# एयरपोर्ट के आसपास अनाधिकृत निर्माण पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एयरपोर्ट एनवायरनमेंट मैनेजमेंट कमेटी की बैठक गुरुवार को मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में एयरपोर्ट की सुरक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, कूड़ा प्रबंधन, अनधिकृत निर्माण और आसपास संचालित मांस की दुकानों सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में लखनऊ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के मुख्य हवाई अड्डा अधिकारी दर्शन सिंह समेत विभिन्न सरकारी विभागों, स्थानीय निकायों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और एयरपोर्ट से जुड़े हितधारकों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि एयरपोर्ट की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और चिन्हित समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने विमानन गतिविधियों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ, संरक्षित और टिकाऊ वातावरण बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। बैठक में एयरपोर्ट के आसपास संचालित अनधिकृत मांस की दुकानों और कचरा निस्तारण की समस्या पर विशेष चर्चा हुई। मंडलायुक्त ने नगर निगम तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को संयुक्त टीम गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने दोनों विभागों को डेटा आधारित संयुक्त निगरानी तंत्र विकसित करने को कहा। इसके माध्यम से पिछले माह और वर्तमान माह के आंकड़ों की तुलना करते हुए अनधिकृत रूप से संचालित मांस की दुकानों की संख्या का पता लगाया जाएगा। चिन्हित दुकानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। मंडलायुक्त ने एयरपोर्ट के आसपास अनधिकृत रूप से कूड़ा डंप करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मकानों और दुकानों को चिह्नित किया जाए, जहां से निर्धारित व्यवस्था के अनुसार नगर निगम की डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण सेवा को कूड़ा नहीं दिया जा रहा है। इसके साथ ही ऐसे व्यक्तियों और प्रतिष्ठानों की अलग सूची तैयार करने को कहा गया, जो एयरपोर्ट के आसपास अथवा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकते या डंप करते हैं। संबंधित लोगों के खिलाफ जुर्माना, चालान और अन्य विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मंडलायुक्त ने नगर निगम अधिकारियों को एयरपोर्ट के आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में कूड़ा उठाने वाले वाहनों की नियमित आवाजाही सुनिश्चित करने को कहा। विशेष रूप से अमौसी मार्केट, बिजनौर तिराहा और रहीमाबाद समेत एयरपोर्ट से सटे क्षेत्रों में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कोई भी क्षेत्र कूड़ा संग्रहण सेवा से वंचित नहीं रहना चाहिए। कूड़ा संग्रहण वाहनों के मार्ग और फेरे निर्धारित कर उनकी प्रभावी निगरानी की जाए। जरूरत के अनुसार अतिरिक्त फेरे बढ़ाए जाएं, ताकि सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा जमा न हो। बैठक में एयरपोर्ट के आसपास अनधिकृत निर्माण और ऊंची इमारतों के निर्माण का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। मंडलायुक्त ने लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिया कि एयरपोर्ट परिसर के आसपास हो रहे निर्माण कार्यों का तत्काल सर्वेक्षण कराया जाए।

# अतिक्रमण और प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ नगर निगम का सघन अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** शहर में अतिक्रमण, गंदगी और प्रतिबंधित प्लास्टिक के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए नगर निगम ने गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों में सघन अभियान चलाया। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर चलाए गए अभियान में दुकानों और प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करने के साथ अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। नियमों का उल्लंघन करने वालों से जुर्माना और शमन शुल्क वसूला गया। जोन-8 के सेक्टर-एच, रजनीखंड से तेलीबाग तक नगर निगम की टीम ने अभियान चलाया। इस दौरान 25 से अधिक दुकानों और प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। जांच में गंदगी मिलने पर 49,200 रुपये का अर्थदंड लगाया गया, जबकि प्रतिबंधित प्लास्टिक के इस्तेमाल पर 1,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इस प्रकार जोन-8 में कुल 50,200 रुपये का अर्थदंड नगर निगम कोष में जमा कराया गया। अभियान के दौरान 100 ग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक भी जब्त की गई। अभियान में जोनल सेनेटरी अधिकारी जितेंद्र कुमार गांधी, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मो. नईम, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक वीरभद्र सिंह, सत्येंद्रनाथ और मीरा राव सहित प्रवर्तन दल एवं 296 टीम के सदस्य मौजूद रहे। जोन-5 क्षेत्र में आलमबाग चौराहे से एलडीए मार्केट, बालाजी ढाबा, आलमबाग बस अड्डा, टेढ़ी पुलिया होते हुए मवैया मेट्रो स्टेशन तक दोनों पटरियों पर अभियान चलाया गया।

# संपादकीय

## राष्ट्रीय गीत के प्रति दुर्भाग्यपूर्ण रवैया

राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' को लेकर जिस तरह का विवाद खड़ा किया जा रहा है, वह दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर सम्मान का भाव होना चाहिए। किसी दल या नेता की विचारधारा से असहमति हो सकती है, लेकिन राष्ट्र की एकता और स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े प्रतीकों को राजनीतिक विवाद का विषय बनाना उचित नहीं है। कांग्रेस के केंद्रीय कार्यालय में 'वंदे मातरम' के गायन को लेकर सामने आए दृश्य और उसके बाद नेताओं की ओर से दी गई सफाई ने विवाद को और गहरा कर दिया है। यदि गीत के पूर्ण गायन को लेकर कोई ऐतिहासिक या परंपरागत आधार प्रस्तुत किया जा रहा है, तो उस पर सार्वजनिक रूप से स्पष्ट और तथ्यपूर्ण चर्चा होनी चाहिए। महज राजनीतिक बयानबाजी से राष्ट्रीय गीत जैसे संवेदनशील विषय का समाधान नहीं हो सकता। इतिहास बताता है कि 'वंदे मातरम' भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में केवल एक गीत नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना और स्वाधीनता की भावना का सशक्त प्रतीक रहा है। 19वीं शताब्दी के अंतिम वर्षों से लेकर स्वतंत्रता आंदोलन के विभिन्न चरणों तक इस गीत ने देशवासियों में राष्ट्रभाव जगाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। बाद में इसके कुछ अंशों को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ और कांग्रेस ने इसके गायन के स्वरूप में परिवर्तन स्वीकार किया। उस समय परिस्थितियां अलग थीं और देश विभाजन की ओर बढ़ रहा था। लेकिन स्वतंत्र भारत में इन ऐतिहासिक निर्णयों की समीक्षा तथ्यों और संवैधानिक मर्यादाओं के आधार पर होनी चाहिए, न कि राजनीतिक सुविधा के आधार पर। यह भी समझना होगा कि राष्ट्रीय गीत और राष्ट्रगान दोनों ही देश की सामूहिक चेतना के प्रतीक हैं। इनके सम्मान को किसी समुदाय विशेष की भावनाओं के विरुद्ध खड़ा करना राष्ट्रीय एकता के हित में नहीं है। भारत की शक्ति उसकी विविधता में है और इसी विविधता के बीच राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति साझा सम्मान लोकतांत्रिक राष्ट्रवाद की आधारशिला है। राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी इस मामले में और भी बढ़ जाती है। कांग्रेस स्वतंत्रता आंदोलन की प्रमुख राजनीतिक शक्ति रही है। इसलिए उससे यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि वह राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रश्न पर स्पष्ट और संतुलित दृष्टिकोण अपनाए। दूसरी ओर, भाजपा सहित अन्य दलों को भी ऐसे विषयों को राजनीतिक ध्रुवीकरण का माध्यम बनाने से बचना चाहिए। राष्ट्रभक्ति को दलगत राजनीति का हथियार बनाने के बजाय इसे सामाजिक एकता का माध्यम बनाया जाना चाहिए। 'वंदे मातरम' के इतिहास को लेकर अनेक राजनीतिक दावे किए जा रहे हैं। ऐसे में इतिहास को राजनीतिक चश्मे से देखने के बजाय प्रमाणित तथ्यों के आधार पर समझने की आवश्यकता है। 1937 में इसके गायन को लेकर हुए निर्णयों के पीछे तत्कालीन राजनीतिक परिस्थितियां थीं। स्वतंत्रता के बाद भी इस विषय पर व्यापक राजनीतिक विमर्श नहीं हुआ। इसलिए आज यदि इस मुद्दे पर चर्चा हो रही है तो उसे आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित रखने के बजाय पूरे ऐतिहासिक संदर्भ में देखा जाना चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत को किसी भी समुदाय की धार्मिक या राजनीतिक पसंद-नापसंद के आधार पर नहीं, बल्कि संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और साझा राष्ट्रीय चेतना के आधार पर आगे बढ़ना है। किसी गीत को गाना या न गाना व्यक्तिगत स्तर पर अलग विषय हो सकता है, लेकिन सार्वजनिक संस्थाओं और राजनीतिक संगठनों को राष्ट्रीय प्रतीकों के सम्मान के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। आज आवश्यकता इस बात की है कि 'वंदे मातरम' को लेकर खड़ा हुआ विवाद राजनीतिक कटुता बढ़ाने के बजाय राष्ट्रीय संवाद का अवसर बने। इतिहास के पन्नों को कुरेदकर एक-दूसरे पर आरोप लगाने से देश मजबूत नहीं होगा। राष्ट्रगीत के सम्मान के साथ-साथ नागरिकों की विविध आस्थाओं और संवैधानिक अधिकारों का सम्मान भी उतना ही आवश्यक है। राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान किसी दल की बपौती नहीं है। 'वंदे मातरम' स्वतंत्रता संघर्ष की उस भावना का प्रतीक है, जिसने करोड़ों भारतीयों को गुलामी के विरुद्ध खड़ा होने की प्रेरणा दी। इसलिए इस पर राजनीति करने के बजाय इसकी ऐतिहासिक विरासत, राष्ट्रीय भावना और संवैधानिक मर्यादा—तीनों के बीच संतुलन कायम करना ही समय की सबसे बड़ी जरूरत है।

## रोजाना लहसुन की 1-2 कलियां डाइट में करें शामिल

भारतीय रसोई में लहसुन का इस्तेमाल स्वाद और खुशबू बढ़ाने के लिए लंबे समय से किया जाता रहा है। सब्जी, दाल, चटनी और सूप से लेकर कई व्यंजनों में इसका उपयोग होता है। हालांकि लहसुन केवल भोजन का स्वाद बढ़ाने वाली सामग्री नहीं है, बल्कि इसमें कई ऐसे प्राकृतिक यौगिक पाए जाते हैं, जो संतुलित आहार का हिस्सा बनने पर स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हो सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, सीमित मात्रा में लहसुन का सेवन हृदय स्वास्थ्य, रक्तचाप, पाचन और शरीर में होने वाले ऑक्सीडेटिव तनाव से बचाव में मदद कर सकता है। हालांकि इसे किसी बीमारी का इलाज नहीं माना जाना चाहिए और इसका सेवन व्यक्ति की स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार ही करना बेहतर है। लहसुन के सेवन को उच्च रक्तचाप वाले लोगों के लिए संभावित रूप से लाभकारी माना जाता है। कुछ वैज्ञानिक अध्ययनों में पाया गया है कि नियमित रूप से लहसुन का सेवन रक्तचाप को कुछ हद तक कम करने में मदद कर सकता है। लहसुन में मौजूद सल्फर यौगिक रक्त वाहिकाओं के सामान्य कार्य में मदद कर सकते हैं, जिससे रक्त प्रवाह बेहतर बनाए रखने में सहायता मिल सकती है। हालांकि जिन लोगों को उच्च रक्तचाप की समस्या है, उन्हें डॉक्टर की ओर से दी गई दवाओं को बंद करके केवल लहसुन पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। लहसुन को हृदय स्वास्थ्य के लिए भी उपयोगी माना जाता है। संतुलित आहार के हिस्से के रूप में इसका सेवन खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कुछ हद तक कम करने में मदद कर सकता है। इससे हृदय को स्वस्थ रखने में सहायता मिल सकती है।




**मेष:** आज का दिन उत्साह और आत्मविश्वास से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। परिवार में किसी बात को लेकर मतभेद हो सकता है, संयम रखें।

**वृषभ:** रुके हुए काम पूरे होने के योग हैं। व्यापार में लाभ मिल सकता है। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। अनावश्यक खर्च से बचें।

**मिथुन:** आज कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बनी रहेगी। किसी पुराने मित्र से मुलाकात मन प्रसन्न कर सकती है। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा।

**कर्क:** दिन आपके पक्ष में रहेगा। मेहनत का अच्छा परिणाम मिल सकता है। नौकरी में पद और प्रतिष्ठा बढ़ने के योग हैं। निवेश से पहले अच्छी तरह विचार करें। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

**सिंह:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। व्यापार में लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी करीबी से मनमुटाव हो सकता है, बातचीत से समाधान निकालें।

**कन्या:** आज आपको अपने कार्यों में सफलता मिल सकती है। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई में अच्छे परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें।

**तुला:** दिन मिलाजुला रहेगा। कार्यस्थल पर अतिरिक्त जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। परिवार में सुख-शांति रहेगी। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक:** आज कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ सकता है। व्यापार में नई संभावनाएं सामने आएंगी। धन संबंधी मामलों में लाभ होगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें और विवाद से दूर रहें।

**धनु:** दिन सकारात्मक रहेगा। लंबे समय से अटका कार्य पूरा हो सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। परिवार का सहयोग मिलेगा। खर्च बढ़ सकता है, बजट का ध्यान रखें।

**मकर:** आज मेहनत का पूरा लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिभा की सराहना होगी। आर्थिक मामलों में स्थिति मजबूत होगी। किसी पुराने परिचित से लाभ मिल सकता है।

**कुंभ:** नई योजनाओं पर काम करने के लिए दिन अच्छा है। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। नौकरी में बदलाव का विचार कर रहे हैं तो जल्दबाजी न करें। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**मीन:** आज भाग्य का साथ मिलेगा। सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में मान-सम्मान बढ़ेगा। धन लाभ के योग हैं। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी।

# अदालत और फर्जी मुकदमे: तारीख पर तारीख और सरकार की निष्क्रियता



राजीव शुक्ला -(संपादक)

लोकतंत्र में अदालत नागरिक के अंतिम भरोसे का स्थान होती है। जब किसी व्यक्ति के साथ अन्याय होता है, जब प्रशासनिक व्यवस्था उसकी बात नहीं सुनती या जब उसके अधिकारों का उल्लंघन होता है, तब उसकी नजर न्यायपालिका की ओर जाती है। लेकिन यही भरोसा तब कमजोर पड़ने लगता है, जब न्याय पाने के लिए वर्षों तक अदालतों के चक्कर लगाने पड़ें, एक ही मामले में बार-बार तारीख मिले और मुकदमे का अंत दिखाई न दे। इससे भी गंभीर स्थिति तब पैदा होती है, जब किसी व्यक्ति को परेशान करने, दबाव बनाने या उसकी आवाज दबाने के लिए मुकदमेबाजी का दुरुपयोग किया जाए। भारत में न्यायिक प्रक्रिया की सबसे बड़ी चुनौतियों में मुकदमों का लंबा खिंचना, अदालतों पर बढ़ता बोझ, जांच में देरी, सरकारी विभागों की लापरवाही और अनावश्यक मुकदमेबाजी शामिल हैं। आम नागरिक के लिए अदालत केवल कानून की किताबों का विषय नहीं है। उसके लिए अदालत का मतलब है–समय, पैसा, वकील की फीस, यात्रा, मानसिक तनाव और हर तारीख के साथ बढ़ती अनिश्चितता। 'तारीख पर तारीख' भारतीय न्याय व्यवस्था पर होने वाली चर्चाओं में एक लोकप्रिय वाक्य बन चुका है, लेकिन इसके पीछे आम आदमी की वास्तविक पीड़ा छिपी है। किसी मुकदमे की सुनवाई टलने का अर्थ केवल कैलेंडर में अगली तारीख जुड़ जाना नहीं होता। इसका अर्थ है कि शिकायतकर्ता या आरोपी को फिर अदालत जाना पड़ेगा, फिर खर्च करना पड़ेगा और फिर यह इंतजार करना पड़ेगा कि शायद अगली बार मामले में कुछ प्रगति हो। कई मामलों में सुनवाई टलने के कारण अलग-अलग हो सकते हैं–वकील की अनुपस्थिति, गवाह का न आना, दस्तावेजों की कमी, जांच पूरी न होना, सरकारी पक्ष की तैयारी का अभाव या अदालत के सामने मामलों की अत्यधिक संख्या। हर स्थगन अपने पीछे एक प्रशासनिक कारण रख सकता है, लेकिन उसका बोझ अंततः मुकदमे से जुड़े व्यक्ति को ही उठाना पड़ता है। न्याय में देरी का सबसे बड़ा नुकसान यह है कि समय बीतने के साथ न्याय की उपयोगिता भी प्रभावित होती है। गवाह बूढ़े हो जाते हैं, दस्तावेज उपलब्ध नहीं रहते, घटनाओं की स्मृति कमजोर पड़ती है और कई बार पीड़ित तथा आरोपी दोनों अपनी जिंदगी का बड़ा हिस्सा मुकदमे के इंतजार में गुजार देते हैं। फर्जी या दुर्भावनापूर्ण मुकदमा न्याय व्यवस्था के लिए दोहरी चुनौती है। पहला नुकसान उस व्यक्ति का होता है जिसके खिलाफ गलत या आधारहीन मामला दर्ज किया गया। दूसरा नुकसान पूरी न्याय व्यवस्था का होता है, क्योंकि अदालत का समय ऐसे विवाद में खर्च होता है जिसे शुरुआत में ही गंभीर जांच और कानूनी कसौटी पर परखा जाना चाहिए था। यह भी समझना जरूरी है कि किसी मामले में आरोप सिद्ध न होना और मुकदमा शुरू से ही फर्जी होना एक ही बात नहीं है। इसलिए किसी भी मामले को 'फर्जी' कहने से पहले निष्पक्ष जांच और न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान आवश्यक है। लेकिन जहां स्पष्ट रूप से दुर्भावना, झूठे दस्तावेज, गलत तथ्य या किसी व्यक्ति को प्रताड़ित करने की मंशा सामने आती है, वहां व्यवस्था को कठोरता से प्रतिक्रिया देनी चाहिए। यदि किसी निर्दोष व्यक्ति को वर्षों तक मुकदमा झेलना पड़े और अंत में वह बरी हो जाए, तो केवल बरी होना उसके खोए हुए समय, धन और सामाजिक प्रतिष्ठा की पूरी भरपाई नहीं करता। न्यायपालिका पर मुकदमों का बोझ बढ़ने की चर्चा अक्सर होती है, लेकिन न्यायिक देरी को केवल अदालतों की समस्या मानना अधूरा दृष्टिकोण है। सरकार, पुलिस, जांच एजेंसियां, अभियोजन व्यवस्था और प्रशासन भी न्याय प्रक्रिया के महत्वपूर्ण हिस्से हैं। यदि जांच समय पर पूरी नहीं होती, चार्जशीट में अनावश्यक देरी होती है, सरकारी विभाग बार-बार स्थगन मांगते हैं या अदालत के आदेशों का पालन समय पर नहीं होता, तो न्यायिक प्रक्रिया स्वाभाविक रूप से धीमी होगी। सरकारी मुकदमेबाजी भी एक बड़ा सवाल है। सरकार स्वयं देश की सबसे बड़ी मुकदमेबाज संस्थाओं में से एक है। यदि विभाग छोटी-छोटी बातों पर अपील करते रहें, पुराने विवादों को बातचीत या प्रशासनिक स्तर पर सुलझाने के बजाय अदालत तक ले जाएं और फिर अदालत में प्रभावी पैरवी न करें, तो इससे न्यायालयों पर अनावश्यक भार पड़ता है। सरकार की जिम्मेदारी केवल कानून बनाना नहीं, बल्कि ऐसी प्रशासनिक संस्कृति विकसित करना भी है जिसमें नागरिक को हर समस्या का समाधान अदालत में खोजने के लिए मजबूर न होना पड़े। किसी आपराधिक मुकदमे की गुणवत्ता काफी हद तक शुरुआती जांच पर निर्भर करती है। यदि प्राथमिकी, साक्ष्य, गवाहों के बयान और वैज्ञानिक जांच मजबूत हों तो अदालत के सामने तथ्य स्पष्ट रूप से रखे जा सकते हैं। इसके विपरीत कमजोर जांच मुकदमे को लंबा और जटिल बना सकती है। इसीलिए पुलिस सुधार और जांच व्यवस्था में तकनीकी क्षमता बढ़ाना जरूरी है।

> आम नागरिक के लिए अदालत केवल कानून की किताबों का विषय नहीं है। उसके लिए अदालत का मतलब है–समय, पैसा, वकील की फीस, यात्रा, मानसिक तनाव और हर तारीख के साथ बढ़ती अनिश्चितता। '

फोरेंसिक सुविधाएं, डिजिटल साक्ष्य की वैज्ञानिक जांच, प्रशिक्षित जांच अधिकारी और समयबद्ध जांच–ये सभी न्याय में तेजी लाने के महत्वपूर्ण साधन हो सकते हैं। लेकिन तेजी का अर्थ यह नहीं होना चाहिए कि निर्दोष व्यक्ति को जल्दबाजी में आरोपी बना दिया जाए। न्याय की गति और न्याय की गुणवत्ता दोनों का संतुलन जरूरी है। एक संपन्न व्यक्ति वर्षों तक चलने वाले मुकदमे का खर्च किसी हद तक उठा सकता है, लेकिन गरीब नागरिक के लिए लंबा मुकदमा उसके पूरे परिवार की आर्थिक स्थिति को प्रभावित कर सकता है। वकील की फीस, यात्रा, दस्तावेज, काम से छुट्टी और अदालत की तारीख–ये सब मिलकर उसके लिए भारी बोझ बन सकते हैं। कई गरीब लोग केवल इसलिए समझौता कर लेते हैं क्योंकि वे वर्षों तक मुकदमा लड़ने की आर्थिक क्षमता नहीं रखते। इसलिए न्याय तक पहुंच का सवाल केवल अदालतों की संख्या बढ़ाने से हल नहीं होगा। कानूनी सहायता को मजबूत करना, प्रक्रियाओं को सरल बनाना और गरीब नागरिक को समय पर गुणवत्तापूर्ण कानूनी सलाह उपलब्ध कराना भी उतना ही जरूरी है। हर विवाद का समाधान वर्षों तक अदालत में चलना जरूरी नहीं है। सुलह, मध्यस्थता और अन्य वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणालियां ऐसे मामलों में उपयोगी हो सकती हैं जहां पक्षकार बातचीत से समाधान चाहते हों। लेकिन इसके लिए नागरिकों में जागरूकता और संस्थागत भरोसा दोनों आवश्यक हैं। मध्यस्थता तभी प्रभावी होगी जब पक्षकारों को विश्वास हो कि वहां निष्पक्ष समाधान मिलेगा और उनके अधिकार सुरक्षित रहेंगे। देश में न्यायिक सुधार की चर्चा लंबे समय से होती रही है, लेकिन अब इसे केवल चर्चा का विषय नहीं बल्कि प्रशासनिक प्राथमिकता बनाना होगा। अदालतों में रिक्त पदों को भरना, न्यायिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, तकनीक का बेहतर इस्तेमाल करना, मामलों की प्रभावी केस-मैनेजमेंट प्रणाली विकसित करना और अनावश्यक स्थगन को सीमित करना जरूरी है। साथ ही, ऐसे मुकदमों की पहचान भी आवश्यक है जिनमें वर्षों से कोई वास्तविक प्रगति नहीं हुई है। पुराने मामलों की नियमित समीक्षा और प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई से न्यायिक व्यवस्था को राहत मिल सकती है। झूठे मुकदमे दर्ज कराने की प्रवृत्ति पर नियंत्रण जरूरी है, लेकिन इसके नाम पर वास्तविक शिकायतों को दबाना उससे भी बड़ा अन्याय होगा। इसलिए व्यवस्था को दो बातों के बीच संतुलन बनाना होगा–पीड़ित को शिकायत का अधिकार मिले और निर्दोष व्यक्ति को झूठे मुकदमे से सुरक्षा। जांच के शुरुआती स्तर पर तथ्यों की गंभीरता से समीक्षा, झूठे आरोप साबित होने पर कानून के अनुरूप कार्रवाई और दुर्भावनापूर्ण मुकदमेबाजी के मामलों में प्रभावी न्यायिक उपाय इस दिशा में मददगार हो सकते हैं। न्याय व्यवस्था का उद्देश्य केवल अंतिम फैसला सुनाना नहीं है। न्याय का अर्थ है कि नागरिक को समय पर सुना जाए, निष्पक्ष प्रक्रिया मिले और निर्णय उचित समय में हो। यदि किसी व्यक्ति को न्याय मिलने में इतना समय लग जाए कि फैसला आने तक उसकी जिंदगी के महत्वपूर्ण वर्ष बीत जाएं, तो व्यवस्था को स्वयं से सवाल करना चाहिए कि उसकी प्रक्रिया में कहां सुधार की जरूरत है। अदालतें लोकतंत्र की रक्षा की महत्वपूर्ण संस्थाएं हैं, इसलिए उन पर बढ़ता बोझ केवल न्यायपालिका की समस्या नहीं, बल्कि लोकतंत्र की समस्या है। सरकार, पुलिस, अभियोजन, न्यायपालिका और समाज–सभी को अपनी भूमिका निभानी होगी।

# बलरामपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से सशक्त होतीं ग्रामीण महिलाएं

प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप ग्रामीण विकास के लिए संचालित योजना 'राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन' जनपद बलरामपुर में महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन का एक प्रभावी माध्यम बनकर उभरी है। सुदूर ग्रामीण अंचलों में निर्धन परिवारों की महिलाओं को संगठित कर उन्हें आजीविका के अवसरों से जोड़ने के सुनियोजित प्रयास अब धरातल पर व्यापक सामाजिक और आर्थिक बदलाव ला रहे हैं। जनपद बलरामपुर में वर्तमान में 13,524 महिला स्वयं सहायता समूह पूरी सक्रियता के साथ कार्य कर रहे हैं। इन समूहों के माध्यम से हजारों ग्रामीण परिवारों को आर्थिक संबल प्राप्त हुआ है। पारंपरिक रूप से घर की चारदीवारी तक सीमित रहने वाली यहां की ये महिलाएं आज संगठित होकर वित्तीय प्रबंधन, उद्यमिता और सामाजिक विकास की मुख्य धारा में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। जिला प्रशासन के समन्वय से इन स्वयं सहायता समूहों को स्वावलंबी बनाने के लिए त्रिस्तरीय वित्तीय एवं संस्थागत सहयोग प्रणाली लागू की गई है। समूहों को रिवाल्विंग फंड, सामुदायिक निवेश निधि और बैंकों के माध्यम से सुलभ ऋण की सुविधाएं समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस वित्तीय समावेशन से ग्रामीण महिलाएं अपनी वित्तीय आवश्यकताओं के लिए साहूकारों के चंगुल से पूरी तरह मुक्त होकर आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर हुई हैं। इस मिशन का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण परिवारों की वार्षिक आय में स्थायी वृद्धि करते हुए महिलाओं को 'लखपति दीदी' की श्रेणी में लाना है। इसके लिए प्रति परिवार न्यूनतम एक लाख रुपये की वार्षिक आमदनी सुनिश्चित करने का रोडमैप तैयार किया गया है। वित्तीय साक्षरता, कौशल विकास प्रशिक्षण और उद्यम स्थापना के माध्यम से महिलाओं को आय के विविध स्रोतों से जोड़ा जा रहा है। बलरामपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका स्रोतों को बढ़ाने के प्रयासों के तहत कृषि और गैर-कृषि दोनों क्षेत्रों में विविध गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। समूह से जुड़ी महिलाएं आधुनिक कृषि पद्धतियों, पशुपालन, डेयरी संचालन के साथ-साथ सिलाई-कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर, किराना व्यवसाय, दोना-पत्तल निर्माण, खाद्य प्रसंस्करण और स्थानीय हस्तशिल्प जैसे सूक्ष्म उद्यमों का सफलतापूर्वक प्रबंधन कर रही हैं। जनपद के सदर विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत हंसुआडोल की निवासी शीतला देवी का उदाहरण इस मिशन की सफलता की एक मिसाल है। लगभग दो वर्ष पूर्व स्वयं सहायता समूह से जुड़कर उन्होंने वित्तीय सहायता के रूप में लगभग 70 हजार रुपये की धनराशि प्राप्त की थी। इस पूंजी से उन्होंने अपने परिवार के सहयोग से किराना दुकान एवं ब्यूटी पार्लर का कार्य प्रारंभ किया। उद्यम में निरंतर प्रगति के उपरांत शीतला देवी ने आधुनिक दोना-पत्तल निर्माण मशीन स्थापित कर अपने व्यवसाय का विस्तार किया। आज उनका उद्यम न केवल उनके पारिवारिक जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में सफल रहा है, बल्कि उन्होंने गांव के चार अन्य व्यक्तियों को भी अपने यहां नियमित रोजगार उपलब्ध कराया है। शीतला देवी आज पूरे जनपद में एक सफल और अनुकरणीय 'लखपति दीदी' के रूप में पहचानी जा रही हैं। जनपद में स्थापित 13,524 समूहों के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था का स्वरूप बदल रहा है। जिला प्रशासन द्वारा स्वयं सहायता समूहों, ग्राम संगठनों और संकुल स्तरीय संघों का सुदृढ़ नेटवर्क तैयार किया गया है, जिससे अंतिम पायदान पर खड़ी महिला तक विकास योजनाओं और वित्तीय सेवाओं की सीधी पहुंच सुनिश्चित हो रही है। प्रदेश स्तर पर शुरू की गई नवाचारी पहलों का भी जनपद में प्रभावी क्रियान्वयन देखने को मिल रहा है। समूह की महिलाओं को बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट और विद्युत सखी जैसी विशिष्ट जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। ये दीदियां घर-घर जाकर डिजिटल वित्तीय सेवाएं, पेंशन वितरण, छात्रवृत्ति निकासी और बिजली बिल वितरण एवं राजस्व संग्रह जैसे कार्यों का संपादन कुशलतापूर्वक कर रही हैं। डिजिटल सेवाओं के विस्तार से जहां एक ओर सुदूर ग्रामीणों को उनके घर पर ही पारदर्शी बैंकिंग सेवाएं मिल रही हैं, वहीं दूसरी ओर इन सेवाओं से जुड़ी महिलाओं को नियमित लाभांश और मानदेय के रूप में सम्मानजनक आय प्राप्त हो रही है। इससे उनके पारिवारिक निर्णय लेने के अधिकार और सामाजिक प्रतिष्ठा में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। उद्यमिता विकास के अंतर्गत महिलाओं को विपणन की आधुनिक तकनीकों और उत्पाद पैकेजिंग से भी परिचित कराया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर उत्पादित वस्तुओं को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेलों, प्रदर्शनियों और विशेष बिक्री केंद्रों की व्यवस्था की जा रही है, जिससे ग्रामीण उत्पादों का उचित मूल्य सीधे महिला उत्पादकों को मिल रहा है। आर्थिक स्वावलंबन ने बलरामपुर की महिलाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामूहिकता की भावना का विकास किया है। अब महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता जैसे पारिवारिक एवं सामुदायिक विषयों पर सक्रिय होकर निर्णय ले रही हैं। यह परिवर्तन केवल व्यक्तिगत न होकर पूरे ग्रामीण परिवेश को सकारात्मक दिशा दे रहा है। बलरामपुर जनपद में क्रियान्वित किए जा रहे आजीविका संवर्धन मॉडल से यह स्पष्ट है कि लक्षित वित्तीय सहयोग, संस्थागत मार्गदर्शन और महिलाओं की लगन से किसी भी पिछड़े क्षेत्र का कायाकल्प संभव है। समूह से जुड़ी महिलाएं अब केवल सरकारी योजनाओं की मूक लाभार्थी नहीं हैं, बल्कि वे ग्रामीण विकास की कुशल संचालक बन चुकी हैं।

प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के साझा विजन से संचालित यह अभियान ग्रामीण अंचल से गरीबी उन्मूलन और महिला नेतृत्व वाले विकास को सुनिश्चित करने में मील का पत्थर साबित हो रहा है। जिला प्रशासन के सतत प्रयासों से जनपद बलरामपुर की 'लखपति दीदियां' आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को धरातल पर साकार करने में सहायक हो रही हैं।

**सूचनाधिकारी जनपद बलरामपुर / डॉ0 सीमा गुप्ता (से0नि0 सहा0नि0)**

# पीएम आवास योजना से संतकबीर नगर के जितेंद्र कुमार की बदली तकदीर

> **प्रधानमंत्री आवास योजना ने ऐसे ही परिवारों के सपनों को हकीकत में बदलने का काम किया है। उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से बड़ी संख्या में गरीब और आवासविहीन परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराए गए हैं। योजना ने उन परिवारों के जीवन में बदलाव लाया है, जो कभी कच्चे और जर्जर मकानों में रहने को मजबूर थे। संतकबीर नगर के नगर पंचायत हरिहरपुर के जवाहर नगर वार्ड संख्या छह निवासी जितेंद्र कुमार यादव भी ऐसे ही लाभार्थियों में शामिल हैं, जिनके लिए पक्का मकान कभी दूर का सपना था। जितेंद्र कुमार यादव पुत्र विश्राम यादव बताते हैं कि वह मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। सीमित आमदनी के कारण परिवार का रोजमर्रा का खर्च चलाना ही मुश्किल था। ऐसे में पक्का मकान बनवाना उनके लिए संभव नहीं था।**

हर व्यक्ति के जीवन में रोटी, कपड़ा और मकान बुनियादी जरूरतें हैं। इनमें अपना सुरक्षित और पक्का घर होना परिवार के लिए न केवल आश्रय का साधन है, बल्कि सम्मान और बेहतर जीवन की आधारशिला भी है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए पक्का मकान बनाना लंबे समय तक एक सपना रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना ने ऐसे ही परिवारों के सपनों को हकीकत में बदलने का काम किया है। उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से बड़ी संख्या में गरीब और आवासविहीन परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराए गए हैं। योजना ने उन परिवारों के जीवन में बदलाव लाया है, जो कभी कच्चे और जर्जर मकानों में रहने को मजबूर थे। संतकबीर नगर के नगर पंचायत हरिहरपुर के जवाहर नगर वार्ड संख्या छह निवासी जितेंद्र कुमार यादव भी ऐसे ही लाभार्थियों में शामिल हैं, जिनके लिए पक्का मकान कभी दूर का सपना था। जितेंद्र कुमार यादव पुत्र विश्राम यादव बताते हैं कि वह मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। सीमित आमदनी के कारण परिवार का रोजमर्रा का खर्च चलाना ही मुश्किल था। ऐसे में पक्का मकान बनवाना उनके लिए संभव नहीं था। परिवार लंबे समय तक एक कच्चे और बेहद जर्जर मकान में रहने को मजबूर रहा। मकान की दीवारों में दरारें पड़ चुकी थीं और छत भी कमजोर थी। बारिश के दिनों में छत से पानी टपकता था। गर्मी में उमस और सर्दियों में ठंड से परिवार को काफी परेशानी होती थी। सबसे बड़ी चिंता इस बात की रहती थी कि कहीं जर्जर मकान अचानक गिर न जाए। जितेंद्र बताते हैं कि बच्चों के साथ ऐसे घर में रहना बेहद मुश्किल था। परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वह अपने स्तर पर नया मकान बनवा सके। हर बरसात उनके लिए चिंता लेकर आती थी और परिवार की सुरक्षा को लेकर डर बना रहता था। इसी दौरान जितेंद्र कुमार को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के बारे में जानकारी मिली। उन्हें पता चला कि योजना के तहत पात्र परिवारों को पक्का मकान बनाने के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है। इसके बाद उन्होंने योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया। आवेदन के बाद संबंधित अधिकारियों की ओर से उनका सर्वे कराया गया। पात्रता पूरी होने पर उन्हें योजना के तहत स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। स्वीकृति मिलने के बाद पक्का मकान बनाने के लिए उन्हें तीन किस्तों में आर्थिक सहायता प्राप्त हुई। सरकार से मिली सहायता का उपयोग कर जितेंद्र कुमार ने अपने परिवार के लिए पक्का मकान तैयार कराया। ईंट-सीमेंट की मजबूत दीवारों, आरसीसी की छत, टाइल लगे फर्श और हवादार कमरों वाले नए घर ने परिवार की वर्षों पुरानी चिंता दूर कर दी। नया घर मिलने के बाद जितेंद्र कुमार और उनका परिवार पहले की तुलना में कहीं अधिक सुरक्षित और संतुष्ट महसूस कर रहा है। जितेंद्र कहते हैं कि पहले उन्हें हर समय मकान की जर्जर स्थिति को लेकर चिंता रहती थी। बरसात में छत टपकने और मकान गिरने का डर बना रहता था। अब इन परेशानियों से राहत मिल गई है। उन्होंने कहा कि पहले लगता था कि जीवन इसी तरह कठिन परिस्थितियों में गुजर जाएगा, लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना ने उनके परिवार को नई उम्मीद दी। अब वह अपने परिवार के साथ सुरक्षित और सम्मानजनक तरीके से रह रहे हैं। बच्चों के पढ़ने के लिए अलग स्थान है और परिवार चैन से जीवन बिता रहा है। जितेंद्र कुमार का कहना है कि पक्का मकान मिलने के बाद परिवार के जीवन में केवल भौतिक बदलाव ही नहीं आया, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ा है। समाज में सम्मान की भावना मजबूत हुई है और भविष्य को लेकर उनकी सोच बदली है। उनके अनुसार, घर मिलने से बच्चों की पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल मिला है और परिवार अब मौसम की मार से भी काफी हद तक सुरक्षित है। वह प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहते हैं कि सरकार ने गरीब परिवारों की वास्तविक जरूरत को समझते हुए उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने का अवसर दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना केवल गरीब परिवारों को मकान उपलब्ध कराने की योजना नहीं, बल्कि उनके जीवन में सुरक्षा, सम्मान और स्थायित्व लाने का माध्यम भी बन रही है। एक पक्का घर किसी परिवार के लिए चार दीवारों से कहीं अधिक होता है। यह बच्चों के बेहतर भविष्य, परिवार की सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन का आधार बनता है। संतकबीर नगर के जितेंद्र कुमार यादव की कहानी इसी बदलाव की एक प्रेरणादायक मिसाल है। कच्चे और जर्जर मकान में रहने वाले परिवार को अब अपना पक्का आशियाना मिल चुका है। उनकी कहानी बताती है कि सरकारी योजनाओं का लाभ जब जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचता है तो उसका असर केवल घर तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे परिवार के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। 'सबके लिए आवास' के संकल्प के तहत ऐसे परिवारों को पक्का आशियाना उपलब्ध कराकर उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन की ओर बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। जितेंद्र कुमार का बदला हुआ जीवन इसी प्रयास का एक उदाहरण है।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### रामनगर में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित



**रामलक्षन, देवरिया।** गौरीबाजार विकासखंड क्षेत्र के ग्राम सभा रामनगर में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान महेंद्र निषाद ने फीता काटकर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कबड्डी हमारे माटी की बहुत पुरानी खेल है और इस खेल से तमाम प्रतिभाएं उभरी और अपने परिवार क्षेत्र राज्य का नाम ऊंचा किया इतना ही नहीं कुछ प्रतिभाएं वीतें बर्षो में सरकारी नौकरियों में भी अपना मुकाम बनाया है। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला सोनबरसा और सीहोर चक की टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचित किया। कड़े मुकाबले में सीहोर चक की टीम ने सोनबरसा को एक अंक से हराकर जीत दर्ज की।इस दौरान प्रतियोगिता कमेटी के सदस्य राम विकास, विपुल विश्वकर्मा, आकाश गुप्ता, प्रिंस, मिथिलेश, साहिल, निरंजन निषाद, पिंटू निषाद, अभिषेक निषाद, सोहित शुक्ला, परमवीर प्रजापति सहित क्षेत्रीय गणमान्य मौजूद रहे।प्रतियोगिता को लेकर स्थानीय युवाओं और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

### ख़जनी क्षेत्र परसौनी में पुलिस की चौपाल, अपराध पर अंकुश को लेकर ग्रामीणों से किया संवाद



**खजनी, गोरखपुर।** खजनी थाना क्षेत्र के ग्राम सभा परसौनी में गुरुवार को पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में आम जनमानस के बीच ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में क्षेत्राधिकारी खजनी दीपांशी राठौर तथा अपराध निरीक्षक डीएन सरोज ने ग्रामीणों से संवाद कर क्षेत्र की समस्याओं और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जानकारी ली। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस का सहयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना देने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि गांव में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने में ग्रामीणों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। आपसी विवादों को बढ़ाने के बजाय समय रहते पुलिस को सूचना देने की अपील की गई। चौपाल के दौरान महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गो की सुरक्षा को लेकर भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। साइबर अपराध, ठगी और अन्य आपराधिक गतिविधियों से बचाव के उपाय बताए गए। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और उनके निस्तारण का भरोसा दिलाया। क्षेत्राधिकारी दीपांशी राठौर ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य आमजन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण करना है। गांव-गांव चौपाल के माध्यम से पुलिस और जनता के बीच संवाद को मजबूत किया जा रहा है। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# नकली सोना दिखाकर गोल्ड लोन लेने की कोशिश, दो आरोपी गिरफ्तार

## आईडीबीआई बैंक में लोन हासिल करने की थी साजिश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** नकली सोना दिखाकर बैंक से गोल्ड लोन हासिल करने की कोशिश के मामले में कैंट पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने आईडीबीआई बैंक में खाता खुलवाने के बाद गोल्ड लोन के लिए आवेदन किया था। बैंक में नकली सोना प्रस्तुत कर धोखाधड़ी के जरिए ऋण लेने की कोशिश की गई। मामले की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, 18 अगस्त 2026 को दोनों आरोपी आईडीबीआई बैंक पहुंचे थे। वहां उन्होंने बैंक में खाता खुलवाया और गोल्ड लोन के लिए आवेदन किया। लोन स्वीकृत कराने के लिए उनके द्वारा सोना प्रस्तुत किया गया। जांच के दौरान सोने के नकली होने की बात सामने आई। बैंक स्तर से मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। शिकायत के आधार पर थाना कैंट में मु0अ0सं0 441/2026, धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी कैंट के पर्यवेक्षण में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई। प्रभारी निरीक्षक कैंट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दुर्विजय कुमार पुत्र दीनानाथ निषाद, निवासी लक्ष्मणपुर बिस्वा, थाना चौरीचौरा, गोरखपुर और सरवन कुमार निषाद पुत्र स्व. तोलई निषाद, निवासी ब्रह्मपुर, थाना झंगहा, गोरखपुर के रूप में हुई है। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि नकली सोना कहां से हासिल किया गया था और क्या इससे पहले भी इसी तरह किसी बैंक में गोल्ड लोन लेने का प्रयास किया गया है। पुलिस अन्य संभावित मामलों में भी उनकी भूमिका की जांच कर रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अवनीश कुमार पांडेय, चौकी प्रभारी गोलघर, कांस्टेबल कुमार रवि और कांस्टेबल अजीत कुमार शामिल रहे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सीमा पर पशु क्रूरता की हदें पार, पगडंडी रास्तों से हो रही मुर्गियों-चूजों की तस्करी

## पगडंडी रास्तों से साइकिल पर लटकाकर सीमा पार भेजे जा रहे पक्षी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित परसामलिक थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाकों में इन दिनों मुर्गी पालन के नाम पर तस्करी का एक बड़ा और संगठित नेटवर्क सक्रिय हो गया है, जो पूरी तरह से नेपाली बाजार के भरोसे भारतीय क्षेत्र में फल-फूल रहा है। थाना क्षेत्र के झिंगटी, मर्यादपुर, सेवतरी, रेहरा और महुलानी जैसे संवेदनशील सीमांत गांवों में खुलेआम संचालित हो रहे दर्जनों पोल्ट्री फार्मों में चूजा व मुर्गी पालन की आड़ में पुलिस व अन्य सुरक्षा एजेंसियों की आंखों में धूल झोंकी जा रही है। जमीनी हकीकत यह है कि इन पोल्ट्री फार्मों से प्रतिदिन सैकड़ों क्विंटल मुर्गियों और चूजों की खेप को प्रतिबंधित तौर पर अवैध रास्तों से सीमा पार नेपाल भेजा जा रहा है, जिसमें रेहरा और सेवतरी गांव के सुदूर व गुप्त पगडंडी रास्तों का इस्तेमाल मुख्य तस्करी गलियारे के रूप में किया जा रहा है।

पशु क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए तस्करों के स्थानीय कैरियर रोजाना सैकड़ों मुर्गियों को साइकिलों और बाइकों पर पैर बांधकर उल्टा लटकाते हैं और बेहद अमानवीय तरीके से उन्हें खुलेआम सरहद पार करा देते हैं, जिससे न केवल सीमाई नियमों की धज्जियां उड़ रही हैं बल्कि गंभीर बर्ड फ्लू जैसी बीमारियों के प्रसार का खतरा भी बढ़ रहा है। सीमा की संवेदनशीलता और आए दिन होने वाली इस खुली आवाजाही के बावजूद स्थानीय पुलिस और सरहद की सुरक्षा में मुस्तैद सुरक्षा एजेंसियां इस पूरे गोरखधंधे पर अंकुश लगाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी बसंत सिंह ने कहा कि पुलिस टीम को सीमांत इलाकों में चौकसी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। यदि इस प्रकार का कोई अवैध कारोबार संचालित पाया गया तो संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## मेन लाइन की टेपिंग से परेशान गोला के 28 हजार उपभोक्ता, नहीं हो रहा स्थायी समाधान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार, गोरखपुर।** गोला क्षेत्र की बिजली व्यवस्था मेन लाइन की टेपिंग के चलते बदहाल हो गई है। तीन विद्युत उपकेंद्रों को संचालित करने के लिए दो 33 हजार वोल्ट के सर्किट हैं। इनमें से एक के खराब होने पर तीनों उपकेंद्रों को दूसरे सर्किट से टेपिंग कर चलाया जाता है। इससे ओवरलोड के कारण जंफर कटने और लो वोल्टेज की समस्या लगातार बनी हुई है।

इसका खामियाजा करीब 28 हजार उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। कस्बे के तहसील, ग्रामीण और पकड़ी विद्युत उपकेंद्रों को डेहरीभार स्थित 220 केवी पारेषण केंद्र से दो 33 हजार वोल्ट की लाइनों से आपूर्ति मिलती है। पकड़ी उपकेंद्र के लिए तीन दशक बाद भी अलग मेन सर्किट नहीं बन सका है।

बीते रविवार को तहसील उपकेंद्र की मेन सप्लाई ब्रेकडाउन होने पर उसे ग्रामीण उपकेंद्र की मेन लाइन से टेपिंग कर चालू कर दिया गया। सोमवार को फाल्ट ठीक होने के बाद भी टेपिंग नहीं हटाई गई। मंगलवार रात करीब दस बजे धौंसहर उर्फ बेलवाभारी में ग्रामीण उपकेंद्र की मेन लाइन का जंफर कट गया। सूचना पर अधिकारियों ने टेपिंग हटाकर फाल्ट ठीक कराया और करीब डेढ़ घंटे बाद आपूर्ति बहाल हुई। रात दो बजे फिर ग्रामीण उपकेंद्र की मेन सप्लाई ब्रेकडाउन हो गई। सुबह पांच बजे फाल्ट ठीक होने के बाद तीनों उपकेंद्रों की आपूर्ति बहाल हो सकी।

**टेपिंग को लेकर पहले भी हुई थी कार्रवाई**

जुलाई में भी तहसील उपकेंद्र की मेन सप्लाई खराब होने पर ग्रामीण उपकेंद्र से टेपिंग की गई थी। कई दिनों तक लो वोल्टेज की समस्या बनी रहने के बाद शिकायत पर जांच हुई और तत्कालीन जेई का स्थानांतरण कर दिया गया था। इसके बावजूद स्थायी समाधान नहीं होने से समस्या दोबारा सामने आ गई है।

## आईजीआरएस में लापरवाही पर चार अधिकारियों को नोटिस

**देवरिया।** आईजीआरएस संदर्भों के त्रुटिपूर्ण निस्तारण और लापरवाही पर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने चार अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। डीएम ने संबंधित अधिकारियों से प्रकरणों के निस्तारण में हुई कमियों को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है। बरहज में भूमिगत नाली निर्माण के मामले में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), भटनी में प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रकरण में खंड विकास अधिकारी तथा ग्राम पंचायत की साफ-सफाई से जुड़े दो मामलों में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), भटनी से जवाब मांगा गया है। भागलपुर में नाली निर्माण की मांग से जुड़े प्रकरण में भी सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को नोटिस जारी किया गया है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आईजीआरएस प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं मिलने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# फंदे से लटकता मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बीते 4 माह पूर्व मृतक युवक की हुई थी शादी, मामूली विवाद के बाद उजड़ गया संसार**

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रतनपुर टोला मिश्रौलिया स्थित नहर के पास गुरुवार की सुबह पत्नी से हुए आपसी विवाद के बाद एक 24 वर्षीय युवक ने फांसी के फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सुबह जब परिजनों की नजर युवक के शव पर पड़ी तो घर में चीख-पुकार मच गई। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही नौतनवा पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव का पंचनामा भरा और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना से पूरे गांव में गहरा शोक व्याप्त है। जानकारी के मुताबिक रतनपुर टोला मिश्रवलिया नहर निवासी बरसाती वरुण का 24 वर्षीय पुत्र कैलाश वरुण मजदूरी कर अपने माता-पिता का हाथ बंटाता था। कैलाश का विवाह महज चार माह पूर्व नेपाल की रहने वाली कुसमावती के साथ हुआ था।

**मानसिक तनाव और अशांति बनी आत्मघाती कदम की वजह**

पारिवारिक सूत्रों के अनुसार बुधवार को किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच तीखी बहस हो गई थी। यह मामूली विवाद इतना बढ़ गया कि इससे नाराज होकर कुसमावती उसी शाम अपने मायके नेपाल चली गई। पत्नी के इस तरह अचानक चले जाने से कैलाश गहरे मानसिक अवसाद और तनाव में आ गया था। वह खुद को संभाल नहीं पाया और इसी मानसिक अशांति के चलते उसने बुधवार की देर रात यह कदम उठा लिया। इस घटना ने हंसते-खेलते परिवार को उजाड़ दिया। मृतक चार भाइयों में तीसरे नंबर का था, जबकि उसके अन्य तीन भाई आजीविका के लिए बाहर रहते हैं। घर पर रहकर माता-पिता का सहारा बनने वाले जवान बेटे की मौत से मां सरोज और पिता बरसाती वरुण का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में नौतनवा थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि हर पहलू को ध्यान में रखकर मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

# रेडी अन्ना के नाम पर ऑनलाइन सट्टे का खेल, पांच गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** ऑनलाइन गेमिंग पोर्टल 'रेडी अन्ना' के जरिए सट्टा खिलाने और म्यूल बैंक खातों के माध्यम से लाखों रुपये का लेन-देन कर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का शाहपुर पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 23 मोबाइल फोन, चार लैपटॉप, तीन टैबलेट, 11 एटीएम कार्ड, 16 बैंक पासबुक, बायोमेट्रिक डिवाइस समेत बड़ी संख्या में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और दस्तावेज बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, थाना शाहपुर पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि सेमरा नंबर-2 स्थित पानी की टंकी के पास एक मकान में कुछ लोग ऑनलाइन गेमिंग में सट्टा लगवाने के साथ अलग-अलग बैंक खातों में रकम मंगाकर ठगी कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने मकान में छापा मारकर पांच लोगों को पकड़ लिया।

पूछताछ और जांच में सामने आया कि आरोपी 'रेडी अन्ना' नामक ऑनलाइन गेमिंग पोर्टल का पैनल खरीदकर उसकी एक शाखा के रूप में अपना कार्यालय चला रहे थे। आरोपी सट्टे की रकम के लेन-देन के लिए लोगों को बहला-फुसलाकर अलग-अलग बैंकों में म्यूल अथवा फर्जी खाते खुलवाते थे। इन्हीं खातों में सट्टे की रकम जमा और निकासी की जाती थी। पुलिस के मुताबिक गिरोह प्रतिदिन लाखों रुपये का लेन-देन करता था और रकम मिलने के बाद आपस में हिस्सा बांट लेता था। बरामद उपकरणों और बैंक दस्तावेजों से पुलिस को गिरोह के नेटवर्क की अहम जानकारी मिलने की उम्मीद है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नितीश सिंह निवासी देवरिया, अभय कुमार सिंह निवासी देवरिया, वजीद चौधरी और साहिल चौधरी निवासी मुजफ्फरनगर तथा मुन्ना कुमार निवासी सिवान, बिहार के रूप में हुई है। मामले में तीन अन्य आरोपी नितिश प्रताप सिंह, संजीव सिंह और एक अज्ञात व्यक्ति को पुलिस ने वांछित किया है। शाहपुर थाने में मुकदमा अपराध संख्या 401/2026 के तहत धारा 112(2), 318(4) और 61(2) बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई थानाध्यक्ष अंजय कुमार सिंह और साइबर कमांडो उ0नि0 उपेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने की।

# कुपोषण पर डीएम सख्त, आंगनबाड़ी केंद्रों की होगी नियमित निगरानी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के अभियान में लापरवाही पर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सख्ती दिखाई है। जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक में उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन, बच्चों की उपस्थिति, होम विजिट और पुष्टाहार वितरण की नियमित निगरानी के निर्देश दिए। बनकटा और भागलपुर परियोजनाओं की पिछली बैठक के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति न मिलने पर सुधार के निर्देश दिए गए। गूगल मीट के माध्यम से हुई बैठक में कुपोषित बच्चों और एनीमिया से प्रभावित महिलाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। डीएम ने बाल विकास परियोजना अधिकारियों को नियमित क्षेत्र भ्रमण करने और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों के लिए लिए गए वजन का सत्यापन करने को कहा। उन्होंने गर्भवती और धात्री महिलाओं के गृह भ्रमण की भी जांच करने के निर्देश दिए। कहा कि केवल आंकड़े जुटाने से कुपोषण खत्म नहीं होगा। गंभीर और मध्यम कुपोषित बच्चों की नियमित निगरानी के साथ उनका स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण उपचार और फालोअप भी कराया जाए। डीएम ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं को मिलने वाली सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने को कहा। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग को केंद्रों पर नियमित गतिविधियां प्रभावी ढंग से संचालित कराने और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का पूरा लाभ दिलाने के निर्देश दिए। इस दौरान सी डी ओ राजेश सिंह, एसीएमओ, डिप्टी सीएमओ, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## कृषि यंत्रों के लिए आज होगी ई-लॉटरी

**गांधी सभागार में सुबह 10 बजे से चयन, ऑनलाइन बुकिंग कराने वाले किसान होंगे शामिल**

**देवरिया।** कृषि विभाग की सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन और इन-सीटू योजना के तहत कृषि यंत्रों के लिए ऑनलाइन बुकिंग कराने वाले किसानों का चयन शुक्रवार को ई-लॉटरी से किया जाएगा। उप कृषि निदेशक सुभाष मौर्य ने बताया कि ई-लॉटरी सुबह 10 बजे गांधी सभागार, विकास भवन में होगी।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में होने वाली ई-लॉटरी में जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति और किसानों की मौजूदगी में विकासखंडवार व कृषि यंत्रवार लाभार्थियों का चयन किया जाएगा। इसमें कस्टम हायरिंग सेंटर, रोटावेटर, पैडी/मल्टीक्रॉप थ्रेशर, मिनी राइस मिल, लेजर लैंड लेवलर, पावर चॉप कटर और पावर टिलर समेत विभिन्न कृषि यंत्र शामिल हैं। उप कृषि निदेशक ने ऑनलाइन बुकिंग कराने वाले सभी किसानों से निर्धारित समय पर गांधी सभागार पहुंचकर ई-लॉटरी में शामिल होने की अपील की है।

# मंगलसूत्र लूटने वाला शातिर बदमाश गिरफ्तार, चोरी की बाइक भी बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** बड़हलगंज पुलिस ने महिला के गले से मंगलसूत्र झपटकर फरार होने वाले शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से लूटा गया मंगलसूत्र और कुशीनगर के हाटा थाना क्षेत्र से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है और उसके खिलाफ गोरखपुर व कुशीनगर के विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी गोला के पर्यवेक्षण और प्रभारी निरीक्षक बड़हलगंज अतुल कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजबहादुर यादव उर्फ राजू पुत्र सूचित यादव, निवासी परसिया तिवारी, थाना बड़हलगंज के रूप में हुई है। घटना 18 अगस्त की बताई गई है। पुलिस के मुताबिक, एक महिला के गले से अज्ञात मोटरसाइकिल सवार बदमाश ने झपट्टा मारकर मंगलसूत्र छीन लिया था। पीड़िता की तहरीर पर बड़हलगंज थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने बदमाश की तलाश शुरू की। जांच और सुरागरसी के बाद पुलिस टीम आरोपी तक पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ व बरामदगी के दौरान पुलिस ने उसके कब्जे से लूटा गया मंगलसूत्र बरामद किया। साथ ही उसके पास से एक ऐसी मोटरसाइकिल भी मिली, जो थाना हाटा, जनपद कुशीनगर से चोरी की गई थी। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने मुकदमे में भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(2) की बढ़ोतरी की है। पुलिस अब आरोपी से जुड़े अन्य मामलों और उसके साथियों के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार राजबहादुर के खिलाफ वर्ष 2016 से अब तक बड़हलगंज, झंगहा, गगहा और हाटा थानों में लूट के प्रयास, धोखाधड़ी, चोरी समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। इनमें वर्ष 2025 में हाटा थाने में दर्ज मुकदमा भी शामिल है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक रवि भूषण राय, उपनिरीक्षक संतोष यादव समेत पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## स्थायी लोक अदालत से जल्द और कम खर्च में मिलेगा न्याय

**देवरिया।** जनोपयोगी सेवाओं से जुड़े विवादों के त्वरित और कम खर्च में निस्तारण के लिए स्थायी लोक अदालत की भूमिका महत्वपूर्ण है। युवा अधिवक्ताओं को इसके प्रति जागरूक करने के लिए बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में अभिमुखीकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्र और सदस्य रंजना मिश्रा ने युवा अधिवक्ताओं को स्थायी लोक अदालत की अधिकारिता और कार्यप्रणाली की जानकारी दी।अध्यक्ष ने कहा कि जनोपयोगी सेवाओं से जुड़े विवादों का सरल, सुलभ, त्वरित और कम खर्च में निस्तारण स्थायी लोक अदालत का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने युवा अधिवक्ताओं से पात्र मामलों को अधिक से अधिक स्थायी लोक अदालत के समक्ष प्रस्तुत करने का आह्वान किया। सदस्य रंजना मिश्रा ने स्थायी लोक अदालत और सामान्य लोक अदालत के बीच अंतर, जनोपयोगी सेवाओं से जुड़े विवादों के निस्तारण तथा प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों की जानकारी दी। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज मिश्र ने कहा कि अधिवक्ताओं की सक्रिय भागीदारी से स्थायी लोक अदालत की प्रभावशीलता बढ़ेगी और आमजन को शीघ्र न्याय उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

# आंगनबाड़ी केंद्रों से नलकूप तक अटके बिजली कनेक्शन जल्द मिलेंगे

## सीडीओ ने विद्युत विभाग को लंबित प्रकरण प्राथमिकता से निस्तारित करने के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** सरकारी संस्थानों में बिजली कनेक्शन, ट्रांसफार्मर लगाने और क्षमता बढ़ाने से जुड़े लंबित मामलों पर प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। मुख्य विकास अधिकारी राजेश सिंह ने विद्युत विभाग को सभी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्युत संबंधी कार्यों में देरी से विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन प्रभावित नहीं होना चाहिए। कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत संबंधी कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीडीओ ने विभिन्न विभागों में नए विद्युत कनेक्शन, ट्रांसफार्मर लगाने, क्षमता वृद्धि तथा ट्रांसफार्मर और बिजली के पोल शिफ्ट करने से जुड़े मामलों की समीक्षा की। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि विकास और जनकल्याणकारी कार्यों के संचालन में विद्युत विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। बिजली संबंधी प्रकरण लंबित रहने से संबंधित विभागों के कार्य प्रभावित होते हैं। इसलिए विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर समस्याओं का तत्काल समाधान कराया जाए।

**स्कूल-आंगनबाड़ी से लेकर नलकूप तक की समीक्षा**

बैठक में आईसीडीएस, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, नलकूप और नगर निकायों में बिजली कनेक्शन, ट्रांसफार्मर और अन्य विद्युत संबंधी समस्याओं की समीक्षा की गई। सीडीओ ने आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों, नलकूपों और अन्य सरकारी संस्थानों से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्युत संबंधी समस्याओं के कारण किसी सरकारी संस्था का कामकाज प्रभावित नहीं होना चाहिए। नगर निकायों में लंबित विद्युत प्रकरणों का भी शीघ्र समाधान कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रेम नारायण सिंह, अधीक्षण अभियंता अमित कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिशचंद्रनाथ, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामजीयावन मौर्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी आदिश मिश्रा, जल निगम एवं ग्रामीण क्षेत्र के अधिशासी अभियंता समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# भागलपुर-अहमदाबाद अमृत भारत एक्सप्रेस का टूण्डला में ठहराव क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी सौगात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला-** भागलपुर और अहमदाबाद के बीच नई अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस का संचालन शुरू होने जा रहा है। नियमित गाड़ी संख्या 19423/19424 का संचालन 26 अगस्त 2026 से अहमदाबाद से प्रारंभ होगा। खास बात यह है कि इस ट्रेन का ठहराव टूण्डला जंक्शन पर भी निर्धारित किया गया है। इससे टूण्डला एवं आसपास के क्षेत्र के यात्रियों को अहमदाबाद, कोटा सहित राजस्थान, गुजरात और बिहार के प्रमुख शहरों तक आवागमन के लिए बेहतर रेल सुविधा उपलब्ध होगी। रेलवे से संबंधित उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह ट्रेन बिहार से चलकर उत्तर प्रदेश के प्रमुख स्टेशनों से होते हुए राजस्थान के कोटा सहित विभिन्न शहरों से गुजरकर गुजरात पहुंचेगी। ट्रेन के प्रमुख ठहरावों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, सूबेदारगंज, गोविंदपुरी, टूण्डला, आगरा ईदगाह, बयाना, हिंडौन सिटी, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा,



रामगंज मंडी, भवानी मंडी, रतलाम, दाहोद, गोधरा, छायापुरी और आनंद शामिल हैं।

**टूण्डला में ये रहेगा समय**

अहमदाबाद से ट्रेन प्रत्येक बुधवार शाम 6:30 बजे रवाना होकर गुरुवार सुबह 10:40 बजे टूण्डला पहुंचेगी। वहीं वापसी में भागलपुर से प्रत्येक शुक्रवार शाम 4:45 बजे रवाना होकर ट्रेन शनिवार सुबह 11:25 बजे टूण्डला पहुंचेगी। टूण्डला जंक्शन पर ठहराव मिलने से फिरोजाबाद, टूण्डला, जलेसर, एत्मादपुर सहित आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को विशेष लाभ मिलने की उम्मीद है। व्यापार, शिक्षा, रोजगार और अन्य कार्यों के सिलसिले में राजस्थान एवं गुजरात आने-जाने वाले लोगों के लिए यह ट्रेन महत्वपूर्ण रेल सुविधा साबित होगी। क्षेत्रीय रेल यात्री सुविधाओं को लेकर लगातार आवाज उठाने वाले श्रीकृष्ण गौतम, सदस्य क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति, उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज ने टूण्डला में अमृत भारत एक्सप्रेस के ठहराव को क्षेत्र के यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। उन्होंने इस सुविधा के लिए रेल मंत्रालय एवं रेलवे प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि टूण्डला जंक्शन पर अमृत भारत एक्सप्रेस का ठहराव होने से क्षेत्र को देश के प्रमुख शहरों से बेहतर रेल संपर्क मिलेगा। इससे स्थानीय व्यापार, रोजगार और आवागमन की गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। श्रीकृष्ण गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में देश में आधुनिक एवं सुविधाजनक रेल सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। अमृत भारत एक्सप्रेस जैसी आधुनिक ट्रेनें सामान्य एवं मध्यम वर्ग के यात्रियों के लिए लंबी दूरी की यात्रा को अधिक सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। टूण्डला जंक्शन पर नई ट्रेन के ठहराव की घोषणा से क्षेत्र के रेल यात्रियों में भी खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस ट्रेन के संचालन से टूण्डला की रेल कनेक्टिविटी और मजबूत होगी तथा यात्रियों को लंबी दूरी के सफर के लिए एक और सुविधाजनक विकल्प मिल जाएगा।

# हाइड्रा की टक्कर से रेलवे के रिटायर्ड पेंशनर की मौत

## साइकिल से नगला महादेव जा रहे थे 65 वर्षीय रामसनेही बघेल, पीछे से हाइड्रा ने मारी टक्कर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**टूण्डला-** थाना टूण्डला क्षेत्र में गुरुवार को हुए सड़क हादसे में रेलवे के 65 वर्षीय रिटायर्ड पेंशनर की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा नगला महादेव बंबा के पास हुआ, जहां साइकिल से जा रहे बुजुर्ग को पीछे से आ रहे हाइड्रा ने टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान 65 वर्षीय रामसनेही बघेल पुत्र परसादी लाल बघेल निवासी बिहारीपुर, थाना एत्मादपुर, जनपद आगरा के रूप में हुई है। बताया गया कि रामसनेही बघेल गुरुवार सुबह करीब 11:30 बजे साइकिल से नगला महादेव की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह नगला महादेव बंबा के पास पहुंचे, तभी पीछे से तेज गति से आ रहे हाइड्रा की चपेट में आ गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों एवं स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। लोगों ने तत्काल घटना की जानकारी थाना टूण्डला पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फिरोजाबाद भेज दिया। पुलिस ने हादसे की सूचना मृतक के परिजनों को दी। जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हाइड्रा और चालक पुलिस के कब्जे में थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस ने हादसे में शामिल हाइड्रा और उसके चालक को कब्जे में ले लिया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने मार्ग पर वाहनों की गति एवं यातायात व्यवस्था को लेकर भी चिंता जताई। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# संक्षिप्त खबरें

## कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व पीएम राजीव गांधी की जयंती



**कोंच(जालौन):** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 82वीं जयंती नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा गुरुवार को सरोजनी नायडू पार्क में मनाई गई। कांग्रेस के नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में संयोजित जयंती कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पूर्व पीएम राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। जिला महासचिव अनिल पटैरिया ने पूर्व पीएम के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने देश में संचार क्रांति लाने का जो काम किया वह अविस्मरणीय है। नगर अध्यक्ष तिवारी ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को आधुनिकता और तकनीकी विकास की दिशा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने युवाओं को देश की ताकत बताते हुए युवाओं को आगे बढ़ाने के अवसर उपलब्ध कराने पर बल दिया। इस दौरान उपस्थित कांग्रेसियों ने राजीव गांधी के आदर्शों एवं विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर नगरपालिका की पूर्व अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, लकी दुबे, श्रीकांत दीक्षित, जाहिद खान, छोटेलाल, विशाल कैफी, अवधेश दुबे, सरताजुद्दीन, शहाबुद्दीन, देवेंद्र, बबलू दुबे आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बिजली चोरी करते पकड़े गए तीन उपभोक्ता, एफआईआर दर्ज

**कोंच(जालौन)-** मीटर की सर्विस केबिल काटकर अवैध केबिल डालकर बिजली चोरी कर रहे तीन उपभोक्ताओं को बिजली विभाग की टीम ने चेकिंग अभियान के दौरान पकड़ लिया। उक्त तीनों उपभोक्ताओं के विरुद्ध विभाग के अधिकारियों द्वारा बिजली चोरी अधिनियम के तहत विद्युत विजिलेंस थाना उरई में एफआईआर पंजीकृत कराई गई है। बिजली विभाग के कोंच उपखंड अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि बुधवार को अवर अभियंता द्वितीय दिलीप कुमार शर्मा संविदाकर्मी लाइनमेन धनपाल सिंह सहित विभागीय अन्य कर्मियों के साथ चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान मोहल्ला आजाद नगर में मरकज़ मस्जिद के समीप रहने वाले इरशाद अहमद, भगत सिंह नगर निवासी आरिफ और मालवीय नगर निवासी मोतीलाल अपने-अपने मीटर की सर्विस केबिल काटकर अवैध केबिल डालकर बिजली चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ में आए हैं। टीम द्वारा तीनों स्थानों की वीडियोग्राफी भी की गई है।

# मूलभूत साक्षरता एवं संख्याज्ञान पर शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण






स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** खंड शिक्षा अधिकारी ब्लॉक कोंच सुनील राजपूत के निर्देशन में ब्लॉक संसाधन केंद्र कोंच में गुरुवार को एनसीईआरटी आधारित पाठ्य पुस्तकों एवं एफएलएन (मूलभूत साक्षरता एवं संख्याज्ञान) प्रशिक्षण के चौथे दिन प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं को बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्याज्ञान विकसित करने से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। प्रशिक्षक/एनआरपी त्रिभुवन पटेल, रविंद्र कुमार, रजनीकांत, शैलेंद्र कुमार, रुचिर नायक आदि ने शिक्षक-शिक्षिकाओं को बताया कि प्राथमिक स्तर पर बच्चों के अंदर सीखने की नींव मजबूत करना बेहद जरूरी है, इसके लिए शिक्षकों को बच्चों की उम्र एवं कक्षा के अनुरूप गतिविधियों के माध्यम से पढ़ाने पर जागरूक किया गया। शिक्षकों को भाषा एवं गणित विषय को सरल और रुचिकर तरीके से पढ़ाने की विभिन्न तकनीकों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने कहा कि एफएलएन का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक स्तर के बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान को मजबूत करना है ताकि बच्चे पढ़ने, लिखने और संख्याओं को समझने में सक्षम बन सकें। उन्होंने सभी शिक्षकों को जरूरी दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त जानकारी को विद्यालय स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करें जिससे बच्चों के सीखने के स्तर में सुधार लाने में मदद मिल सके। इस दौरान शिक्षिका लक्ष्मी पटेल, आरती मिश्रा, पूजा कुशवाहा, ज्योति, सुशील पटेल, मृगेंद्र सर्राफ, अंकुर वर्मा सहित बड़ी संख्या में प्राथमिक शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# कानपुर कार्डियोलॉजी समिट-2026 में दिखेगा आधुनिक हृदय चिकित्सा का नया दौर

## देश-विदेश के विशेषज्ञ करेंगे नवीनतम तकनीक और उपचार पद्धतियों पर मंथन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** कार्डियो मेटाबोलिक सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित होने वाला कानपुर कार्डियोलॉजी समिट-2026 हृदय रोगों के उपचार में हो रही नवीनतम प्रगति, तकनीकों और उपचार पद्धतियों पर देश-विदेश के विशेषज्ञों को एक मंच पर लाएगा। सम्मेलन को लेकर आईएमए हॉल, कानपुर में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता को आईएमए कानपुर के अध्यक्ष डॉ. अनुराग मेहरोत्रा, मानद सचिव डॉ. शालिनी मोहन, सम्मेलन अध्यक्ष डॉ. मोहम्मद अहमद, सम्मेलन सचिव डॉ. अमित कुमार और सम्मेलन सचिव डॉ. अभिनीत गुप्ता ने संबोधित किया। सम्मेलन के दूसरे संस्करण का उद्देश्य हृदय चिकित्सा के क्षेत्र में वैज्ञानिक ज्ञान, चिकित्सकीय अनुभव और नवीनतम शोध को साझा करने के लिए प्रभावी मंच उपलब्ध कराना है। इसमें कानपुर सहित आसपास के क्षेत्रों और




देशभर से हृदय रोग विशेषज्ञ एवं चिकित्सा विशेषज्ञ शामिल होंगे। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ निवारक हृदय चिकित्सा, नैदानिक हृदय चिकित्सा, हृदय इमेजिंग, हृदय विफलता, विद्युत-हृदय चिकित्सा, संरचनात्मक हृदय चिकित्सा और इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे। आईएमए कानपुर के अध्यक्ष डॉ. अनुराग मेहरोत्रा ने कहा कि कानपुर में इस तरह का महत्वपूर्ण अकादमिक आयोजन होना खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि कानपुर कार्डियोलॉजी समिट शहर में उपलब्ध उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं और विशेषज्ञता को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सम्मेलन अध्यक्ष डॉ. मोहम्मद अहमद ने कहा कि हृदय चिकित्सा तेजी से बदलता हुआ क्षेत्र है। ऐसे सम्मेलन हृदय रोग विशेषज्ञों के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं, जहां जटिल मामलों, नई तकनीकों और नवीनतम उपचार पद्धतियों पर विशेषज्ञों के साथ सीधे संवाद का अवसर मिलता है। इसका सीधा लाभ मरीजों को बेहतर और प्रभावी उपचार के रूप में मिलता है। सम्मेलन सचिव डॉ. अमित कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर ऐसे अकादमिक सत्र आयोजित करने का प्रयास किया गया है, जो वर्तमान हृदय चिकित्सा के लिए उपयोगी हों। वहीं सम्मेलन सचिव डॉ. अभिनीत गुप्ता ने कहा कि सभी सत्रों को सुचारू रूप से संचालित कर प्रतिभागियों को बेहतर अकादमिक अनुभव उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। आईएमए कानपुर की मानद सचिव डॉ. शालिनी मोहन ने सम्मेलन को आम लोगों तक पहुंचाने में मीडिया की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार स्वास्थ्य पत्रकारिता हृदय रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# कानपुर को उत्तर और दक्षिण जिले में बांटने की तैयारी, पहले भी हो चुका है नगर-देहात का विभाजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** औद्योगिक नगरी कानपुर के प्रशासनिक स्वरूप में एक बार फिर बड़े बदलाव की चर्चा तेज है। शहर को प्रशासनिक सुविधा के लिहाज से उत्तर और दक्षिण दो जिलों में विभाजित करने की तैयारी की बात सामने आ रही है। हालांकि, उपलब्ध आधिकारिक स्त्रोतों में अभी इस प्रस्ताव की अंतिम अधिसूचना या शासन स्तर पर मंजूरी की पुष्टि नहीं मिलती है। ऐसे में इसे फिलहाल प्रस्ताव/तैयारी के रूप में ही देखा जाना चाहिए। कानपुर जैसे बड़े और तेजी से फैलते महानगर में प्रशासनिक कामकाज, कानून-व्यवस्था, राजस्व, विकास योजनाओं और नागरिक सुविधाओं का दबाव लगातार बढ़ता रहा है। ऐसे में जिले को छोटा कर दो प्रशासनिक इकाइयों में बांटने का तर्क यह है कि लोगों को जिलास्तरीय अधिकारियों और सरकारी कार्यालयों तक पहुंचने में कम परेशानी हो तथा प्रशासन अधिक प्रभावी ढंग से काम कर सके।

**पहले भी बदल चुका है कानपुर का प्रशासनिक नक्शा-**





कानपुर के लिए जिला विभाजन कोई नई बात नहीं है। सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार 23 अप्रैल 1981 को तत्कालीन कानपुर जिले को कानपुर नगर और कानपुर देहात में विभाजित किया गया था। कानपुर देहात जिला प्रशासन के इतिहास के अनुसार इससे पहले भी 1977 में कानपुर को कानपुर नगर और कानपुर देहात में बांटा गया था। 1979 में दोनों जिलों को फिर मिला दिया गया और 1981 में दोबारा अलग कर दिया गया।बाद में कानपुर देहात का नाम 2010 में रमाबाई नगर किया गया और 30 जुलाई 2012 को फिर कानपुर देहात कर दिया गया। इस तरह देखा जाए तो कानपुर का प्रशासनिक इतिहास लगातार बदलती जरूरतों और राजनीतिक-प्रशासनिक फैसलों का गवाह रहा है।कानपुर नगर का विस्तार कई दिशाओं में हुआ है। शहर के पुराने हिस्सों के साथ-साथ दक्षिणी और बाहरी क्षेत्रों में भी आबादी, आवासीय कॉलोनियों, बाजारों और औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार हुआ है। परिणामस्वरूप प्रशासनिक व्यवस्था पर दबाव बढ़ना स्वाभाविक है। यदि भविष्य में उत्तर और दक्षिण जिले बनाए जाते हैं तो सबसे महत्वपूर्ण सवाल सीमांकन का होगा। किन तहसीलों, थाना क्षेत्रों, विकासखंडों और शहरी इलाकों को उत्तर जिले में रखा जाएगा और किन क्षेत्रों को दक्षिण जिले में शामिल किया जाएगा—इस पर व्यापक विचार की जरूरत होगी।किसी जिले का विभाजन तभी सफल माना जाएगा जब नए जिले को पर्याप्त प्रशासनिक ढांचा भी मिले। नए जिलाधिकारी कार्यालय, पुलिस प्रशासन, न्यायिक व्यवस्था, विकास विभागों के कार्यालय, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े विभाग तथा पर्याप्त कर्मचारी उपलब्ध कराना बड़ी चुनौती होगी। वरना केवल जिले का नाम और सीमा बदलने से आम नागरिक की समस्याएं कम नहीं होंगी। प्रशासनिक पुनर्गठन का वास्तविक उद्देश्य सरकार को जनता के और करीब लाना होना चाहिए।

**1981 का अनुभव भी सामने रहेगा**

कानपुर देहात के गठन का इतिहास बताता है कि जिले बनाना केवल कागजी प्रक्रिया नहीं है। नए जिले के लिए मुख्यालय, कार्यालय, न्यायालय, पुलिस व्यवस्था और अन्य प्रशासनिक संस्थानों का विकास करना पड़ता है। वर्तमान में कानपुर देहात का मुख्यालय माती में है और वहां जिला स्तरीय प्रशासनिक ढांचा संचालित होता है। इसलिए यदि कानपुर नगर को भी उत्तर और दक्षिण जिलों में बांटने का निर्णय होता है तो सरकार को सबसे पहले यह स्पष्ट करना होगा कि दोनों जिलों के मुख्यालय कहां होंगे और नागरिकों के लिए प्रशासनिक पहुंच किस प्रकार आसान बनाई जाएगी।

# एसडीएम की सख्ती के बाद लगाए गए पोस्टर रातों रात हटाए गए






स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** लेखपाल और वकील के बीच मनमुताबिक सुविधा शुल्क की रकम और जल्दी काम किए जाने की बात को लेकर मंगलवार की शाम तहसील में हुआ विवाद बुधवार को एसडीएम अभिनव कुमार की मध्यस्थता में वकीलों और लेखपालों की बैठकों के बाद निबट गया है, लेकिन तहसील परिसर में दीवारों पर चिपकाये गए 'दलालों से सावधान' शीर्षक वाले पोस्टरों ने कई सवाल खड़े कर दिए थे। हालांकि इन पोस्टरों की जानकारी लगते ही एसडीएम ने सख्त रुख अपनाया और ये पोस्टर किसने लगवाए इसकी जांच कर कार्यवाही किए जाने की बात कही तो पोस्टर चिपकाने वालों में हड़कंप मच गया जिसके बाद जिस जिस जगहों पर ये पोस्टर चिपकाए गए थे वह सभी रातों-रात हटाए जा चुके हैं। ये जो पोस्टर चिपकाए गए थे इनकी भाषा आपत्तिजनक और विवाद बढ़ाने वाली थी। पोस्टर में लिखा था कि भूमि प्रमाण पत्र (61ख) बनवाने के नाम पर दलालों के झांसे में न आएं। इन पोस्टरों की भाषा से दलाल किसे कहा गया ये एक बड़ा सवाल अभी भी बना हुआ है। अब देखना दिलचस्प होगा कि जांच के बाद ये पोस्टर लगाने वालों की पहचान का बाद उन पर क्या कार्यवाही की जाती है।

# संत शिरोमणि रविदास जयंती के 650 वर्ष पूर्ण होने पर कलश यात्रा निकाली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/** संत शिरोमणि भक्त रविदास जयंती की 650 भी जयंती पर नवाबगंज विधानसभा में उनके जन्म स्थल चरणों की राज लेकर कलश यात्रा का आयोजन नवाबगंज विधायक डॉक्टर एमपी आर्य भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार इस कलश यात्रा को रथ से अपने सिर पर रखकर यहां के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार क्यों लड़िया में आयोजित कार्यक्रम वीरपाल गौतम के घर तक लेकर गए वहां पर सभी ने कलश पर पुष्प अर्पित कर संत रविदास की जयंती के रूप में मनाया गया। और उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया गया यहां पर उपस्थित विधायक डॉक्टर आर्य भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि




शंकर गंगवार पूर्व मंडल अध्यक्ष राजीव गंगवार मंडल अध्यक्ष खेमकरण गंगवार भाजपा नेता मोहन स्वरूप गंगवार पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रधान पति रविंद्र कुमार गंगवार जिला पंचायत त्रिवेंद्र कुमार भाजपा नेता भोजेंद्र गंगवार समेत तमाम लोग उपस्थित थे सभी ने संत रविदास की कलश यात्रा पर पुष्प अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद के राष्ट्रीय सचिव बने राजू उपाध्याय सह सचिव सोमेंद्र पौनियां

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला -** नगर के स्टेशन रोड स्थित होटल जेएस में राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद के नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव राजू उपाध्याय एवं सह सचिव सोमेंद्र पौनियां का राष्ट्रीय अध्यक्ष मो. सनी एवं उनकी पूरी टीम द्वारा फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपते हुए संगठन के प्रति उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया। राष्ट्रीय अध्यक्ष मो. सनी ने कहा कि मानव अधिकारों की रक्षा एवं संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी पदाधिकारी पूरी निष्ठा और लगन के साथ कार्य करें। उन्होंने



नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन की नीतियों एवं उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। राजू उपाध्याय एवं सोमेंद्र पौनियां ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संगठन के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर मोहम्मद फहीम, मोहम्मद जमील, माजिद अली, जाकिर अली, समीउद्दीन भोला मेंबर, विवेक शर्मा, योगेंद्र सिंह, धीरज बघेल सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# फोटोग्राफर्स एसोसिएशन ने धूमधाम से मनाया विश्व फोटोग्राफी दिवस



**बरेली।** बरेली फोटोग्राफर्स एसोसिएशन द्वारा विश्व फोटोग्राफी दिवस धूमधाम एवं सेवा भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पंछियों को आजाद किया गया, वृद्ध आश्रम में फल एवं भोजन वितरित किया गया तथा वरिष्ठ छायाकारों और फोटोग्राफर्स के मेधावी बच्चों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविन्द ने बताया कि फोटोग्राफी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले फोटोग्राफर्स को एसोसिएशन द्वारा प्रतिवर्ष सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष बरेली के लगभग 50 फोटोग्राफी व्यवसाय से जुड़े फोटोग्राफर्स को सम्मानित किया गया। साथ ही फोटोग्राफर साथियों के मेधावी बच्चों को सम्मान पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंतर्गत एसोसिएशन की ओर से पंछियों को आजाद किया गया। इसके बाद टीम वृद्ध आश्रम पहुंची, जहां बुजुर्ग एवं असहाय लोगों को फल और भोजन वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान केक काटकर सभी फोटोग्राफर साथियों को विश्व फोटोग्राफी दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। इस अवसर पर फोटोग्राफी के इतिहास तथा इसके विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले महान छायाकारों को भी याद किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अरविन्द आनन्द, मुकेश सक्सेना, दिनेश्वर दयाल सक्सेना, अखिलेश कश्यप, प्रमोद कुमार, सकीना, अरविन्द शर्मा, कृष्ण कांत, उवेश उद्दीन सहित बरेली फोटोग्राफर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों, वरिष्ठ फोटोग्राफर्स एवं एसोसिएशन के प्रमुख साथियों का विशेष सहयोग रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### एसपी ने चकवा महावीर मेले की तैयारियों व सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**भदोही।** अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा थाना ज्ञानपुर क्षेत्र के अंतर्गत आयोजित होने वाले सुप्रसिद्ध चकवा महावीर मेला स्थल का भ्रमण किया गया। आगामी मेले को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के दृष्टिगत सुचारू यातायात और व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों को चिह्नित स्थानों पर ही वाहनों की पार्किंग कराने तथा भीड़ नियंत्रण हेतु कड़े कदम उठाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### एएसपी की अध्यक्षता में सुरियावां व दुर्गागंज थानों की समीक्षा बैठक



**भदोही।** शुभम अग्रवाल,अपर पुलिस अधीक्षक भदोही की अध्यक्षता में एवं सुमित त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी भदोही के उपस्थिति में, थाना सुरियावां परिसर में थाना दुर्गागंज व सुरियावां का संयुक्त रूप से अर्दली रूम/समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गयी। बैठक के दौरान मुख्य रूप से अभियोगों से सम्बन्धित लंबित विवेचनाओं, धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत लंबित मामलों, छिनैती/टप्पेबाजी व नकबजनी की घटनाओं के अनावरण तथा आईजीआरएस एवं लोक शिकायत से प्राप्त प्रार्थना पत्रों की गहन समीक्षा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी संबंधित निरी0/उपनिरीक्षक को लंबित मामलों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने तथा क्षेत्र में शांति व कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### प्लम्बरो को दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण

**चुनार, मीरजापुर।** सुप्रीम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्लास्टिक पाइपिंग सिस्टम डिविजन द्वारा अपने अधिकृत डीलर रामजी मुरारी लाल ट्यूब कंपनी चुनार के तत्वावधान में बुधवार को नगर के स्टेशन रोड स्थित नन्द विलास होटल में प्लंबिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला का उद्देश्य प्लम्बरो को आधुनिक प्लम्बिंग तकनिकों की जानकारी देकर उनके तकनीकी कौशल को और बेहतर बनाना रहा। इस कार्यक्रम में तहसील क्षेत्र के सैकड़ों प्लम्बरो ने उत्साह पूर्वक नवीनतम तकनीकों का व्यवहारिक प्रशिक्षण लिया। कार्यक्रम में चुनार नगर के रामजी मुरारीलाल लाल ट्यूब कंपनी, अनुराग ब्रदर्स, भारत प्लाइवुड डीलर्स अमित कुमार गुप्ता, अनुराग वर्मा राजीव कुशवाहा उपस्थित रहे। कम्पनी के तकनीकी टीम में शरद यादव, लव कुमार ने कार्यक्रम में सहभागिता कर प्रतिभागियों को मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के अन्त में उत्कर्ष सिंह ने सभी प्रतिभागियों को टूल किस देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम संयोजक अमित कुमार गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# डीएम ने बच्चों से संवाद कर परखी शिक्षा व्यवस्था

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने आज विकासखंड ज्ञानपुर के राजकीय हाई स्कूल सरई मिश्रानी एवं कंपोजिट विद्यालय सरई मिश्रानी का आकस्मिक निरीक्षण कर विद्यालयों में शैक्षिक एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया तथा उनकी पढ़ाई, दिनचर्या एवं विद्यालय से संबंधित विषयों की जानकारी ली। राजकीय हाई स्कूल सरई मिश्रानी में जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद करते हुए पूछा कि वे भविष्य में क्या बनना चाहते हैं। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा एवं रुचि को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सभी में अच्छा टैलेंट है, मन लगाकर पढ़ाई करें और निरंतर आगे बढ़ें। उन्होंने विद्यार्थियों से घर पर रहने के दौरान उनकी दिनचर्या के बारे में भी जानकारी ली तथा पढ़ाई, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों के लिए नियमित समय-सारिणी बनाकर उसके अनुसार कार्य करने की सलाह दी। बच्चों द्वारा विद्यालय में किसी प्रकार की समस्या न होने की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने उपस्थित शिक्षकों को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों को और बेहतर एवं स्मार्ट शिक्षण तकनीकों के माध्यम से पढ़ाया जाए, जिससे उनकी समझ एवं सीखने की क्षमता को और विकसित किया जा सके। उन्होंने सभी कक्षा-कक्षों में टाइम-टेबल प्रदर्शित करना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान राजकीय हाई स्कूल के कुछ कक्षों में पानी के रिसाव की समस्या सामने आने पर जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि मरम्मत कार्य का एस्टीमेट तैयार कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए, ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध हो सके। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने कंपोजिट विद्यालय सरई मिश्रानी का निरीक्षण किया। विद्यालय में सभी शिक्षक उपस्थित पाए गए तथा शैक्षणिक कार्य एवं विद्यालयीय व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित मिलीं। प्रधानाध्यापक द्वारा अवगत कराया गया कि बरसात के दौरान एक अतिरिक्त कक्ष में पानी का रिसाव हो रहा है। जिलाधिकारी ने इस पर जिला पंचायत राज अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को आवश्यक मरम्मत कार्य कराए जाने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में बेहतर शैक्षिक वातावरण, विद्यार्थियों की प्रतिभा का विकास तथा मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पांडेय एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) द्वारा बाढ़ नियंत्रण कक्ष का औचक निरीक्षण




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/प्रभारी अधिकारी आपदा, भदोही सुश्री शुभांगी शुक्ला द्वारा जिला मुख्यालय स्थित जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यालय के अंतर्गत संचालित बाढ़ नियंत्रण कक्ष का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, ड्यूटी व्यवस्था तथा बाढ़ से संबंधित सूचनाओं के संकलन एवं प्रेषण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ की स्थिति से संबंधित किसी भी सूचना को तत्काल संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया जाए तथा प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बाढ़ नियंत्रण कक्ष में राजस्व विभाग, पशुपालन विभाग, सिंचाई विभाग एवं होमगार्ड विभाग के कर्मचारियों की तीन शिफ्टों में 8-8 घंटे के आधार पर 24×7 तैनाती की गई है। इसके माध्यम से जनपद में बाढ़ की स्थिति एवं गंगा नदी के जलस्तर पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय एवं पूर्ण सतर्कता के साथ कार्य करें। बाढ़ प्रभावित एवं संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए। साथ ही, बाढ़ नियंत्रण कक्ष में प्राप्त सूचनाओं एवं उनके संबंध में की गई कार्रवाई का नियमित रूप से अभिलेखीकरण एवं अद्यतन सुनिश्चित किया जाए। जिला प्रशासन द्वारा जनपद में बाढ़ की स्थिति एवं गंगा नदी के जलस्तर पर 24×7 सतत निगरानी रखी जा रही है। आमजन की सुरक्षा, राहत एवं बचाव के दृष्टिगत सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं तथा संबंधित विभागों को किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## बारिश के बीच दीवार गिरने से आशा देवी की दर्दनाक मौत

### जिला अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने किया मृत घोषित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के बरौंधा चौकी अंतर्गत निबावल कोठी धौकल सिंह में लगातार हो रही बारिश के बीच दर्दनाक हादसा सामने आया है। बारिश के कारण दीवार गिरने से 40 वर्षीय आशा देवी पत्नी लालबिहारी कोल गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद परिजनों और आसपास के लोगों ने तत्काल उन्हें मलबे से बाहर निकालकर इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने जांच के बाद आशा देवी को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बताया गया कि मृतका आशा देवी के परिवार में उनका 25 वर्षीय पुत्र कुशल कुमार है, जिनके ऊपर अब परिवार की जिम्मेदारी आ गई है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाते नजर आए। लगातार हो रही बारिश के दौरान दीवार गिरने से हुई इस घटना ने ग्रामीणों को भी चिंता में डाल दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के मौसम में कमजोर और जर्जर दीवारों तथा कच्चे मकानों को लेकर विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है, ताकि इस तरह के हादसों को रोका जा सके। ग्रामीणों ने प्रशासन से घटना का संज्ञान लेते हुए पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने तथा परिवार की हरसंभव मदद किए जाने की मांग की है। हादसे के बाद गांव में मातम का माहौल बना हुआ है और मृतका के परिजनों के लिए यह घटना बेहद पीड़ादायक साबित हुई है।

### मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक



**भदोही।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत भदोही पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने गांवों, कस्बों, मोहल्लों, शिक्षण संस्थानों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर चौपाल एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम में महिलाओं व बालिकाओं को आत्मरक्षा के उपाय, गुड टच-बैड टच की पहचान, महिला अधिकारों और महिला अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई। छेड़खानी या उत्पीड़न की स्थिति में भयभीत न होकर तत्काल पुलिस से शिकायत करने की अपील की गई। पुलिस टीमों ने महिलाओं को 1090 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन सहित अन्य उपयोगी नंबरों की जानकारी दी। साथ ही सोशल मीडिया के सावधानीपूर्वक इस्तेमाल और यातायात नियमों के पालन के प्रति भी जागरूक किया गया।

## हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई तुलसीदास जी की जयंती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**चुनार, मीरजापुर।** श्रीमती भागीरथी ट्रस्ट आदर्श संस्कृत महाविद्यालय चुनार में बुधवार को श्रीरामचरितमानस के रचनाकार कवि तुलसीदास की जयंती विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों के साथ मनायी।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डा.रमापति त्रिपाठी कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्राध्यापक वीरेंद्र चतुर्वेदी का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने काव्य पाठ किया। संत तुलसीदास जी की प्रमुख रचनाओं जैसे गीतावली, दोहावली, कवितावली, विनय पत्रिका, श्री रामचरितमानस इत्यादि से विद्यार्थियों ने सस्वर काव्य पाठ किया। कार्यक्रम अध्यक्ष ने कहा कि तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना कर विश्व को एक अनुपम कृति प्रदान की। 15 वीं शताब्दी में लिखी गई प्रत्येक पंक्तियां आज के संदर्भ में भी पूरी तरह फली भूत हो रही है। डॉ त्रिपाठी ने अपने संबोधन में तुलसीदास के जीवन से जुड़ी हुई अनेक रोचक जानकारी प्रदान की।

महाविद्यालय के प्राध्यापक श्याम किशोर पांडे ने तुलसीदास का जीवन परिचय बताते हुए कहा कि उनके जन्म को लेकर स्पष्ट बहुमत नहीं है कुछ लोग उन्हें 1511 तो कुछ लोग 1532 तो कुछ लोग 1554 मानते हैं। किंतु श्रावण मास की सप्तमी तिथि को उनका जन्म हुआ था ऐसा सभी मानते हैं। महाविद्यालय की प्राध्यापिका श्रीमती विभा पुजारी ने तुलसीदास की 12 कृतियों पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों में प्रमुख रूप से, राजन तिवारी,अंश, चंदन ने काव्य पाठ किया। इस अवसर पर सुश्री प्रीति, रमापति दीक्षित सहित विद्यालय के अध्यापक, अध्यापिका एवं छात्र छात्राये उपस्थित रही। गंगेश्वर नाथ स्थित श्री राघव जी मंदिर में भी बुधवार की शाम कवि तुलसीदास की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कवि तुलसीदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा रचित रचनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर अखिलेश पांडेय, लक्ष्मी शंकर पांडे, नंद किशोर तिवारी, प्रतीत राव बैद्य, श्रवण कुमार अवस्थी, अनिल मिश्रा इत्यादि उपस्थित रहे।

### सड़क किनारे खड़ी मोटरसाइकिल गायब, पीड़ित ने पुलिस से लगाई गुहार

**मीरजापुर।** ड्रमंडगंज क्षेत्र में सड़क किनारे खड़ी की गई मोटरसाइकिल के अचानक गायब होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए मोटरसाइकिल की तलाश कराए जाने और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र के अनुसार दिनांक 19 अगस्त 2026 को पीड़ित अपनी मोटरसाइकिल संख्या क्र 63 ,रू 5917 से जा रहा था। इसी दौरान मोटरसाइकिल को सड़क किनारे खड़ा कर वह किसी आवश्यक कार्य से चला गया। कुछ समय बाद जब वह वापस लौटा तो मौके से मोटरसाइकिल गायब मिली। काफी खोजबीन करने के बावजूद मोटरसाइकिल का कोई पता नहीं चल सका। घटना के बाद पीड़ित परेशान है और उसे आशंका है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी मोटरसाइकिल को वहां से ले जाया गया है। पीड़ित ने पुलिस से पूरे मामले की जांच कर मोटरसाइकिल बरामद कराने तथा दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस द्वारा शिकायत के आधार पर मामले की जांच किए जाने की बात कही जा रही है।

## अदवा नदी में बहे युवक का दो दिन बाद बेलन नदी में मिला शव, गांव में मचा कोहराम


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर।** कोरांव थाना क्षेत्र से जुड़ी एक दर्दनाक घटना में अदवा नदी के तेज बहाव में बह गए 26 वर्षीय युवक का शव दो दिन बाद बेलन नदी में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान धर्मराज उर्फ वीरस हरिजन, उम्र 26 वर्ष, निवासी सोठीया खुर्द के रूप में हुई है। बताया गया कि धर्मराज 18 अगस्त की सुबह कोटारनाथ दर्शन के लिए निकले थे। इसी दौरान कोटारनाथ के पास अदवा नदी के पुल से गुजरते समय अचानक उनका पैर फिसल गया और वह नदी के तेज बहाव की चपेट में आकर बह गए। घटना की जानकारी होने के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने काफी तलाश की, लेकिन युवक का कोई पता नहीं चल सका। लगातार खोजबीन के बीच गुरुवार की सुबह कोरांव थाना क्षेत्र के अयोध्या पुल से आगे कपासी गांव के लोलमाटी मजरा स्थित बलूबछ्वा घाट के पास मछुआरों ने बेलन नदी में एक शव देखा, जिसके बाद इसकी सूचना संबंधित लोगों को दी गई।

सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और शव की पहचान कराने का प्रयास शुरू किया गया। बाद में शव की पहचान धर्मराज उर्फ वीरस हरिजन के रूप में हुई, जिसके बाद घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि धर्मराज पांच भाइयों में तीसरे नंबर के थे और परिवार के लिए उनका इस तरह असमय चले जाना बेहद दुखद है। उनकी मां अंतर देवी बेटे की मौत की खबर सुनकर बेसुध हो गईं। वहीं, कोरांव पुलिस की सूचना पर हलिया पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पहचान की प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद ग्रामीणों में नदी के तेज बहाव को लेकर दहशत का माहौल है। लगातार बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ने और तेज धारा चलने से ग्रामीणों से नदी-नालों के आसपास विशेष सावधानी बरतने की अपील की जा रही है। धर्मराज की मौत से सोनियाखुर्द गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों के करुण क्रंदन से माहौल गमगीन बना हुआ है।

## ददरी पहरी में बदहाल सड़क से ग्रामीण बेहाल, काशी प्रसाद पटेल के घर के पास आवागमन ठप



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, मीरजापुर।** विकास खण्ड हलिया अंतर्गत ग्राम पंचायत ददरी के ददरी पहरी क्षेत्र में सड़क की बदहाल स्थिति ग्रामीणों के लिए बड़ी मुसीबत बन गई है।बीपी पटेल के घर के आगे से काशी प्रसाद पटेल के घर के पास सड़क की हालत बेहद खराब होने के कारण ग्रामीणों का आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो गया है।उन्होंने बताया कि अगर इस टाइम किसी की तबियत खराब हो जाए तो एमुलेंस भी नहीं आ सकती बारिश के बाद सड़क पर कीचड़ और गड्ढों की स्थिति और गंभीर हो गई है, जिससे राहगीरों को आने-जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि खराब सड़क के कारण पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है और दोपहिया तथा अन्य वाहनों के आवागमन में भी लगातार दिक्कत हो रही है।

सड़क की बदहाली के चलते आसपास के लोगों को अपने जरूरी कार्यों के लिए आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से मांग की है कि मौके का निरीक्षण कर सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि बरसात के दौरान ग्रामीणों का संपर्क पूरी तरह बाधित न हो और आवागमन सुचारु हो सके।

# किशोरियों को दिया गया स्वरक्षा एवं महिला अधिकारों संबंधी प्रशिक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश-** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार महिला कल्याण विभाग के हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन, वन स्टॉप सेंटर, चाइल्डलाइन एवं हंस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक 20 अगस्त 2026 को महिला संकुल कार्यालय, बिल्ली मारकुंडी, ओबरा, विकासखंड चोपन में किशोरियों के लिए जागरूकता एवं स्वरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किशोरियों को लैंगिक संवेदनशीलता, आत्मरक्षा के प्रभावी उपाय, आत्मविश्वास में वृद्धि, नेतृत्व क्षमता का विकास एवं व्यक्तिगत सुरक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों के प्रति भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, बालिकाओं के साथ होने वाले लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम, अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहने तथा किसी भी असहज अथवा संदिग्ध परिस्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त करने के उपाय बताए गए। बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहते हुए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

बालिकाओं को महिला हेल्पलाइन, वन स्टॉप सेंटर, बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सहित महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। योजनाओं से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए। किसी भी प्रकार की समस्या अथवा आवश्यकता होने पर बालिकाओं को 181, 1098, 112, 102, 1090 एवं 1076 हेल्पलाइन नंबरों तथा संबंधित विभागीय सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जेंडर स्पेशलिस्ट साधना मिश्रा, परियोजना समन्वयक मुकेश सिंह, केस वर्कर सीमा शर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर सफरुद्दीन सहित संबंधित टीम के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए आत्मरक्षा एवं महिला अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

## जन औषधि केंद्र के प्रचार प्रसार के लिए एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

### प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र से लोगों को कम कीमत पर मिल रही गुणवत्तापूर्ण दवा- राज्यसभा सांसद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर।** प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के प्रचार प्रसार तथा आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज से सटे ब्लॉक सभागार में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब पांच सौ से अधिक मरीजों की ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, खून सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचें निःशुल्क की गई। जांच के उपरांत मरीजों को जरूरत के अनुसार जन औषधि की दवाएं भी निःशुल्क वितरित की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वर्चुअल माध्यम से जुड़े राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशेष प्राथमिकता वाली योजनाओं में शामिल है। इसका उद्देश्य गरीब एवं कमजोर वर्ग के लोगों को बेहद कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने लोगों से जन औषधि केंद्रों का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। शिविर में बतौर विशिष्ट अतिथि पधारे ब्लॉक प्रमुख लालगंज जयंत कुमार सरोज ने भी जन औषधि केंद्रों की उपयोगिता और सस्ती दवाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। पीएमबीआई के यूपी मैनेजर गौतम कपूर ने अतिथियों का स्वागत किया। इस सहायक आयुक्त औषधि मुकेश पालीवाल, पीएमबीआई के नोडल अधिकारी मानवेंद्र सिंह, डॉ. संजय सिंह, डॉ. ऋचा सिंह, डॉ. योगेश दूबे, डॉ. कैलाश बिंद, डॉ. पंकज कुमार, केंद्र संचालक ऋषि त्रिपाठी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### मायके में सांप के काटने से महिला की मौत, ससुराल पक्ष ने पोस्टमार्टम कराने से किया इनकार

**मीरजापुर।** ड्रामंडगंजक्थाषना क्षेत्र के नौगवां मलिपुर गांव निवासी 26 वर्षीय मीना पत्नी मंगला शंकर की मायके में सांप के काटने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बुधवार की रात मायके सोनगढ़ा गांव में पूजा कार्यक्रम के दौरान मीना जमीन पर सो रही थी, तभी जहरीले सांप ने उसकी जांघ में काट लिया। सांप के काटने के बाद परिजनों ने तत्काल महिला का प्राथमिक उपचार कराया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे मंडलीय अस्पताल रेफर किया गया। इसके बाद परिजन महिला को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए ले जाने की तैयारी की, लेकिन मृतका के ससुराल पक्ष के लोगों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### अस्पताल में चोरी के मामले में 03 अभियुक्त गिरफ्तार, ऑक्सीजन पाइप के टुकड़े बरामद

**प्रतापगढ़।** थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत सदर अस्पताल में 17 अगस्त को हुई चोरी की घटना के संबंध में पंजीकृत धारा 305/317(2) बीएनएस से संबंधित अभियुक्तों की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में 20 अगस्त को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा चौकी सदर अस्पताल क्षेत्र में देखभाल क्षेत्र के दौरान प्राप्त सूचना के आधार पर ग्रीन वार्ड के पास से 03 अभियुक्तों नसीर पुत्र जहीर निवासी विवेक नगर, राम बाबू निवासी सदर बाजार एवं राजू उर्फ बिल्ला निवासी सहोदरपुर पूर्वी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त नसीर के कब्जे से चोरी किए गए ऑक्सीजन पाइप के टुकड़े बरामद हुए।

### यूपी बोर्ड परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि बढ़ाने की मांग

**सिद्धार्थनगर।** यूपी बोर्ड की हाई स्कूल और इंटर मीडिएट परीक्षा 2027 में सम्मिलित होने के लिए शुल्क जमा करने की समय सीमा समाप्त हो चुकी है। इससे कई छात्र परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित हो जायेंगे। यूपी बोर्ड द्वारा 5 अगस्त अंतिम तिथि घोषित की गई थी तथा बिलंब शुल्क सहित 15 अगस्त निर्धारित की गई थी। समय सीमा बीत जाने के बाद अभी भी क्षेत्र के कई छात्र शुल्क जमा नही कर पाए है। इसके लिए कई छात्र आर्थिक समस्या और छात्र बीमारी का हवाला दे रहे है। पवन कुमार,नीतीश कुमार, सोनी, गुड़िया, शाह आलम छात्रों ने उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद से शुल्क जमा करने की तिथि बढ़ाने की मांग की है।

### लाभांश बढ़ने से कोटेदारों में खुशी

**सिद्धार्थनगर।** प्रदेश सरकार ने उचित दर विक्रेताओं (कोटेदारों) का लाभांश 90 रुपये से बढ़ाकर 125 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है। इससे कोटेदारों में खुशी है। कोटेदार संघ के उसका ब्लॉक के अध्यक्ष राजनारायण पाण्डेय ने कहा की इससे कोटेदारों को आर्थिक राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ग का ध्यान रख रही है। लाभांश वृद्धि से कोटेदारों की आजीविका का संवर्धन हुआ है। नई ई-पॉस मशीनों और सिंगल-स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी से बिचौलिए खत्म हुए हैं। इससे वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ी है और लाभार्थियों को सीधा लाभ मिल रहा है। क्षेत्र के राजधर पाण्डेय, संजय श्रीवास्तव, मकसूद, संजय पासवान, उदयभान चौबे आदि कोटेदारों ने खुशी व्यक्त की है।

### सिपाही के घर में घुसने के वायरल वीडियो मामले में जांच में आरोपों की पुष्टि नहीं

**देवरिया।** जनपद के कोतवाली थाना क्षेत्र में 19 अगस्त को एक सिपाही के घर में घुसने का वीडियो वायरल होने के मामले में पुलिस जांच में नया तथ्य सामने आया है। क्षेत्राधिकारी नगर संजय रेड्डी ने बताया कि जांच और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर वायरल वीडियो से जुड़े आरोपों की पुष्टि नहीं हो रही है। पुलिस के अनुसार जांच में सामने आया कि मोटरसाइकिल सवार हिमांशु बरनवाल पुत्र भीम बरनवाल, निवासी हनुमान मंदिर, सीसी रोड, थाना कोतवाली, देवरिया अपने दो मित्रों के साथ स्टेशन रोड पर आरक्षी कन्हैया प्रताप के संबंध में अभद्र टिप्पणी कर रहा था। टिप्पणी का कारण जानने के लिए आरक्षी ने युवकों का पीछा किया। पुलिस का कहना है कि इसके बाद भविष्य में स्वयं को सुरक्षित रखने की नीयत से आरक्षी कन्हैया प्रताप पर घर में घुसने समेत अन्य आरोप लगाए गए। मामले की जांच में उपलब्ध साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर इन आरोपों की पुष्टि नहीं हो सकी है। क्षेत्राधिकारी नगर संजय रेड्डी ने बताया कि पूरे घटनाक्रम की जांच की गई है। जांच में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरक्षी पर लगाए गए आरोपों की पुष्टि नहीं हो रही है। पुलिस ने मामले से जुड़े तथ्यों और परिस्थितियों के आधार पर जांच की है।

### भदोही द्वारा मिशन शक्ति पोर्टल डाटा फीडिंग के संबंध में की गई समीक्षा बैठक

**भदोही** अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा मिशन शक्ति अभियान को गति देने के लिए ज्ञानपुर स्थित पुलिस लाइन सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक बुलाई गई। श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक (महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ) के आदेश के क्रम में यह बैठक आयोजित की गई। इसका मुख्य उद्देश्य मिशन शक्ति पोर्टल फीडिंग की प्रगति और कार्यो की गहन समीक्षा करना है। मिशन शक्ति पोर्टल डाटा फीडिंग की प्रगति के संबंध में जनपद के समस्त थानों पर स्थापित 'मिशन शक्ति केंद्र' में नियुक्त सभी मिशन शक्ति केंद्र प्रभारियों और महिला व पुरुष कर्मचारियों को उत्तर प्रदेश सरकार का मिशन शक्ति 5.0 पोर्टल, महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण से जुड़ी गतिविधियों की ऑनलाइन ट्रैकिंग और डेटा फीडिंग के संबंध में जानकारी देते हुए बैठक को सुचारू रूप से संपन्न किया गया।

# सफाई कर्मचारियों ने तिरंगा रैली निकाल मांगी पुरानी पेंशन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोंडा।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ गोंडा की जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में सुबह 11:00 से धीरे-धीरे जनपद की सफाई कर्मचारियों का जमावड़ा होना शुरू हुआ देखते देखते गांधी पार्क में हजारों की संख्या में सफाई कर्मचारी एकत्रित हुए सभी ब्लॉक अध्यक्ष व पदाधिकारी सफाई कर्मचारियों को महिला पदाधिकारी कर्मचारियों को संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी ने तिरंगा की पगड़ी तिरंगा का गमछा व तिरंगा का बैच सम्मानित किया सम्मानित करने के बाद सभी पदाधिकारी को लेकर जिला महामंत्री देवमणि शुक्ला व प्रदेश उपाध्यक्ष अमीर अहमद ने बापू प्रतिमा के सामने संघ के जिला अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में शपथ लेकर पुरानी पेंशन की बात रखी साथ ही उसके बाद जनपद के पदाधिकारी व ब्लॉक पदाधिकारी के साथ तिरंगा जीप के साथ हाथों में तिरंगा लेकर पुरानी पेंशन गीत गाते हुए जयकारों के साथ जनपद में जीपीएस फोटो हाजिरी को बंद करवाने सहित मांगों को लेकर एलबीएस चौराहा होते हुए। जिलाधिकारी आवास के सामने से अंबेडकर चौराहा पहुंचकर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर अपनी मांगे रखी सुनके जिलाधिकारी राघवेंद्र तिवारी ने कहा कि एक देश में दो कानून नहीं चलेगा।

जिस तरीके से देश के माननीय को पुरानी पेंशन मिलती है वैसे ही कर्मचारियों को पुरानी पेंशन दी जाए क्योंकि कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति के बाद पुरानी पेंशन ही जीवन का सहारा है महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष आरती तिवारी ने कहा कि कर्मचारी पुरानी पेंशन के बिना अधूरा है इस लड़ाई को हम आखरी सांस तक लड़ेंगे ब्लॉक अध्यक्ष अतुल तिवारी ने कहा कि सरकार से पेंशन के लिए आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी।

जिला महामंत्री देवमणि शुक्ला ने कहा कि अगर सरकार पुरानी पेंशन बहाल नहीं करती है तो आने वाले समय में इसका हिसाब चुनाव में कर्मचारी बराबर करेगा इस मौके पर संगठन मंत्री उधो राम गौतम जिला संप्रेक्षक राम रूप वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष इटियाथोक लोकनाथ शुक्ला धर्मेंद्र वर्मा लखन लाल पासवान प्रदीप वर्मा धर्मेंद्र पांडे अभिमन्यु कुमार हरीश मिश्रा पंकज कुमार अतुल तिवारी रघुनाथ मौर्य राम सजीवन तिवारी सनी राम कनौजिया जितेंद्र तिवारी रवि गोस्वामी हरेंद्र सिंह राम निहोर रमेश सिंह महिला मोर्चा महामंत्री सफीकुल निशा महिला मोर्चा जिला महामंत्री रामरती देवी निर्मल वर्मा पूनम सिंह संगीता गुप्ता अनीता प्रजापति फौजदार पांडे जुबेर अहमद अजय चौहान जबीउल्ला सिद्दीकी मस्तराम यादव सहित हजारों कर्मचारी मौजूद रहे।

## छुट्टा पशुओं की समस्या को लेकर सहयोग समिति ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बांसी (सिद्धार्थनगर)।** नगर पालिका बांसी और आसपास के क्षेत्रों में छुट्टा पशुओं, गौवंश व सांड़ों की बढ़ती समस्या को लेकर सहयोग समिति बांसी के सदस्यों ने गुरुवार को उप जिलाधिकारी बांसी को ज्ञापन सौंपकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि नगर की सड़कों पर बड़ी संख्या में छुट्टा पशु घूम रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। राहगीरों, विद्यार्थियों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को आवागमन में परेशानी हो रही है। वहीं ठेला व छोटे व्यवसाय करने वालों को भी छुट्टा पशुओं के कारण नुकसान और दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

मामले का संज्ञान लेते हुए एसडीएम बांसी ने शीघ्र विशेष अभियान चलाकर छुट्टा पशुओं को निर्धारित गो-आश्रय स्थलों तक पहुंचाने तथा प्रमुख मार्गों को अवरोध मुक्त कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद बांसी को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान समाजसेवी प्रमोद कुमार, शुभम सोनी, धीरज रावत, अनिल मौर्य, शरद सोनी, धर्मेंद्र कुमार, मनीष वर्मा सहित सहयोग परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## बारावफात, रक्षाबंधन व जन्माष्टमी को लेकर खेसरहा थाने में पीस कमेटी की बैठक



**बांसी (सिद्धार्थनगर)।** आगामी बारावफात, रक्षाबंधन एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर गुरुवार को खेसरहा थाने में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम प्रधानों, संभ्रांत नागरिकों, जुलूस आयोजकों तथा हिंदू-मुस्लिम समुदाय के धर्मगुरुओं और मौलवियों ने भाग लिया। बैठक में पुलिस अधिकारियों ने त्योहारों के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। साथ ही उच्चाधिकारियों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से उपस्थित लोगों को अवगत कराया गया और आपसी सौहार्द बनाए रखने पर जोर दिया गया। बैठक थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र के नेतृत्व में आयोजित हुई। इस दौरान थाना पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# पहली बार बिजली की रोशनी से रोशन हुए तीन ग्रामीण क्षेत्र

**आरडीएसएस योजना के तहत विद्युत लाइन का कार्य पूरा, परिवारों को मिली बिजली की सौगात**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** जनपद के विद्युत सुविधा से वंचित ग्रामीण क्षेत्रों को बिजली की रोशनी से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। आरडीएसएस योजना के तहत विद्युत लाइन विस्तार का कार्य पूरा होने के बाद कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्रों में पहली बार बिजली पहुंची है, जहां अब तक परिवार विद्युत सुविधा से वंचित थे। बिजली पहुंचने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। आरडीएसएस योजना के अंतर्गत एलओएच (लाइन कार्य) के तहत विकासखंड पचपेड़वा की ग्राम पंचायत पिपरा जमुनी एवं मजरा मोतीहवा, विकासखंड रेहरा बाजार की ग्राम पंचायत रुधौली बुजुर्ग तथा विकासखंड उतरौला की ग्राम पंचायत फतेहपुर के हैदरगढ़ एवं वजीरगंज में विद्युत लाइन का कार्य पूर्ण कर विद्युत सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

**घर-घर पहुंची बिजली की रोशनी**




विद्युत सुविधा से वंचित इन ग्रामीण क्षेत्रों में पहली बार बिजली पहुंचने के बाद ग्रामीण परिवारों के घर रोशनी से जगमगा उठे हैं। लंबे समय से बिजली का इंतजार कर रहे ग्रामीणों के लिए यह सुविधा किसी बड़ी सौगात से कम नहीं है। बिजली आने से ग्रामीणों की रोजमर्रा की जिंदगी भी आसान होने की उम्मीद है। **बच्चों की पढ़ाई में मिलेगी सहूलियत** विद्युत आपूर्ति शुरू होने से सबसे अधिक लाभ स्कूली बच्चों को मिलने की उम्मीद है। अब बच्चे शाम और रात के समय पर्याप्त रोशनी में पढ़ाई कर सकेंगे। इसके अलावा मोबाइल चार्जिंग, पंखे, घरेलू उपकरणों तथा अन्य विद्युत संसाधनों के उपयोग में भी ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी। **विकास की मुख्यधारा से जुड़ेंगे गांव** ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतीकरण से केवल घर रोशन नहीं होंगे, बल्कि सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। बिजली की सुविधा उपलब्ध होने से छोटे कारोबार, घरेलू रोजगार और अन्य दैनिक गतिविधियों के विस्तार की संभावनाएं बढ़ेंगी। दूरस्थ एवं अब तक विद्युत सुविधा से वंचित क्षेत्रों को मुख्यधारा की बुनियादी सुविधाओं से जोड़ने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। विद्युत लाइन का कार्य पूर्ण होने के बाद ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली पहुंचने से उनके गांवों के विकास को नई गति मिलेगी और आने वाली पीढ़ी के लिए बेहतर सुविधाओं का रास्ता खुलेगा।

## स्व.राजीव गांधी की 82 वीं जयंती पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 82वीं जन्म जयंती के अवसर पर कांग्रेस कार्यालय के प्रांगण में चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ. दीपक शुक्ल के नेतृत्व में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर राजीव गांधी की चित्र पर माल्यार्पण कर सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने फीता काटकर निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का विधिवत शुभारंभ किया।इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माण के दूरदर्शी नेता थे। उन्होंने शिक्षा, तकनीक और संचार के क्षेत्र में ऐसे महत्वपूर्ण कदम उठाए, जिनका लाभ आज देश को मिल रहा है। उनका मानना था कि देश की प्रगति की मजबूत नींव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और युवाओं के सशक्तिकरण से ही रखी जा सकती है। आज उनकी जयंती पर हमें उनके विचारों को आगे बढ़ाने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए।चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ. दीपक शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस हमेशा जनसेवा को अपनी प्राथमिकता मानती रही है। मेडिकल कैंप के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना राजीव गांधी के सेवा और सद्भावना के संदेश को आगे बढ़ाने का प्रयास है।

इस अवसर पर चिकित्सा प्रकोष्ठ के डा. डी.के. शुक्ला, डा. रत्नेश जैन, डा. नगीना अग्रहरी, डा. सीमा पाल,डा. आर.एल. अनवर, डा. रजनीश श्रीवास्तव, अनिल कुमार त्रिपाठी, रामचन्द्र गुप्ता, अमन जैन, अंजनी कुमार श्रीवास्तव, आशीष कुमार, पप्पू शर्मा, हर्ष शुक्ला, विपिन तिवारी, अनीशा उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, कांग्रेस से सेवादल के जिला अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ल, राम शिरोमणि वर्मा, रवि भूषण सिन्हा, मासूम हैदर,आशिक अली,देवमणि पाण्डेय, रवि प्रताप सिंह सहित दर्जनों कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## ई-रिक्शा की ठोकर से घायल महिला की इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते मौत

**सिद्धार्थनगर।** मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के मऊ उत्तरी गांव के सामने ई-रिक्शा की टक्कर से एक घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका की पहचान कलावती (55) पत्नी अवधेश के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 अगस्त 2026 की शाम अज्ञात नंबर के ई-रिक्शा चालक बरखू पुत्र बद्री निवासी विशुनपुर अकोलहिया थाना गोल्हौरा ने घर के सामने ही कलावती को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों द्वारा घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा था। हालत गंभीर होने पर मंगलवार 19 अगस्त को डॉक्टरों ने उसे गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर गोरखपुर ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतका के पति अवधेश पुत्र सुन्नर ने मिश्रौलिया थाने पहुंचकर घटना की तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी ई-रिक्शा चालक के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर लिया है। वरिष्ठ उप निरीक्षक दिग्विजय नाथ दूबे ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

### ई-लाटरी के माध्यम से 21 अगस्त को कृषि यन्त्रों के लाभार्थियों का होगा चयन

**प्रतापगढ़।** उप कृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में कृषि विभाग द्वारा संचालित मैकेनाइजेशन एवं इन-सीटू योजनान्तर्गत समस्त कृषि यंत्रों, कस्टम हायरिंग सेन्टर आदि जिसकी बुकिंग 16 जुलाई से 10 अगस्त के मध्य जनपद के जिन कृषकों द्वारा कृषि विभाग के पोर्टल पर आनलाइन बुकिंग की गयी है उन लाभार्थियों का चयन 21 अगस्त 2026 को दोपहर 12 बजे से कृषि भवन प्रतापगढ़ के सभागार कक्ष में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति की उपस्थिति में ई-लाटरी के माध्यम से किया जाना है। उन्होने जनपद के समस्त सम्बन्धित कृषकों से अनुरोध किया है कि जिनके द्वारा कृषि यन्त्रों हेतु आनलाइन बुकिंग की गयी है, वह ई-लाटरी हेतु निर्धारित तिथि, स्थान व समय पर उपस्थित रहकर ई-लाटरी के माध्यम से लाभार्थियों के चयन में सहभागिता करें।

## सीडीओ ने पान उत्पादक कृषकों के दल को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** गुणवत्तायुक्त पान उत्पादन को प्रोत्साहन की योजना वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत जनपद के पान उत्पादक 50 कृषकों के दल को गुणवत्तापूर्ण पान की खेती की तकनीकी जानकारी देने और उनकी उपज को बेहतर बनाने के लिये चन्द्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय कानपुर, महोबा एवं कृषि विज्ञान केन्द्र छतरपुर मध्य प्रदेश सात दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम 20 से 26 अगस्त तक के लिये प्रशिक्षण हेतु जनपद के विकास भवन से मुख्य विकास अधिकारी राममोहन मीना द्वारा बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने पान उत्पादक कृषकों से वार्ता कर कहा कि पान की खेती की तकनीकी जानकारी अच्छे से प्राप्त करें। इस प्रशिक्षण के माध्यम से पान उत्पादकों की उत्पादकता और उपज की गुणवत्ता में सुधार होगा। यह किसानों को पान की खेती से जुड़ी आधुनिक तकनीकों और विधियों से अवगत कराएगा, जिससे उन्हें अधिक लाभ मिलेगा। इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा, पान उत्पादक कृषक व उद्यान विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अजगरा महोत्सव में दिखेगा संस्कृति और आधुनिक जनसंवाद का संगम-डीएम

**» 1427 प्रतिनिधियों से शुरू होगी 'द ग्रेट अजगरा डिबेट' की यात्रा, अंतिम आठ बनेंगे 'अजगरा अष्ट'**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** अजगरा महोत्सव-2026 की तैयारियों एवं आयोजन की रूपरेखा को लेकर जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने गुरुवार को कैम्प कार्यालय सभागार में पत्रकारों से प्रेसवार्ता की। उन्होने बताया कि हजारों वर्ष पूर्व अजगरा की धरती पर यक्ष और युधिष्ठिर के बीच धर्म, समाज, जीवन और नैतिक मूल्यों से जुड़े महत्वपूर्ण प्रश्नों पर संवाद हुआ था। उसी ऐतिहासिक एवं पौराणिक संवाद परंपरा को वर्तमान समय में पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है।महोत्सव का मुख्य आकर्षण अजगरा महान संवाद-2026 'द ग्रेट अजगरा डिबेट' होगा, जिसमें युवाओं एवं आमजन को समसामयिक सामाजिक विषयों पर अपने विचार रखने, प्रश्न पूछने और तार्किक संवाद करने का अवसर मिलेगा।

जिलाधिकारी ने प्रेसवार्ता में बताया कि 'द ग्रेट अजगरा डिबेट' के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र से लेकर जिला स्तर तक प्रतिभाओं को अपनी बात रखने के लिए मंच उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयोजन का उद्देश्य केवल प्रतियोगिता कराना नहीं, बल्कि युवाओं में तार्किक सोच, अभिव्यक्ति की क्षमता और सामाजिक विषयों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि 24 से 26 अगस्त तक ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर प्रतिभागियों का चयन होगा। इसके बाद 29 एवं 30 अगस्त को 17 विकासखंडों एवं 19 नगरीय निकायों के स्तर पर, 2 एवं 3 सितंबर को जोनल महासंवाद तथा 5 सितंबर को जिला स्तरीय महासंवाद आयोजित किया जाएगा। इसी दिन अंतिम आठ प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। 6 से 16 सितंबर तक अंतिम आठ प्रतिभागियों का सार्वजनिक परिचय एवं तैयारी कराई जाएगी तथा 17 सितंबर को अजगरा महान संवाद का ग्रैंड फिनाले आयोजित किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि ग्राम एवं वार्ड स्तर पर कुल 1427 प्रतिनिधियों के चयन की व्यवस्था की गई है। विकासखंड एवं नगरीय निकाय स्तर पर 36 विजेता, जोनल स्तर पर 16 प्रतिभागी तथा अंतिम चरण में 8 प्रतिभागियों का चयन होगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 1,51,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 1,01,000 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 75,000 रुपये निर्धारित किया गया है।डीएम ने बताया कि अजगरा महोत्सव का आयोजन अजगरा रानीगंज स्थित यक्ष-युधिष्ठिर संवाद स्थल पर 15 से 17 सितंबर तक प्रस्तावित है। उन्होंने पत्रकारों से अपील की कि अजगरा महोत्सव एवं 'द ग्रेट अजगरा डिबेट' के उद्देश्य और कार्यक्रम की जानकारी को व्यापक रूप से जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग करें, ताकि अधिक से अधिक युवा, विद्यार्थी एवं आमजन इस पहल से जुड़ सकें।

### लापता महिला को मिशन शक्ति टीम ने डिंडई बाजार से बरामद किया




**बांसी (सिद्धार्थनगर)।** शिवनगर डिंडई थाना क्षेत्र के मसैचा गांव से घर से बिना बताए निकली 57 वर्षीय महिला को मिशन शक्ति टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डिंडई बाजार से सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार महिला की बेटी अंशिका सिंह ने थाने में सूचना दी थी कि उनकी मां पुनिता देवी घर से बिना बताए कहीं चली गई हैं। सूचना मिलते ही मिशन शक्ति टीम ने खोजबीन शुरू की और काफी प्रयास के बाद लापता महिला को डिंडई बाजार से बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। क्षेत्राधिकारी बांसी शुभेंदु सिंह के निर्देशन तथा थानाध्यक्ष बृजेश सिंह के नेतृत्व में की गई कार्यवाही टीम में अयोध्या यादव, महिला हेड कांस्टेबल नीलम शुक्ला एवं महिला कांस्टेबल प्रतिमा दूबे शामिल रहीं।

## कच्ची पटरी पर अनियंत्रित होकर सीमेंट लदा ट्रक पलटा, टला बड़ा हादसा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज/रायबरेली।** महराजगंज क्षेत्र के ग्राम अटरेहटा स्थित सधई का पुरवा के पास गुरुवार शाम करीब छह बजे दिल्ली से अयोध्या जा रहा सीमेंट लदा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद मौके पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। गनीमत रही कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या यूपी 31 बीटी 0401 में सीमेंट लदा हुआ था। ट्रक दिल्ली से अयोध्या की ओर जा रहा था। सधई का पुरवा के पास पहुंचने पर सीमेंट रोड की पटरी कच्ची होने के कारण ट्रक का संतुलन बिगड़ गया। देखते ही देखते ट्रक सड़क किनारे पलट गया। ट्रक के पलटने से उसमें लदा सीमेंट भी प्रभावित हुआ।

हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और ट्रक चालक के बारे में जानकारी जुटाई। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की पक्की पटरी नहीं होने के कारण भारी वाहनों को निकलने में परेशानी होती है और इससे हादसे की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से सड़क की कच्ची पटरी को जल्द पक्का कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं पर रोक लग सके। हादसे में किसी बड़े नुकसान या जनहानि की सूचना नहीं होने से लोगों ने राहत की सांस ली।

# गौवंश तस्करी से अर्जित अवैध आय पर चला पुलिस का शिकंजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश** - पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध जनपद में चलाए जा रहे सघन अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल के कुशल नेतृत्व एवं क्षेत्राधिकारी सदर सुधीर कुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रायपुर विजय कुमार चौरसिया के नेतृत्व में थाना रायपुर पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई।थाना रायपुर पर पंजीकृत मु0अ0 सं0-03/2026, धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त संतोष कुमार तिवारी पुत्र वैंकटेश्वर तिवारी, निवासी ग्राम सेमरा, थाना राबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र द्वारा गौवंश की तस्करी से अर्जित अवैध आय से क्रय की गई मालवाहक पिकअप वाहन संख्या क्क64 CT-1158, जिसकी अनुमानित कीमत 3,12,000/- (तीन लाख बारह हजार रुपये) है, को धारा 14(1) उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत कुर्क किए जाने हेतु जिला मजिस्ट्रेट सोनभद्र को रिपोर्ट प्रेषित की गई थी।उक्त रिपोर्ट के क्रम में दिनांक 14.08.2026 में जिला मजिस्ट्रेट सोनभद्र द्वारा निर्गत आदेश के अनुपालन में थाना रायपुर पुलिस द्वारा उक्त वाहन को अभियुक्त के घर से अपने कब्जे में लेकर नियमानुसार धारा 14(1) उ0 प्र0 गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत कुर्क किया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से अपराध एवं अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों में भय एवं दहशत व्याप्त है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में

प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र, वरिष्ठ उपनिरीक्षक श्री सूबेदार यादव सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# स्कूल-अस्पताल के पास हॉर्न बजाया तो होगी कार्रवाई! डीजे और मैरिज हॉल पर भी पटना हाईकोर्ट का सख्त आदेश

## पटना हाईकोर्ट ने बिहार में ध्वनि प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए सख्त निर्देश दिए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पटना।** बिहार में ध्वनि प्रदूषण पर लगाम कसने के लिए पटना हाईकोर्ट ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने राज्य के सभी जिलों के प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण नियमों का कड़ाई से पालन कराने को कहा है। खास तौर पर डीजे, तेज आवाज वाले लाउडस्पीकर और वाहनों में इस्तेमाल होने वाले प्रेशर हॉर्न पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि डीजे संचालक, लाउडस्पीकर संचालक, बैंक्वेट और मैरिज हॉल प्रबंधन रात 9:55 बजे के बाद संगीत या पब्लिक एड्रेस सिस्टम का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। दिन में भी ध्वनि निर्धारित डेसीबल सीमा के भीतर ही रखनी होगी। नियम तोड़ने पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करनी होगी।




**गाड़ी में प्रेशर हॉर्न लगाया तो कट सकता है भारी चालान**

वाहनों में प्रेशर हॉर्न के इस्तेमाल पर कोर्ट ने नाराजगी जताई है। पुलिस को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 190(2) के तहत ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। कटिहार के पोठिया में एक सप्ताह के अभियान के दौरान प्रेशर हॉर्न पर 1.10 लाख रुपये का जुर्माना वसूले जाने का उदाहरण भी कोर्ट के सामने रखा गया।

**स्कूल-अस्पताल के आसपास बनेगा साइलेंस जोन, लगेंगे बड़े बोर्ड**

अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास साइलेंस जोन को प्रभावी करने का निर्देश दिया गया है। इन इलाकों में 'नो हॉर्न' और 'नो लाउडस्पीकर' के स्पष्ट एवं प्रमुख संकेतक बोर्ड लगाए जाएंगे। डीजे संचालकों और वाहन चालकों को इन क्षेत्रों से गुजरते समय पूरी शांति बनाए रखनी होगी।

**डीजे और मैरिज हॉल संचालकों का अब होगा रजिस्ट्रेशन**

हाईकोर्ट ने डीजे, मैरिज हॉल और लाउडस्पीकर संचालकों के लिए पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है। सभी संचालकों को स्थानीय एसडीओ कार्यालय में अपना पंजीकरण कराना होगा। उनका पूरा विवरण संबंधित थानों को भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई आसान हो सके। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को सार्वजनिक स्थानों पर ध्वनि की निगरानी के लिए सिस्टम स्थापित करने और डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड लगाने का निर्देश दिया गया है। इसके जरिए लोगों को ध्वनि प्रदूषण की निर्धारित सीमा और उसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाएगा। कोर्ट के आदेश की जानकारी संबंधित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों तक पहुंचाने की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी।

# पुलिस आयुक्त कानपुर ने की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के साथ संवाद एवं समन्वय बैठक

**कानपुर।** पुलिस आयुक्त द्वारा पुलिस आयुक्त कार्यालय स्थित सभागार में जनपद के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के साथ संवाद एवं समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था डॉ. विपिन ताडा एवं अपर पुलिस उपायुक्त/स्टाफ ऑफिसर योगेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा निर्मित 'Silent Crimes' फिल्म का प्रदर्शन किया गया तथा पुलिस के अनुभवों, सामाजिक जिम्मेदारियों एवं जन-जागरूकता में सोशल मीडिया की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जनपद के विभिन्न मुद्दों को सकारात्मक रूप से उजागर करने एवं जनहित से जुड़े विषयों पर जागरूकता फैलाने में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की भूमिका की सराहना की गई। टेक्नोलॉजी, सोशल मीडिया, द्व एवं अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के सुरक्षित एवं सावधानीपूर्वक उपयोग के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा सकारात्मक एवं रचनात्मक कंटेंट के माध्यम से समाज में जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया गया। इन्फ्लुएंसर्स द्वारा अपने अनुभव एवं स्टोरी साझा की गई तथा जनहित के मुद्दों पर त्वरित संवाद एवं आपसी समन्वय बनाए रखने पर सहमति बनी। युवाओं की तकनीकी समझ, नई सोच एवं सृजनात्मक दृष्टिकोण की सराहना करते हुए समाज में सकारात्मक संदेश एवं जागरूकता प्रसारित करने में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया गया।

# राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस सेवादल ने किया भव्य कार्यक्रम, किया वृक्षारोपण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कांग्रेस सेवादल कानपुर नगर ग्रामीण कमेटी के जिलाध्यक्ष सुशील सोनी के नेतृत्व में आज बिठूर विधानसभा के बनपुरवा स्थित नितेश्वर आश्रम में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर पीपल, बेलपत्र, अमरूद, नीम, बरगद सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवादल बुंदेलखंड जोन के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दीक्षित जी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राजीव गांधी जी ने देश को 21वीं सदी की ओर अग्रसर किया और युवाओं को नई दिशा दी। उनके आदर्शों पर चलकर ही हम देश और समाज की सेवा कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने वृक्षारोपण को आज की सबसे बड़ी जरूरत बताते हुए सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष सुशील सोनी, जिला सचिव डॉ. आर.के. सिंह, जिला सचिव मानसिंह यादव, अनिल शर्मा अध्यक्ष वार्ड 82,आयुष दीक्षित, संदीप शर्मा, योगेंद्र सिंह, नीलम मिश्रा,वरिष्ठ समाज रश्मि सोनी,प्रिया कटिहार,पूजा यादव,प्रेम नारायण प्रजापति, आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रखण्ड कार्यालय बरही में बैंक ऑफ़ इंडिया का विशेष शिविर, बैंकिंग योजनाओं की दी गई जानकारी

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बैंक ऑफ इंडिया बरही शाखा की ओर से गुरुवार को प्रखंड कार्यालय बरही परिसर में विशेष वित्तीय साक्षरता शिविर लगाया गया। जिसका उद्देश्य प्रखंड कार्यालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को बैंक की विभिन्न सेवाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तथा विशेष रूप से वेतन खाता खोलने के फायदों की जानकारी देना था। इसमें शाखा प्रबंधक राकेश रंजन, सहायक शाखा प्रबंधक प्रवीण कुमार, प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया हजारीबाग अंचल अनुराग प्रेम सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। मौके पर सहायक प्रबंधक ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उन्हें योजनाओं के लाभ, पात्रता, प्रीमियम अथवा अंशदान तथा नामांकन प्रक्रिया के बारे में भी कर्मचारियों को जागरूक किया। इसके अलावा वेतन खाता, बचत खाता, डिजिटल बैंकिंग, ऑनलाइन लेनदेन समेत बैंक की अन्य सुविधाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि नियमित बचत और बीमा योजनाओं के माध्यम से अपने तथा परिवार के भविष्य को आर्थिक रूप से सुरक्षित किया जा सकता है।

### नुक्कड़ नाटक 'नशे का त्याग, जीवन का सम्मान'



**कानपुर-** ग्रामीण नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए एनयूपीपीएल परियोजना के अंतर्गत डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक विद्यालय में नशामुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक रहा। प्रभावशाली अभिनय, संवाद एवं नारों के माध्यम से विद्यार्थियों ने शराब, तंबाकू, गुटखा आदि नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। नाटक में नशे से स्वास्थ्य, परिवार, शिक्षा और भविष्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों को उजागर किया गया। इस अवसर पर कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों ने त्वरित भाषण तथा कक्षा 5 से 8 के विद्यार्थियों ने पोस्टर निर्माण में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी विद्यार्थियों ने नशामुक्ति की शपथ लेकर स्वयं नशे से दूर रहने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। मानव संसाधन विभाग के उप महाप्रबंधक कौशिक भर ने अपने संदेश में कहा, 'युवाओं की जागरूकता और दृढ़ संकल्प ही नशामुक्त समाज की मजबूत नींव है।

### बिहार सोन नदी में आया उफान, इंद्रपुरी बराज के 40 गेट खुले

**बारुण(औरंगाबाद)।** औरंगाबाद के बारुण इलाके में सोन नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से प्रशासन ने तटीय क्षेत्रों में हाई अलर्ट जारी किया है। इंद्रपुरी बराज से गुरुवार सुबह 2 लाख 96 हजार 247 क्यूसेक पानी सोन नदी में छोड़े जाने की जानकारी दी गई है।बढ़ते जलप्रवाह को देखते हुए नदी किनारे बसे गांवों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। बीडीओ नीरज कुमार के अनुसार, इंद्रपुरी बराज के कुल 69 गेट हैं, जिनमें से 40 गेट खोल दिए गए हैं। पानी के तेज बहाव को देखते हुए प्रशासन ने निचले इलाकों और नदी के आसपास रहने वाले लोगों को सावधान रहने को कहा है। ग्रामीणों से नदी और जलभराव वाले स्थानों से दूरी बनाए रखने की अपील की गई है।

# मोरांगी पंचायत के तीर्थ यात्रियों के साथ बैठक

## सांसद मनीष जायसवाल की पहल से बुजुर्गों को कराया जा रहा तीर्थ दर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** सदर प्रखंड पंचायत के अंतर्गत मोरांगी पंचायत के डेमोटांड़ स्थित सामुदायिक भवन में सांसद तीर्थ दर्शन योजना के तहत तीर्थ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तीर्थ यात्रियों को यात्रा से संबंधित जानकारी दी गई तथा व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल की पहल पर क्षेत्र के बुजुर्गों को काशी विश्वनाथ, अयोध्या, प्रयागराज और विंध्याचल सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों का तीर्थ दर्शन कराया जा रहा है। इसके लिए लोकसभा क्षेत्र की पंचायतों से बारी-बारी से श्रद्धालुओं को बस की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जानकारी के अनुसार अब तक 80 पंचायतों के श्रद्धालु तीर्थ दर्शन कर चुके हैं। 81वां जत्था अगले दिन रवाना होगा, जबकि 82वां जत्था मोरांगी पंचायत से तीर्थ दर्शन के लिए रवाना होगा। बैठक में सदर प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि दामोदर प्रसाद के नेतृत्व में जिला सांसद प्रतिनिधि अजय साहू, सदर विधानसभा के प्रतिनिधि किशोर कुमार राणा, मांडू विधानसभा के प्रतिनिधि खोया सिंह, मोरांगी पंचायत की मुखिया दयमनी टोपो, पूर्व मंडल अध्यक्ष रणधीर पांडेय सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं पंचायत के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान मोहन कुमार, देवनारायण साव, छोटन साव, महेश प्रसाद, संजय कुमार, मनोज कुमार, धीरेन्द्र कुमार, राकेश कुमार, राजेंद्र मिंज, शंकर उरांव टोपो, करुणा देवी, गीता देवी, अजय यादव समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और तीर्थ यात्री मौजूद थे। बैठक में तीर्थ यात्रियों ने सांसद की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बुजुर्गों को धार्मिक स्थलों का दर्शन कराने की यह पहल उनके लिए महत्वपूर्ण और यादगार अनुभव है।

# सीएचसी नारायणपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** गुरुवार को राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत नारायणपुर सीएचसी में जागरुकता कार्यक्रम हुई। कार्यक्रम में सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा.एके सिंह ने लोगों को मलेरिया की जानकारी देकर मलेरिया से सुरक्षा ओर इससे बचाव के उपाय बताकर जागरूक करने का कार्य किया। उन्होंने लोगों को बताया कि मच्छर के काटने से मलेरिया, फलेरिया, कालाजार, डेंगू, चिकनगुनिया, जापानीज इन्सेफेलाईटिस जैसी बीमारी हो सकती हैं। इसलिए इससे बचाव को लेकर मच्छरदानी का प्रयोग करने, अपने घरों तथा उसके आस-पास जल जमाव नहीं होने देने, पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनने, सप्ताह में एक दिन कूलर, फ्रीज, फुलदान आदि का पानी बदलने आदि का सलाह दी गई। इसके अलावे उन्होंने बीमारी की लक्षण की भी जानकारी दी। बताया कि इसकी जांच ओर उपचार सभी सरकारी अस्पतालों में मुफ्त उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि जागरूक रहेंगे तो बिमारी से बचें रहेंगे। स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाए।

# जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक, पूजा व निगरानी समिति गठित

## राधा कृष्ण चेतना न्यास कोनरा में आयोजन को लेकर बनी रणनीति, प्रति घर 1100 रुपये चंदा निर्धारित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** राधा कृष्ण चेतना न्यास, कोनरा के प्रांगण में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को धूमधाम एवं व्यवस्थित तरीके से मनाने को लेकर समीक्षा बैठक सह समिति गठन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सभा अध्यक्ष परमेश्वर यादव ने की। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव हर्षोल्लास एवं धार्मिक वातावरण में मनाया जाएगा। बैठक में महोत्सव की तैयारियों, पूजा व्यवस्था, सुरक्षा एवं आयोजन को सफल बनाने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। आयोजन को भव्य एवं व्यवस्थित बनाने के लिए समय पर सभी तैयारियां पूरी करने पर सहमति बनी। पूजा के सफल संचालन के लिए प्रति घर 1100 रुपये चंदा राशि निर्धारित की गई। आयोजन में पारदर्शिता और बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सर्वसम्मति से पूजा समिति एवं निगरानी समिति का गठन किया गया। पूजा समिति में परमेश्वर यादव को सभा अध्यक्ष, विनोद कुमार यादव (हरला) को पूजा अध्यक्ष, सोनू कुमार यादव (बेलादोहर) को सचिव, धनेश्वर गोप (हरला) को कोषाध्यक्ष तथा संजय कुमार को पुजारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं निगरानी समिति में जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव (बेलादोहर), परमेश्वर गोप (हरला), छट्टू गोप (हरला), अशोक यादव (हरला), सहदेव यादव (हरला), घनश्याम यादव (हुटवा), बलदेव यादव (हरला), अशोक यादव (बेलादोहर), ब्रह्मदेव यादव (चलंगा), महेन्द्र यादव (माधोपुर), भुनेश्वर यादव (औरपरता), युगल किशोर यादव (हरला), कैलाश यादव (बेलाही), संजय यादव (कोनरा), ब्रह्मदेव यादव (बेलादोहर), राजकुमार यादव (बरियट्ठा), राजकुमार यादव (चलंगा) एवं युगल यादव (पथलगड्डा) को शामिल किया गया। बैठक में घनश्याम यादव, बालेश्वर यादव, शिभु गोप, प्रयाग यादव, संदीप सेठ, अशोक कुमार यादव, अशोक यादव, ब्रह्मदेव यादव, सहदेव यादव, संजय कुमार, धनेश्वर गोप, बब्लू, राजेश्वर कुमार, सुधीर कुमार एवं अशोक कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं धार्मिक वातावरण में संपन्न कराने का संकल्प लिया। साथ ही आयोजन में सभी लोगों से सहयोग एवं सहभागिता की अपील की गई।

# हरिगंज गांव में एआईएमआईएम का जनसंपर्क अभियान, संगठन विस्तार पर जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पाकुड़, झारखंडः-** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन एआईएमआईएम के पूर्व विधायक सह संथाल परगना प्रभारी अखिल अख्तर के निर्देशानुसार तथा पाकुड़ जिला अध्यक्ष शमसाद आलम के नेतृत्व में गांधाईपुर पंचायत के हरिगंज गांव में कार्यकर्ता जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने गांव के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और स्थानीय मुद्दों की जानकारी ली। साथ ही आम जनता को पार्टी की नीतियों, विचारधारा एवं जनहित से जुड़े मुद्दों के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता से अवगत कराया। कार्यकर्ताओं ने संगठन को पंचायत एवं बूथ स्तर तक मजबूत करने, अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने तथा सदस्यता एवं जनसंपर्क अभियान को और गति देने को लेकर चर्चा की। जिला अध्यक्ष शमसाद आलम ने कहा कि एआईएमआईएम का उद्देश्य गांव-गांव जाकर आम जनता से सीधा संवाद स्थापित करना और उनकी समस्याओं को समझकर उचित मंच तक पहुंचाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ संगठन विस्तार में जुटने तथा जनता की समस्याओं को लेकर सक्रिय रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पाकुड़ जिले की विभिन्न पंचायतों एवं गांवों में जनसंपर्क अभियान लगातार जारी रहेगा। पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के साथ अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सभी जनसमस्याओं पर विचार-विमर्श कर उनके समाधान का प्रयास किया जाएगा। आने वाले समय में पाकुड़ जिले को प्रगति और विकास की दिशा में आगे ले जाना है तथा संथाल परगना प्रभारी अखिल अख्तर के विकास संबंधी सपने को पूरा करने के लिए कार्यकर्ता पूरी तत्परता से काम करेंगे।

# राजीव गांधी की 82वीं जयंती पर कांग्रेसियों ने लिया उनके विचारों पर चलने का संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**करौं, देवघर, झारखंडः-** गुरुवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के बैनर तले एवं प्रखंड अध्यक्ष चंद्रदेव दास के नेतृत्व में करौं प्रखंड के सालतर गांव में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 82वीं जयंती सादे समारोह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में गोविंदपुर, डुमतर, दुबरा, डिण्डाकोली, करौं, आलमपुर और जांत सहित विभिन्न गांवों से आए दर्जनों सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और राजीव गांधी के विचारों एवं आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता धनंजय पांडेय ने राजीव गांधी को स्मरण करते हुए केक काटा। उन्होंने राजीव गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में राजीव गांधी को सूचना क्रांति का प्रणेता माना जाता है। उनके कार्यकाल में कंप्यूटर के विस्तार को गति मिली। जिला महामंत्री संजीव कुमार चौधरी ने कहा कि देश में दूरसंचार क्रांति के विस्तार में राजीव गांधी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता वर्षों से राजीव गांधी की जयंती को सद्भावना दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से 'राजीव गांधी अमर रहें', 'राजीव गांधी का बलिदान याद रखेगा हिंदुस्तान' आदि नारे लगाए। मौके पर कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता अजित पंडित, सागर दास, भीम तुरी समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत साढ़ थाना परिसर जलमग्न



**कानपुर ग्रामीण।** घाटमपुर क्षेत्र में बुधवार देर रात हुई मूसलाधार बारिश के कारण साढ़ थाना परिसर में जलभराव हो गया, भारी बारिश के चलते पूरा थाना परिसर पानीं में डूब गया,, जलभराव का स्तर इतना ज्यादा था कि थाने के कार्यालयों और परिसर में रखी कुर्सियां मेज और अन्य सरकारी सामान पानी में पूरी तरह से डूब गए,इस अचानक हुए जलभराव से थाने का कामकाज भी प्रभावित हुआ है,, थाना परिसर में जलभराव की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची,फायर ब्रिगेड के जवान पंपिंग सेट और अन्य उपकरणों की सहायता से परिसर में भरें पानी को बाहर निकालने के प्रयास में जुटे हैं, पानी निकालने का काम अभी भी जारी है।

# बिहार में उर्वरक बेचने के नियमों में बदलाव, किसानों को खाद की किल्लत से मिलेगी राहत

**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बुधवार को उर्वरक कंपनियों, एजेंसियों, थोक एवं खुदरा विक्रेताओं तथा विभागीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। मीठापुर स्थित कृषि भवन सभागार में हुई बैठक में मंत्री ने खुदरा उर्वरक विक्रेताओं को थोक तथा थोक विक्रेताओं को खुदरा बिक्री का लाइसेंस देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस पहल से उर्वरक की आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था अधिक प्रभावी होगी। किसानों को निर्धारित दर पर उर्वरक आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। उर्वरक कंपनियों से अच्छे एवं सक्रिय विक्रेताओं की सूची उपलब्ध कराने को कहा गया है, ताकि लाइसेंस से संबंधित प्रक्रिया में उन्हें प्राथमिकता दी जा सके। उन्होंने कंपनियों को निर्देश दिया कि खुदरा विक्रेताओं के बीच उर्वरक का समानुपातिक वितरण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर अनियमितता, मनमानी या भेदभाव पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। निष्क्रिय उर्वरक विक्रेताओं का लाइसेंस रद किया जाएगा। लाइसेंस लेकर गड़बड़ी करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

# सपा बढ़ती महंगाई को लेकर 22 अगस्त को काला दिवस मनाएगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** समाजवादी पार्टी महानगर के गोविन्द नगर, आर्यनगर, सीसामऊ और किदवई नगर के बूथ प्रभारियों, पीडीए मिशन तथा छात्रों की एक बैठक सपा महानगर अध्यक्ष फजल महमूद की अध्यक्षता में महंगाई को लेकर आरंभ हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष फजल महमूद ने कहा कि सपा महानगर पीडीए मिशन 22 अगस्त, दिन शनिवार को पांचों विधानसभा क्षेत्रों के 78 वार्डों में विरोध करेगा। कड़वा तेल (सरसों का तेल) जो पहले एक सौ सत्तर रुपये किलो बिक रहा था, वह आज दो सौ पच्चीस रुपये से ज्यादा मूल्य पर बिक रहा है। चीनी पिछले 18 दिनों में 68 रुपये प्रति किलो तक पहुँच गई है, जिसकी वजह से आने वाले त्योहारों जैसे रक्षाबंधन, गणेश चतुर्थी, दशहरा और दीपावली पर चीनी सौ रुपये किलो के पार कर जाएगी। अध्यक्ष फजल महमूद ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार जानबूझकर चीनी का निर्यात कर रही है। जबकि सरकार को मालूम था कि खपत की तुलना में चीनी का उत्पादन कम हुआ है, इसके बावजूद निर्यात की 15 लाख टन की छूट देकर देश की जनता के साथ अन्याय किया गया है। इसे लेकर सपा गंभीर है और भाजपा के कृत्यों का सिलसिलेवार जवाब देने का काम करेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्तागण काली पट्टी बाँधकर वार्डों में विरोध करेंगे तथा महंगाई पर एक आकलन रिपोर्ट सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव को भेजी जाएगी, जो महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित होगी।

# फायरिंग में एक दर्जन पर एफआईआर, 24 घंटे में तीन आरोपी गिरफ्तार

## रविंदर सिंह हत्याकांड में दो अवैध पिस्टल, छह कारतूस और 1.5 किलो हेरोइन बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लुधियाना।** घंटाघर चौक के पास रविवार देर रात हुई फायरिंग में फोटोग्राफर रविंदर सिंह उर्फ सोनू की हत्या के मामले को लुधियाना पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सुलझाने का दावा किया है। पुलिस ने मामले में करीब एक दर्जन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दो अवैध पिस्टल, छह जिंदा कारतूस, कथित नशीली पदार्थों की रकम और 1.5 किलो हेरोइन बरामद की गई है।

**तीन आरोपी गिरफ्तार**

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हरमनजीत सिंह उर्फ हरमन, निवासी ताजपुर रोड, मनोज कुमार, निवासी बिहारी कॉलोनी ताजपुर रोड और ऋषि कुमार उर्फ ऋषु, निवासी आदर्श नगर के रूप में हुई है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की ओर से छापेमारी की जा रही है।

**हथियार और हेरोइन बरामद**

पुलिस के मुताबिक मनोज कुमार के कब्जे से 32 बोर और 30 बोर की दो अवैध पिस्टल, छह जिंदा कारतूस, कथित नशीली पदार्थों की रकम और 1.5 किलो हेरोइन बरामद हुई। इस संबंध में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21-सी, 61 और 85 के तहत अलग मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार मनोज कुमार के खिलाफ पहले भी 10 मार्च 2023 को थाना डेहलों में धारा 379 और 411 के तहत मामला दर्ज है और वह जमानत पर है। हरमनजीत सिंह और ऋषि कुमार के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है।

**सड़क विवाद के बाद बढ़ी रंजिश**

प्रारंभिक जांच के अनुसार विवाद की शुरुआत जेएमडी मॉल के पास वाहनों की टक्कर को लेकर हुई थी। पुलिस के मुताबिक आकाशदीप सिंह और मनिंदर नेगी की नई सफेद टोयोटा कार से टक्कर के बाद विवाद हुआ। इसके बाद घंटाघर चौक के पास आरोपियों ने कथित तौर पर कार से फायरिंग की। फायरिंग में रविंदर सिंह उर्फ सोनू के सिर में गोली लगी, जबकि जसवीर के हाथ में भी गोली लगी। घायलों को उपचार के लिए डीएमसी अस्पताल ले जाया गया, जहां रविंदर सिंह को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले में अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है।

# प्रधान शिक्षक की कथित अनियमित उपस्थिति से शर्माफा बस्ती एलपी स्कूल की व्यवस्था सवालों में

## मिड-डे मील और बिजली सुविधा को लेकर भी शिकायतें, अभिभावकों ने निष्पक्ष जांच की मांग की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**श्रीभूमि:** श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर शिक्षा खंड के अंतर्गत कालामागुरा गांव के निकट स्थित शर्माफा बस्ती एलपी स्कूल की शैक्षणिक व्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं को लेकर स्थानीय अभिभावकों तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने कई गंभीर शिकायतें उठाई हैं। प्रधान शिक्षक की कथित अनियमित उपस्थिति, मिड-डे मील के नियमित संचालन पर सवाल तथा विद्यालय में बिजली कनेक्शन नहीं होने को लेकर अभिभावकों ने शिक्षा विभाग से तत्काल जांच की मांग की है। प्रधान शिक्षक की उपस्थिति पर सवाल स्थानीय अभिभावकों का आरोप है कि विद्यालय के प्रधान शिक्षक राजेश गोर नियमित रूप से स्कूल में उपस्थित नहीं रहते। उनका कहना है कि शिक्षक की कथित अनियमित उपस्थिति का असर सीधे विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। अभिभावकों के अनुसार, विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या बहुत अधिक नहीं है। ऐसे में शिक्षक की नियमित उपस्थिति से पठन-पाठन सुचारु रूप से संचालित किया जा सकता है। लेकिन कथित गैरहाजिरी के कारण बच्चों की शिक्षा प्रभावित होने की आशंका है। मिड-डे मील को लेकर भी शिकायत विद्यालय में संचालित मिड-डे मील योजना को लेकर भी अभिभावकों ने शिकायत की है। उनका दावा है कि सरकारी प्रावधान के तहत मध्याह्न भोजन के लिए सामग्री उपलब्ध कराए जाने के बावजूद विद्यार्थियों को नियमित रूप से भोजन नहीं मिल रहा है। कुछ अभिभावकों ने आरोप लगाया कि विद्यालय में मिड-डे मील का नियमित वितरण नहीं किया जाता। उन्होंने पूरे मामले की सरजमीनी जांच की मांग करते हुए संबंधित विभाग से खाद्य सामग्री की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था और रिकॉर्ड की जांच करने की अपील की है। प्रबंधन समिति को नजरअंदाज करने का आरोप विद्यालय प्रबंधन समिति के कुछ सदस्यों का आरोप है कि विद्यालय के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक मामलों में समिति को अपेक्षित महत्व नहीं दिया जा रहा है। प्रधान शिक्षक की उपस्थिति तथा विद्यालय की व्यवस्था को लेकर शिकायत किए जाने के बावजूद संबंधित अधिकारियों की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं होने का भी आरोप लगाया गया है। बिजली कनेक्शन नहीं होने से परेशानी विद्यालय में बिजली कनेक्शन नहीं होने को लेकर भी अभिभावकों में नाराजगी है। उनका कहना है कि गर्मी के मौसम में बिजली की सुविधा नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया कि जब सरकार ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक बनाने तथा डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दे रही है, तब एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय अभी तक बिजली जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित क्यों है। शिक्षा विभाग से तत्काल निरीक्षण की मांग लगातार सामने आ रही शिकायतों के बीच अभिभावकों ने रामकृष्णनगर शिक्षा खंड के अधिकारियों से विद्यालय का तत्काल निरीक्षण करने की मांग की है। उनका कहना है कि प्रधान शिक्षक की उपस्थिति, पठन-पाठन की स्थिति, मिड-डे मील व्यवस्था, विद्यालय प्रबंधन समिति की भूमिका और बिजली कनेक्शन समेत सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

अभिभावकों का कहना है कि सरकार दूरदराज क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पाठ्यपुस्तक, स्कूल ड्रेस, मिड-डे मील और अन्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। ऐसे में यदि जमीनी स्तर पर किसी प्रकार की लापरवाही सामने आती है, तो उसका सीधा असर विद्यार्थियों की शिक्षा और भविष्य पर पड़ सकता है।

# लाल बंगला में कपड़े के शोरुम में लगी आग, आग से लाखों का माल जल कर हुआ राख

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** पूर्वी जोन कानपुर के चकेरी थाना क्षेत्र स्थित लालबंगला मार्केट में आज सुबह एक रेडीमेड कपड़ों के शोरूम में भीषण आग लग गई। आग से दुकान में रखे ब्रांडेड कपड़े, महंगे परफ्यूम और एसी समेत लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग की घटना से आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। श्यामनगर निवासी दुकान संचालक प्रिंस गुप्ता के अनुसार उनकी दुकान 'ट्रेंडजिल्ला' लालबंगला की सब्जी मंडी में है। वह रोजाना की तरह बुधवार की रात दुकान बंद करके घर चले गए थे। दो दिन पहले ही उन्होंने ब्रांडेड कपड़ों का नया स्टॉक मंगवाया था। आज सुबह मकान मालिक आदित्य वर्मा ने धुआं निकलने की सूचना दी थी। मौके पर पहुंचने पर दुकान के अंदर आग भड़क चुकी थी और चारों तरफ धुआं भरा हुआ था। प्रिंस ने बताया कि शटर खोलते ही आग की तेज लपटें बाहर निकलने लगीं, जिससे दुकान का सामान तेजी से जलने लगा। दुकान संचालक प्रिंस गुप्ता ने आरोप लगाया कि दमकल विभाग को सूचना देने के लगभग एक घंटे बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। उनके अनुसार, दमकल के पहुंचने में हुई देरी के कारण आग को फैलने का अधिक समय मिल गया, जिससे दुकान के अंदर रखा सामान बड़े पैमाने पर नष्ट हो गया। प्रिंस गुप्ता ने इस घटना में लगभग 50 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया है। सूचना मिलते ही जाजमऊ अग्निशमन केंद्र से दो फायर टैंकर और एक हाई-प्रेशर यूनिट मौके पर पहुंची। अग्निशमन टीम ने आग को दुकान के अन्य हिस्सों और आसपास की दुकानों तक फैलने से रोकने के लिए मोर्चा संभाला और काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। हालांकि इस घटना में किसी व्यक्ति के झुलसने या जनहानि की कोई सूचना नहीं है। आग लगने का संभावित कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि इसकी पुष्टि जांच के बाद ही होगी। फायर अधिकारी राहुल नंदन ने पुष्टि की है कि आग से कोई जनहानि नहीं हुई है और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# स्वैच्छिक रक्तदान में योगदान के लिए धर्मवीर गर्ग और ईश्वर बंसल सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पटियाला।** पंजाब सरकार की ओर से चंडीगढ़ स्थित पंजाब म्युनिसिपल भवन में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3090 के पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर धर्मवीर गर्ग और रोटरी क्लब भवानीगढ़ सिटी के पूर्व अध्यक्ष ईश्वर बंसल को स्वास्थ्य सेवाओं एवं स्वैच्छिक रक्तदान अभियान में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया। समारोह में प्रदेशभर से करीब 50 लोगों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग पंजाब के कुमार राहुल, आईएएस, पंजाब राज्य रक्त आधान परिषद की निदेशक साक्षी साहनी, आईएएस, पीजीआई चंडीगढ़ के रक्त बैंक निदेशक डॉ. रत्ती राम शर्मा समेत स्वास्थ्य विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि पंजाब ने स्वैच्छिक रक्तदान का करीब 80 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया है। इस उपलब्धि में सामाजिक संगठनों और स्वैच्छिक रक्तदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने भविष्य में भी संस्थाओं से सहयोग जारी रखने की अपील की। उन्होंने थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रोटरी क्लब भवानीगढ़ सिटी की ओर से किए जा रहे कार्यों की सराहना की। समारोह के दौरान तकनीकी कार्यशाला भी आयोजित की गई। इसमें रक्तदान शिविरों के बेहतर आयोजन, रक्तदाताओं की देखभाल के नए प्रोटोकॉल, रक्तदान की पात्रता एवं अंतराल तथा रक्तदाताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने जैसे विषयों पर चर्चा की गई। सम्मान प्राप्त करने के बाद धर्मवीर गर्ग और ईश्वर बंसल ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए प्रेरणादायक है, लेकिन उनका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी जरूरतमंद मरीज को समय पर रक्त की कमी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि दुर्घटना, थैलेसीमिया, प्रसव या अन्य आपात स्थिति में मरीज और उसका परिवार पहले ही कठिन दौर से गुजर रहा होता है। ऐसे में समय पर रक्त उपलब्ध न होने से उनकी परेशानी और बढ़ जाती है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की।

# जालंधर में महिला सुरक्षा की समीक्षा, सशक्तिकरण की पहलों को मिली दिशा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जालंधर।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने 18 अगस्त को जालंधर का दौरा कर महिला सुरक्षा, संस्थागत जवाबदेही, आर्थिक सशक्तिकरण, डिजिटल समावेशन और युवतियों के लिए रोजगार एवं करियर के अवसरों की समीक्षा की। राहटकर ने वरिष्ठ जिला प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े मामलों में समयबद्ध कार्रवाई, कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने, संस्थागत जवाबदेही तथा महिलाओं से संबंधित कानूनों और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम-2013 (पॉश) का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और 10 या उससे अधिक कर्मचारियों वाले कार्यस्थलों पर आंतरिक शिकायत समिति का प्रभावी संचालन, नियमित जागरूकता कार्यक्रम और सरल शिकायत निवारण व्यवस्था जरूरी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा केवल कल्याण का विषय नहीं, बल्कि सुशासन का महत्वपूर्ण आधार है। रेड क्रॉस सभागार में उन्होंने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी करीब 100 महिलाओं से संवाद किया। कृषि, डेयरी, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण और लघु उद्यमों से जुड़ी महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए। आयोग ने महिलाओं को डिजिटल पहचान, उत्पाद की पैकेजिंग, प्रस्तुतीकरण और बाजार तक पहुंच मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित किया। रहाटकर ने कहा कि महिलाएं केवल सरकारी योजनाओं की लाभार्थी नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव की महत्वपूर्ण वाहक हैं। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में आयोग की 'यशोदा एआई' पहल के तहत महिलाओं के डिजिटल सशक्तिकरण और उभरती तकनीकों में उनकी भागीदारी बढ़ाने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। रहाटकर ने कहा कि महिलाओं को केवल तकनीक का उपयोग करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में नेतृत्व, नवाचार और नए अवसरों के लिए तैयार होना चाहिए। हंस राज महिला महाविद्यालय में आयोग की ओर से 'शी सर्व्स' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य युवतियों को सशस्त्र सेनाओं में करियर बनाने के लिए प्रेरित करना था। कर्नल रश्मि नारायण और लेफ्टिनेंट सोनिया महेंद्रा ने छात्राओं को सशस्त्र सेनाओं में भर्ती एवं करियर के अवसरों की जानकारी दी। इस दौरान छात्राओं ने पारंपरिक नृत्य और गीतों के माध्यम से पंजाब की सांस्कृतिक विरासत भी प्रस्तुत की। आयोग ने 'नशे की लत का खतरा–महिलाओं पर बढ़ता बोझ' विषय पर कार्यक्रम भी आयोजित किया। इसमें नशे की लत से महिलाओं और परिवारों पर पड़ने वाले भावनात्मक, सामाजिक और आर्थिक प्रभावों तथा रोकथाम के लिए समुदाय आधारित संवेदनशील दृष्टिकोण की आवश्यकता पर चर्चा की गई। जालंधर दौरे के दौरान राष्ट्रीय महिला आयोग ने महिला सुरक्षा, सम्मान, आर्थिक आत्मनिर्भरता, डिजिटल समावेशन और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# श्रीभूमि जिले के शुगार मिल सीआरपीएफ कैंप के सामने लगातार चोरी, पुलिस पर सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि-** श्रीभूमि जिले के शुगार मिल सीआरपीएफ कैंप के ठीक सामने लगातार चोरी की घटनाओं से जिले के राताबाड़ी शुगार मिल इलाके में चिंता बढ़ती जा रही है। ईस बार चोरों ने एक पत्रकार के घर को निशाना बनाया। घर से बिजली का मोटर चोरी कर चोर फरार हो गए। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बीच पुलिस प्रशासन की कथित निष्क्रियता को लेकर आम लोगों के मन में भी सवाल उठने लगे हैं। श्रीभूमि जिले के राताबाड़ी थाना क्षेत्र के शुगर मिल सीआरपीएफ कैंप के सामने भैरवबाड़ी इलाके में एक बार फिर चोरी की घटना सामने आई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कैंप के सामने ही बार-बार चोरी की घटनाएं होने के बावजूद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपेक्षित कदम नजर नहीं आ रहे हैं। इससे आम लोगों में चिंता के साथ-साथ प्रशासन की भूमिका को लेकर भी प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। इस बार चोरों के निशाने पर पत्रकार राशिद अहमद का घर रहा। मंगलवार देर रात उनके घर में घुसकर चोरों ने एक बिजली का मोटर खोलकर चोरी कर लिया।

बताया गया है कि करीब चार वर्षों से यह मोटर घर में लगा हुआ था और अब तक किसी तरह की परेशानी नहीं हुई थी। लेकिन मंगलवार देर रात अचानक चोरों ने मोटर खोलकर उसे चुरा लिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, इलाके में चोरी की घटनाएं कोई नई बात नहीं हैं। कुछ दिन पहले सीआरपीएफ कैंप के सामने ही मनोरंजन राय के घर से ट्यूबवेल का नल चोरी हो गया था। इसके बाद फरीज़ मेंबर के घर से भी नल चोरी होने की शिकायत सामने आई। इसके अलावा शुगर मिल बाजार में सीआरपीएफ कैंप के पास हेलाल की दुकान का ताला तोड़कर सामान चोरी किए जाने की घटना भी सामने आ चुकी है। एक के बाद एक सामने आ रही इन घटनाओं से इलाके की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का सवाल है कि यदि सीआरपीएफ कैंप जैसी महत्वपूर्ण जगह के ठीक सामने भी चोर बेखौफ होकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, तो आम लोगों की सुरक्षा कितनी सुनिश्चित है? लगातार घटनाओं के बावजूद पुलिस प्रशासन की ओर से प्रभावी निगरानी और कार्रवाई क्यों नहीं दिखाई दे रही– इसे लेकर भी लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। इलाकावासियों ने रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाने, नियमित निगरानी रखने और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने की मांग की है। लोगों का कहना है कि चोरी की घटनाओं पर जल्द रोक नहीं लगाई गई तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। इस बीच, मोटर चोरी की घटना को लेकर पत्रकार राशिद अहमद ने राताबाड़ी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। स्थानीय लोगों ने सभी चोरी की घटनाओं की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों की जल्द पहचान करने और उनके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई करने की मांग की है।

लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बीच अब सबसे बड़ा सवाल यही है सीआरपीएफ कैंप के सामने भी यदि चोर सुरक्षित तरीके से चोरी को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं, तो आम जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी आखिर किसकी है।

# चब्बेवाल विधानसभा क्षेत्र को विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ की ग्रांट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**होशियारपुर।** चब्बेवाल विधानसभा क्षेत्र के गांवों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए पंजाब सरकार की ओर से 5 करोड़ रुपये की ग्रांट जारी की गई है। इस संबंध में विधायक डॉ. इशांक कुमार ने होशियारपुर स्थित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) कार्यालय में अधिकारियों, सरपंचों, पंचों और गांवों के अन्य प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की। विधायक डॉ. इशांक कुमार ने कहा कि गांवों में लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़ी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। प्रत्येक गांव तक विकास पहुंचना चाहिए और विकास कार्य स्थानीय लोगों की जरूरतों एवं प्राथमिकताओं के अनुसार किए जाने चाहिए। बैठक में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी (डीडीपीओ) संदीप सिंह, बीडीपीओ माहिलपुर कंवलजीत सिंह और बीडीपीओ होशियारपुर-2 पलविंदर सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। विधायक ने बताया कि 5 करोड़ रुपये की ग्रांट से गांवों में गलियों, नालियों और सीवरेज, स्टेडियम, खेल मैदान, धर्मशाला, सामुदायिक भवन, पार्क, झूले, खुले व्यायाम स्थल, तालाबों की घेराबंदी, पुलिया और पेयजल के लिए नलकूप सहित अन्य जरूरी विकास कार्य कराए जाएंगे। इसके अलावा गांवों में पुस्तकालय और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के निर्माण पर भी ध्यान दिया जाएगा। बैठक में विभिन्न गांवों में प्रस्तावित विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपलब्ध धनराशि का उपयोग ऐसे कार्यों पर प्राथमिकता से किया जाए, जिनका सीधा लाभ ग्रामीणों को मिले। उन्होंने कहा कि गांवों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। डॉ. इशांक कुमार ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी तालमेल के साथ विकास कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 5 करोड़ रुपये की यह ग्रांट चब्बेवाल विधानसभा क्षेत्र के गांवों में चल रहे और प्रस्तावित विकास कार्यों को गति देगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों की सेवा करने का अपना वादा दोहराते हुए कहा कि वह पूरी मेहनत, लगन और ईमानदारी से चब्बेवाल के लोगों की सेवा करते रहेंगे।

# 25 अगस्त को लगेगा वृहद रोजगार मेला, सुबह 10 बजे से होगा आयोजन

**टूण्डला-** जिला सेवायोजन कार्यालय, फिरोजाबाद एवं राम सिंह महाविद्यालय, नगला सिकन्दर, एटा रोड, टूण्डला के संयुक्त तत्वावधान में 25 अगस्त 2026 को एक दिवसीय निःशुल्क वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला प्रातः 10 बजे से राम सिंह महाविद्यालय परिसर में आयोजित होगा। जिला सेवायोजन अधिकारी खुशबू शाक्य ने बताया कि रोजगार मेले में देश एवं प्रदेश की विभिन्न कंपनियों के नियोजकों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। कंपनियों के प्रतिनिधि बेरोजगार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर उनकी योग्यता के अनुसार चयन प्रक्रिया पूरी करेंगे। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए बेरोजगार अभ्यर्थियों को सेवायोजन विभाग के वेब पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in पर ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों का साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क होगी। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बेरोजगार युवाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में रोजगार मेले में पहुंचकर उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाएं।रोजगार मेले में साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों को अपना पंजीयन कार्ड, शैक्षिक प्रमाण पत्र, फोटो/आईडी तथा रिज्यूम साथ लाना आवश्यक होगा। विभाग की ओर से युवाओं से अपील की गई है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ रोजगार मेले में पहुंचकर विभिन्न कंपनियों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों का लाभ उठाएं।

# सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी को लेकर पुलिस को दिया शिकायती पत्र

**कोंच(जालौन)-** समाज के प्रति सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी किए जाने के एक मामले में सभासद ने साथियों संग मिलकर कोतवाली में शिकायती पत्र देकर टिप्पणी करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की है। नगर पालिका सभासद महेंद्र कुशवाहा सहित विशाल, प्रेमसिंह, उमेश, असित, नवीन आदि ने कोतवाली पुलिस को दिए अपने शिकायती पत्र में कहा कि सोशल मीडिया पर ग्राम कासिमपुर रहावली के कुछ लोगों ने कुशवाहा समाज के प्रति अभद्र एवं जातिसूचक भाषा का प्रयोग करते हुए टिप्पणी की हैं जो निंदनीय ही। इन टिप्पणियों के चलते समाज के लोग आहत हुए हैं, साथ ही सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की गई है।

# 412 एकड़ जलभराव प्रभावित जमीन बनी खेती योग्य, किसानों को मिली बड़ी राहत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फाजिल्का।** फाजिल्का जिले में जलभराव की समस्या से प्रभावित किसानों को बड़ी राहत मिली है। पंजाब सरकार की ओर से खुइयां सरवर गांव में 7.78 करोड़ रुपये की लागत से दो भूमिगत जल निकासी परियोजनाएं पूरी कर 412 एकड़ जमीन को जलभराव से मुक्त कर फिर से खेती योग्य बनाया गया है। कैबिनेट मंत्री बरिंदर गोयल ने खुइयां सरवर और नकेरिया गांवों का दौरा कर किसानों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। खुइयां सरवर में पहली परियोजना पर 5.38 करोड़ रुपये खर्च कर 327 एकड़ भूमि से जलभराव की समस्या दूर की गई। वहीं दूसरी परियोजना के तहत 2.40 करोड़ रुपये की लागत से 85 एकड़ जमीन को खेती योग्य बनाया गया। दोनों परियोजनाओं का काम मई 2026 में शुरू हुआ था। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री बरिंदर गोयल ने कहा कि फाजिल्का के किसानों के लिए जलभराव लंबे समय से गंभीर समस्या रही है। सरकार अस्थायी समाधान के बजाय वैज्ञानिक और स्थायी समाधान पर जोर दे रही है। भूमिगत जल निकासी प्रणाली के माध्यम से जमीन से अतिरिक्त पानी निकालकर उसे दोबारा उपजाऊ और खेती योग्य बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि किसान की जमीन केवल संपत्ति नहीं, बल्कि उसकी आय, आजीविका और भविष्य का आधार है। इसलिए जलभराव प्रभावित जमीन को दोबारा खेती योग्य बनाना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। मंत्री ने बताया कि नकेरिया गांव में 6.91 करोड़ रुपये की लागत से एक और भूमिगत जल निकासी परियोजना पर काम चल रहा है। इसके पूरा होने से करीब 250 एकड़ जलभराव प्रभावित जमीन को राहत मिलेगी। इस परियोजना का काम भी मई 2026 में शुरू हुआ था। गोयल ने कहा कि पंजाब सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए सड़क, सिंचाई, जल निकासी, पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास परियोजनाएं चला रही है। सरकार का उद्देश्य ऐसी बुनियादी सुविधाएं विकसित करना है, जिनका लाभ आने वाली पीढ़ियों को भी मिले। उन्होंने कहा कि खुइयां सरवर की 412 एकड़ जमीन को जलभराव से मुक्त कर खेती योग्य बनाना किसानों की आय और कृषि व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# प्रयागराज मण्डल में एक स्टेशन एक उत्पाद के तहत स्टाल के लिए दिव्यांगजनों को मिलेगी प्राथमिकता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** मण्डल रेल प्रबन्धक/प्रयागराज, रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, हरिमोहन के निर्देशन में दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं सामाजिक समावेशन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए प्रयागराज मण्डल में वन स्टेशन वन प्रोडक्ट (OSOP) योजना के अंतर्गत रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके तहत प्रयागराज मण्डल के 28 स्टेशनों पर 39 OSOP स्टॉल/ट्रॉलियों के माध्यम से अनुमोदित स्थानीय एवं स्वदेशी उत्पादों की बिक्री की जा सकेगी। OSOP स्टॉल/ट्रॉलियों के आवंटन हेतु सभी पात्र व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं, लेकिन दिव्यांगजनों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य दिव्यांगजनों




को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना, स्थानीय एवं स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करना तथा रेलवे स्टेशनों पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। इसके अंतर्गत सोनभद्र, मिर्जापुर, विंध्याचल, चुनार, मानिकपुर, प्रयागराज-छिवकी, प्रयागराज, सूबेदारगंज, फतेहपुर, कानपुर सेंट्रल, पनकीधाम, कानपुर अनवरगंज, फफूंद, मैनपुरी, हाथरस, अलीगढ़, भोगांव, अछल्दा, झींझक, रूरा, भरथना, दादरी, डावर, इटावा, खुर्जा, शिकोहाबाद, फिरोजाबाद एवं टूंडला स्टेशनों पर आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इच्छुक एवं पात्र आवेदक संबंधित स्टेशन के स्टेशन मास्टर के नाम प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ आधार कार्ड एवं दिव्यांगजन प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा। खाद्य उत्पादों की बिक्री हेतु आवेदन करने वाले आवेदकों को वैध स्व्स्थ्य प्रमाणपत्र भी प्रस्तुत करना होगा। प्रयागराज, प्रयागराज-छिवकी, मिर्जापुर, कानपुर सेंट्रल, अलीगढ़, इटावा, टूंडला, फतेहपुर एवं सूबेदारगंज स्टेशनों पर पंजीकरण शुल्क ?2,000 प्रतिमाह तथा अन्य स्टेशनों पर ?1,000 प्रतिमाह निर्धारित है। स्टॉल/ट्रॉली का आवंटन अधिकतम तीन माह के लिए किया जाएगा। न्यूनतम 15 दिनों के लिए शुल्क क्रमशः ?1,000 एवं ?500 तथा तीन माह के लिए क्रमशः ?6,000 एवं ?3,000 निर्धारित है। प्रत्येक स्टॉल पर प्रत्येक शिफ्ट में अधिकतम दो सेल्समैन, जिसमें प्लेटफॉर्म वेंडर भी शामिल हैं, कार्य कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त 60 यूनिट तक विद्युत प्रभार रेलवे द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। यह योजना सभी पात्र आवेदकों के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार का अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ दिव्यांगजनों को प्राथमिकता देकर उन्हें आत्मनिर्भर और सम्मानजनक आजीविका प्रदान करने की दिशा में प्रयागराज मण्डल का एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही, इससे स्थानीय एवं स्वदेशी उत्पादों को रेलवे स्टेशनों के माध्यम से व्यापक बाजार उपलब्ध होगा तथा स्थानीय कारीगरों एवं उत्पादकों को भी प्रोत्साहन मिलेगा

# घरेलू विवाद के बाद 45 वर्षीय व्यक्ति ने जामुन के पेड़ से फांसी लगाकर दी जान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रयागराज।** बहरिया थाना क्षेत्र के ग्राम धमौर में गुरुवार सुबह 45 वर्षीय व्यक्ति का शव गांव से कुछ दूरी पर खेत में जामुन के पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलते ही बहरिया पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की। प्रथम दृष्टया घरेलू विवाद के बाद अवसाद में आकर आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस मामले के अन्य पहलुओं की भी गहनता से जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक नन्दलाल पुत्र स्वर्गीय रामअधार, निवासी ग्राम धमौर, थाना बहरिया, प्रयागराज, उम्र करीब 45 वर्ष था। ग्राम प्रधान धमौर मान सिंह यादव ने गुरुवार 20 अगस्त 2026 को सुबह करीब 7:35 बजे बहरिया पुलिस को सूचना दी कि गांव में एक व्यक्ति ने जामुन के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पता चला कि नन्दलाल ने अपने घर से कुछ दूरी पर स्थित केवलदास पटेल के खेत में लगे जामुन के पेड़ पर अपने पहने हुए शर्ट से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या की थी। मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान, ग्रामीणों और मृतक के परिवारीजनों ने पुलिस को बताया कि नन्दलाल रोजी-रोटी के सिलसिले में भिवंडी, महाराष्ट्र गया हुआ था और करीब दो दिन पहले ही अपने घर वापस लौटा था। परिजनों के मुताबिक, घर लौटने के बाद 19 अगस्त को उसका अपनी पत्नी श्रीमती गुड़िया देवी से पारिवारिक मामलों को लेकर विवाद हुआ था। बताया गया कि मृतक शराब का भी आदी था। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जानकारी में घरेलू विवाद के चलते नन्दलाल के तनाव और अवसाद में होने की बात सामने आई है।

# देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती मनाई गई



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी,प्रयागराज।** कांग्रेस पार्टी कार्यालय कॉटन मिल्स तिराहे पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित स्व0 राजीव गांधी की जयंती मनाई गई। जिसमें वक्ताओं ने राजीव गांधी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी जी आधुनिक कंप्यूटर युग के जनक थे उन्होंने देश को तकनीकी विकास को नई दिशा दी। साथ ही वे ग़रीबों, दलितों और महिलाओं के हितैषी नेता थे। उन्होंने समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया।कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने राजीव गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करके गोष्ठी का भी आयोजन किया। गोष्ठी की अध्यक्षता शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष नयन कुमार कुशवाहा और संचालन महानगर कांग्रेस कमेटी के महासचिव राकेश श्रीवास्तव ने किया।कार्यक्रम में सर्वश्री नयन कुमार कुशवाहा, राकेश श्रीवास्तव, विनोद जैकब, राजकुमार कुशवाहा, मुन्ना जाफरी, इंजिनियर विजय कुमार कुशवाहा, सुधीर कुमारआदि लोग शामिल रहें।

# प्रयागराज में जलभराव पर हाई कोर्ट सख्त, 48 घंटे में शहर से पानी निकालने का दिया आदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुधवार को जिलाधिकारी तथा नगर निगम आयुक्त ने प्रयागराज शहर में जलभराव मामले पर सफाई दी। न्यायमूर्ति अजित कुमार और न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद की खंडपीठ ने दारागंज मोरी गेट से जल निकासी की अनुमति देते हुए कहा कि 24 से 28 घंटे के भीतर शहर में जलभराव की स्थिति खत्म कराई जाए। हाईकोर्ट ने 18 अगस्त को स्वतः संज्ञान लेते हुए नगर आयुक्त और जिलाधिकारी को 20 अगस्त को कोर्ट में हाजिर होने का आदेश दिया था। न्यायमूर्ति सिद्धार्थनंदन की एकलपीठ ने मंगलवार को स्वतः संज्ञान लेते हुए एक अन्य जनहित याचिका कायम की थी, उसे इसी खंडपीठ द्वारा कायम जनहित याचिका के साथ जोड़ दिया गया है। बुधवार को इसी याचिका की सुनवाई हुई।नगर आयुक्त ने बताया कि जलभराव की समस्या से निपटने के लिए पूरी योजना तैयार है और इसका हलफनामा कल तक दाखिल किया जाएगा। अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल के अनुसार सचिव, उत्तर प्रदेश शहरी विकास विभाग का हलफनामा भी गुरुवार को पेश किया जाएगा। कोर्ट ने प्रदेश सरकार के स्थानीय निकाय निदेशक से भी हलफनामा मांगा है। इसमें यह बताने का निर्देश है कि बारिश के पानी से शहर को राहत देने के लिए क्या योजनाएं बनाई गई हैं। नगर आयुक्त को गुरुवार को कोर्ट में उपस्थित रहने का आदेश दिया गया, जबकि डीएम को फिलहाल छूट दी गई। इससे पूर्व मंगलवार को न्यायमूर्ति सिद्धार्थनंदन की एकलपीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता प्रभाकर अवस्थी और अमरेंद्र नाथ सिंह ने शहर के हालात की जानकारी दी थी। बताया कि जार्ज टाउन, टैगोर टाउन, अल्लापुर, अलोपीबाग, बैरहना, रामबाग, प्रीतम नगर जैसे कई इलाके जलमग्न हैं। जलभराव के कारण कई अधिवक्ता और उनके क्लर्क अदालत तक नहीं पहुंच सके, जिससे सूचीबद्ध मामलों की फाइलें भी समय पर नहीं पहुंच पाईं। करीब 3000 से 4000 घरों में केवल बारिश का पानी नहीं, बल्कि सीवर का पानी घुस रहा है, कोर्ट को बताया गया कि एमजी मार्ग स्थित ग्रीन बेल्ट पर कैचमेंट एरिया विकसित करने का प्रस्ताव प्रमुख सचिव (नगर विकास विभाग) को भेजा था जो विभागीय मंजूरी के बाद मुख्य सचिव के पास लंबित है।

**कोर्ट ने प्रदेश सरकार के स्थानीय निकाय निदेशक से भी हलफनामा मांगा है। इसमें यह बताने का निर्देश है कि बारिश के पानी से शहर को राहत देने के लिए क्या योजनाएं बनाई गई हैं।**

# जादौपुर गहलुईया मोड़ के पास तेंदुए की चहलकदमी का वीडियो वायरल

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** जंगल से निकल कर आबादी क्षेत्र का रुख करने वाले वन्य जीव लगातार लोगों के लिए दहशत का पर्याय बने हुए हैं। दो दिन पूर्व आसाम हाईवे पर एक राइस मिल के टीन शेड पर तेंदुआ बैठा हुआ दिखाई दिया। कुछ देर में तेंदुआ पास ही के गन्ने के खेत में चला गया। बुधवार की रात तेंदुआ जादौपुर गहलुईया मोड़ के पास चहल कदमी करता हुआ दिखाई दिया। जिसका किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। तेंदुए की मौजूदगी को लेकर राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों में भय व्याप्त है। तहसील क्षेत्र के जादौपुर गहलुईया मोड़ के पास बुधवार रात तेंदुए की चहलकदमी दिखाई देने से राहगीरों में हड़कंप मच गया। तेंदुए के सड़क किनारे घूमने का वीडियो किसी राहगीर ने अपने मोबाइल में बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो सामने आने के बाद आस-पास के ग्रामीणों में भी दहशत का माहौल बन गया। तेंदुए की मौजूदगी की जानकारी होने पर वहां से गुजर रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

## शारदा नदी के कटान का लाइव वीडियो वायरल

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** शारदा नदी के कटान का लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है। लगातार हो रहे कटान से ग्रामीणों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ नजर आ रही है। ट्रांस शारदा के थाना हजारा क्षेत्र में शारदा नदी के कटान का लाइव वीडियो गुरुवार सुबह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में नदी का तेज बहाव किनारे की जमीन को तेजी से काटता हुआ दिखाई दे रहा है। कटान की रफ्तार को देखकर नदी किनारे बसे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि शारदा नदी का जलस्तर और तेज बहाव लगातार किनारों को प्रभावित कर रहा है। कई स्थानों पर नदी की धारा जमीन को काटकर आगे बढ़ रही है, जिससे खेतों और आसपास के इलाकों पर खतरा मंडरा रहा है। कटान बढ़ने से ग्रामीणों को अपनी फसलों और जमीन के नुकसान की चिंता सताने लगी है।

# गौमांस मामले में तमंचा व कारतूस सहित चार आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पूरनपुर (पीलीभीत)।** बीते दिनों मांस लेकर जा रहे तस्कर कुछ लोगों को खड़ा देख मांस छोड़कर भाग गए थे। सूचना पर पहुंचे हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने मांस प्रतिबंधित पशु का बता कर जमकर हंगामा किया था। मामले में पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। जांच के बाद पुलिस ने गौमांस मामले में चार आरोपियों को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना सेहरामऊ क्षेत्र में बरामद मांस के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मामले में पहले मुकदमा दर्ज किया गया था।

मांस के परीक्षण के बाद मुकदमे में गोवध निवारण अधिनियम की धाराएं बढ़ाई गई। विवेचना के दौरान वासिद पुत्र साजिद निवासी केसरपुर कलां, सुनील पुत्र रामखिलावन निवासी बरकलीगंज, नवी अहमद पुत्र वसी अहमद निवासी जादमपुर कलां तथा वाहिद उर्फ छोटू पुत्र इकरार निवासी केसरपुर कलां के नाम प्रकाश में आए। पुलिस ने 19 अगस्त को वासिद को गिरफ्तार किया। जामा तलाशी में उसके पास से 12 बोर का तमंचा और तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए। इस संबंध में उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत अलग मुकदमा दर्ज किया गया। पूछताछ में सामने आए नामों के आधार पर पुलिस ने 20 अगस्त को सुनील, नवी अहमद और वाहिद उर्फ छोटू को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि चारों आरोपियों को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में कुछ के खिलाफ पूर्व में भी गोवध, गैंगस्टर, आर्म्स एक्ट, चोरी और आबकारी अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। उक्त मामले में पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

## रालोद जिलाध्यक्ष ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह से की मुलाकात।

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के भदोही जिलाध्यक्ष सुनील सिंह पटेल ने लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पहुंचकर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष को नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। मुलाकात के दौरान सुनील सिंह पटेल ने कहा कि ऐश्वर्य राज सिंह के नेतृत्व में प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने संगठन के बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष सुनील सिंह पटेल ने प्रदेश अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके कुशल नेतृत्व में पार्टी संगठन का विस्तार होगा और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। मुलाकात के दौरान कार्यकर्ताओं में भी उत्साह देखने को मिला। जिलाध्यक्ष सुनील सिंह पटेल ने प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह को पुनः हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

# पेट्रोल पंप पर हंगामा, ईंधन की जगह निकला पानी; वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** मिर्जापुर रोड पर स्थित एक पेट्रोल पंप पर उस समय भारी हंगामा खड़ा हो गया, जब ग्राहकों ने गाड़ियों में पेट्रोल की जगह पानी भरे जाने का आरोप लगाया। इस घटना का एक वीडियो बुधवार शाम से इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि गाड़ियों की टंकियों और बोतलों में निकाला गया ईंधन पूरी तरह पानी जैसा नजर आ रहा है।

### सड़क पर बंद हुईं गाड़ियां, उपभोक्ताओं ने किया प्रदर्शन

यह मामला नैनी के मिर्जापुर रोड पर इंडियन होटल और सब्जी मंडी के पास स्थित एक पेट्रोल पंप का है। स्थानीय निवासियों और वाहन चालकों के अनुसार, पंप से तेल डलवाने के कुछ ही दूरी बाद कई दोपहिया और चारपहिया वाहन अचानक बंद हो गए। जब कुछ चालकों ने मैकेनिक से गाड़ी की जांच करवाई, तो टैंक से पेट्रोल के बजाय पानी और तेल का मिलाजुला गाढ़ा तरल पदार्थ निकला।

इसके बाद गुस्साए वाहन चालक भारी संख्या में पेट्रोल पंप पर इकट्ठा हो गए और नारेबाजी करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। उपभोक्ताओं ने बोतल में पेट्रोल लेकर दिखाया, जो पूरी तरह पारदर्शी और पानी जैसा था।

### पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची

हंगामे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और खाद्य एवं रसद विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने किसी तरह समझा-बुझाकर आक्रोशित भीड़ को शांत कराया। अधिकारियों ने पंप के नोजल और अंडरग्राउंड स्टोरेज टैंक से ईंधन के सैंपल लिए हैं, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद पंप संचालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**विशेषज्ञों का अनुमान:**

'फेज सेपरेशन' हो सकता है कारण

पेट्रोलियम क्षेत्र के तकनीकी विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं अक्सर बारिश या जमीन के अंदर रिसाव के कारण होती हैं। वर्तमान में पेट्रोल में 20 प्रतिशत तक इथेनॉल मिलाया जाता है। यदि पेट्रोल पंप के अंडरग्राउंड (भूमिगत) टैंक में किसी दरार या लीकेज की वजह से पानी चला जाता है, तो इथेनॉल पेट्रोल को छोड़कर पानी के साथ मिल जाता है। इस प्रक्रिया को 'फेज सेपरेशन' कहते हैं। इसके कारण पानी और इथेनॉल का भारी मिश्रण टैंक के निचले हिस्से में बैठ जाता है, और जब नोजल से तेल निकाला जाता है, तो ग्राहकों की गाड़ियों में पेट्रोल की जगह वही पानी पहुंच जाता है। फिलहाल एहतियात के तौर पर उक्त पेट्रोल पंप की बिक्री पर रोक लगा दी गई है और विस्तृत जांच जारी है।

# मुड़िया बिलहरा प्रकरण में भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)** मुड़िया बिलहरा प्रकरण में भीम आर्मी जिला संगठन सचिव, पीलीभीत शेरा वाल्मीकि बहुजन शायर ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनका दुख साझा किया तथा उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर शेरा वाल्मीकि बहुजन शायर ने कहा कि आप घबराइए नहीं, भीम आर्मी का पूरा संगठन आपके साथ मजबूती से खड़ा है। आपको न्याय दिलाने के लिए हम लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई किसी व्यक्ति, किसी जाति या किसी धर्म से नहीं है। हमारी लड़ाई केवल उन लोगों के खिलाफ है जो समाज में छुआछूत, भेदभाव, अन्याय और अत्याचार जैसी मानसिकता को बढ़ावा देते हैं। भीम आर्मी संविधान के दायरे में रहकर सामाजिक समानता, सम्मान और न्याय की लड़ाई लड़ती रहेगी। शेरा वाल्मीकि बहुजन शायर ने पुलिस प्रशासन द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए उनका आभार भी व्यक्त किया तथा निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की अपेक्षा जताई। इस दौरान आजाद समाज पार्टी नगर अध्यक्ष बिलसंडा नदीम अंसारी सहित भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाकियू की मासिक पंचायत में गन्ना बकाया भुगतान करने की मांग उठी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत जिलाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर पीलीभीत में सम्पन्न हुई। पंचायत का संचालन जिला प्रभारी दिनेश कुमार ने किया। आयोजित पंचायत को सम्बोधित करते हुए संगठन जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने कहा कि जनपद पीलीभीत में गन्ना किसानों का बकाया गन्ना मूल्य भुगतान गन्ना एक्ट के अनुसार पन्द्रह प्रतिशत मय ब्याज सहित गन्ना किसानों को बकाया गन्ना मूल्य भुगतान अविलम्ब दिलवाया जाये। साथ ही जिलाध्यक्ष ने यह भी कहा कि पराईवेट उर्वरक विक्रेता यूरिया खाद के साथ जिंक, जैम, सल्फर आदि किसानों को देने को मजबूर कर रहे हैं। जिला प्रशासन तत्काल छापामार अभियान चलावा कर इसे उर्वरक विक्रेताओं को चिन्हित कर विभागीय कठोर कार्यवाही कराये जाए, ताकि किसानों को ऐसे उर्वरक विक्रेताओं से निजात मिल सके। पंचायत में जिलाध्यक्ष ने कहा कि दि किसान



सहकारी चीनी मिल पूरनपुर में रिपेयरिंग का काम बहुत ही धीमी गति से चल रहा है। जनपद पीलीभीत की समस्त चीनी मिलों के आगामी पेराई सत्र में समय से चलाया जाए ताकि गन्ना किसानों को पेराई सत्र में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। पंचायत को सम्बोधित करते हुए जिला प्रभारी दिनेश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर पूरे प्रदेश में किसान दिवस लगाने की घोषणा की गई है। जिसके तहत जनपद पीलीभीत में किसान दिवस आयोजन के समय ज्यादातर उच्च अधिकारी अनुपस्थित रहते हैं। सरकार की छवि धूमिल करने वाले ऐसे अधिकारियों पर दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाए। पंचायत में महिला प्रकोष्ठ की सदर तहसील अध्यक्ष रेशमा वर्मा ने कहा कि जनपद की तहसीलों में किसानों की खतौनियों में अंश निर्धारण की विकराल समस्या लगातार बनी हुई है। संगठन के प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश की राजधानी लखनऊ में उच्च अधिकारियों को अंश निर्धारण की समस्याओं से बार-बार अवगत कराया गया है, लेकिन जनपद-पीलीभीत के अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश सरकार के आदेशों की धज्जियाँ उड़ाने का काम किया है। संगठन जल्द उच्च अधिकारियों के खिलाफ आर पार का संघर्ष करने को विवश होगा। किसानों का उत्पीड़न किसी भी प्रकार से संगठन बर्दाश्त नही करेगा। पंचायत में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह, जिला प्रभारी दिनेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष बलजीत सिंह चीमा, वरिष्ठ कार्यकर्ता बालकराम, तरसेम सिंह, सरदार भजन सिंह, अशोक कुमार यादव, आकाश यादव, धीरज कुमार, सुभाष यादव, संजीव कुमार, सर्वेश कुमार, राजेन्द्र प्रसाद, चन्द्रसेन, ज्वाला प्रसाद, जयपाल, मुन्ना, हरेंद्र कुमार, महिला प्रकोष्ठ की सदर तहसील अध्यक्ष रेश्मा वर्मा, लीलावती आदि सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# डेढ़ महीने से बंद मकान में सेंधमारी कर सोने-चांदी के जेवर ले गये चोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** डेढ़ महीने से बंद मकान में सेंधमारी कर चोरों ने सोने व चांदी के जेवर चोरी कर लिए। इस मामले में ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर चोरी गया माल बरामद कराए जाने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरिया दुलई में करीब 45 दिन से बंद एक मकान के ताले तोड़कर चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। गांव निवासी अजयपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह करीब 45 दिन पूर्व अपने परिवार के साथ घर के सभी दरवाजों में ताला लगाकर काम के सिलसिले में बाहर चले गए थे। परिवार वहीं रह रहा था। 19 अगस्त की शाम करीब पांच बजे उनकी भतीजी आरती ने मोबाइल से सूचना दी कि घर की दीवार टूटी हुई है और कमरों के ताले टूटे पड़े हैं। सूचना मिलने पर अजयपाल 20 अगस्त की सुबह करीब आठ बजे घर पहुंचे और मामले की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। पुलिस के पहुंचने पर पीड़ित ने मुख्य गेट का ताला खोलकर अंदर जाकर देखा कि जीने और कमरों के गेट के ताले टूटे मिले। कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने अपना सामान देखा तो एक सोने की चेन, एक अंगूठी, एक जोड़ी सोने के झुमके तथा तीन जोड़ी चांदी की पायल गायब मिलीं। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को भी दी गई। पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर चोरी का खुलासा करने और कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

**कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरिया दुलई में करीब 45 दिन से बंद एक मकान के ताले तोड़कर चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। गांव निवासी अजयपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह करीब 45 दिन पूर्व अपने परिवार के साथ घर के सभी दरवाजों में ताला लगाकर काम के सिलसिले में बाहर चले गए थे। परिवार वहीं रह रहा था।**

# बीते एक सप्ताह में अवैध खनन से लगातार दो युवकों की मौत, जिम्मेदार अधिकारी मौन

## ........क्रिकेट खेल रहे युवकों ने गेंद निकालने के लिए युवक को पानी में उतारा, गहरे गड्ढे में हुई डूबकर मौत

**..........अवैध खनन से बने गड्ढे में भरा था पानी, एक सप्ताह में दूसरी मौत से ग्रामीणों में आक्रोश ।**


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के टिकरा कल्ली पूरब गांव में गुरुवार शाम अवैध खनन से बने गहरे गड्ढे में भरे पानी में डूबने से 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बहराइच निवासी प्रदीप के रूप में हुई है। वह तीन-चार दिन पहले ही गांव आया था और घटनास्थल के पास घास काट रहा था। इसी दौरान क्रिकेट खेल रहे युवकों की गेंद पानी से भरे गहरे गड्ढे में जा गिरी। आरोप है कि युवकों ने गेंद निकालने के लिए प्रदीप को पानी में उतरने को कहा। गड्ढा काफी गहरा होने के कारण उसे पानी की गहराई का अंदाजा नहीं लग सका और वह डूब गया। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से युवक को पानी से बाहर निकलवाया और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हरिकंशगढ़ी चौकी प्रभारी शिव कुमार ने बताया कि प्रदीप एक क्रिकेट अकादमी में चौकीदारी का काम करता था। गुरुवार शाम अकादमी में बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। इसी दौरान गेंद पास में बने गहरे गड्ढे में चली गई। गेंद निकालने के लिए प्रदीप पानी में उतरा, लेकिन गहराई में जाने के बाद वह डूब गया। पुलिस ने मृतक के मोबाइल फोन से उसके परिजनों को घटना की जानकारी दी।

### एक सप्ताह में अवैध खनन से दूसरी मौत

अवैध खनन से बने गहरे गड्ढे में डूबने की यह एक सप्ताह के भीतर दूसरी घटना है। ज्ञात हो कि बीते 11 अगस्त को भी मोहनलालगंज क्षेत्र में खेत में दवा का छिड़काव करने के बाद तालाब में हाथ-पैर धोने उतरे 37 वर्षीय नीरज यादव की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई थी। मऊ गांव निवासी नीरज यादव पुत्र गयाप्रसाद यादव पैर फिसलने से तालाब के गहरे पानी में चले गए थे। काफी तलाश के बाद भी जब उनका पता नहीं चला तो एसडीआरएफ को सूचना दी गई। करीब 45 मिनट के सर्च ऑपरेशन के बाद एसडीआरएफ टीम ने नीरज का शव बरामद किया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। लगातार दूसरी मौत के बाद क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में अवैध खनन जिम्मेदार अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों की नाकामी का नतीजा है । खनन माफियाओं ने जगह - जगह खनन कर सरकारी जमीन पर गहरे गड्ढे कर दिए गए हैं। बारिश के बाद इन गड्ढों में पानी भर जाने से वे जानलेवा बन गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि अवैध खनन पर प्रभावी रोक नहीं लगने के कारण खनन कारोबारी रात-दिन मिट्टी खोदकर गहरे गड्ढे छोड़ रहे हैं। ग्रामीणों ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ ही ऐसे गड्ढों को भरवाकर सुरक्षित कराने की मांग की है। परिजनों को घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।




# अखिल भारतीय सोशलिस्ट पार्टी ने अमित अवस्थी को बनाया प्रदेश अध्यक्ष

**.......संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को एकजुट करने की जिमेदारी, मोहनलालगंज के खरेहना गांव से है पैतृक संबंध ।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ ।** अखिल भारतीय सोशलिस्ट पार्टी ने संगठन को प्रदेश स्तर पर मजबूत और सक्रिय बनाने के लिए अमित अवस्थी को उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट मनोज कुमार शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उनकी नियुक्ति की घोषणा की। पार्टी की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि अमित अवस्थी लंबे समय से संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में पार्टी की गतिविधियों में भाग लेते रहे हैं। संगठन के प्रति उनकी सक्रियता, कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर समन्वय और पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में उनकी भूमिका को देखते हुए उन्हें प्रदेश की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के अनुसार, अमित अवस्थी की नियुक्ति को लेकर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और जिम्मेदार कार्यकर्ताओं के साथ विचार-विमर्श किया गया। इसके बाद सर्वसम्मति से उन्हें उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। पार्टी नेतृत्व ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में प्रदेश में संगठन का विस्तार होगा और कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा मिलेगी। अमित अवस्थी का मोहनलालगंज क्षेत्र के खरेहना गांव से पैतृक संबंध है। प्रदेश अध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने की जानकारी के बाद क्षेत्र में उनके समर्थकों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। लोगों ने फोन कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अमित अवस्थी ने पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताते हुए बताया कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वह पूरी निष्ठा और सक्रियता से निर्वहन करेंगे। उन्होंने संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं के हित में काम करने और पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को प्रदेश के गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प जताया।

> संगठन के प्रति उनकी सक्रियता, कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर समन्वय और पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में उनकी भूमिका को देखते हुए उन्हें प्रदेश की महत्वपूर्ण जिमेदारी सौंपी गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के अनुसार, अमित अवस्थी की नियुति को लेकर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और जिमेदार कार्यकर्ताओं के साथ विचार-विमर्श किया गया। इसके बाद सर्वसमति से उन्हें उार प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुत किया गया। पार्टी नेतृत्व ने उमीद जताई कि उनके नेतृत्व में प्रदेश में संगठन का विस्तार होगा और कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा मिलेगी। अमित अवस्थी का मोहनलालगंज क्षेत्र के खरेहना गांव से पैतृक संबंध है।

# तीन सड़कों के डामरीकरण की मांग को लेकर किसानों का धरना दूसरे दिन भी जारी

**......पीडब्ल्यूडी, वन विभाग, एसडीएम व लेखपाल की मौजूदगी में संयुक्त सर्वे की मांग; शुक्रवार दोपहर 12 बजे अधिकारियों के पहुंचने का आश्वासन ।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नगराम, लखनऊ।** नगराम क्षेत्र की जर्जर तीन सड़कों के निर्माण और डामरीकरण की मांग को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के नेतृत्व में किसानों का धरना गुरुवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। धरने में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे सैकड़ों किसानों और मजदूरों ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। धरने की सूचना पर नगराम थानाध्यक्ष अंजनी सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और किसानों से वार्ता की। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज से वार्ता हुई है। एसडीएम ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को शुक्रवार दोपहर 12 बजे तक धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों की समस्याएं देखने के निर्देश दिए हैं। इस पर संगठन के मंडल महामंत्री हरिपाल सिंह ने कहा कि केवल पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की मौजूदगी से समस्या का समाधान नहीं होगा। उन्होंने मांग की कि पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ उनके सर्वेयर, वन विभाग के सर्वेयर, उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज और क्षेत्रीय लेखपाल भी मौके पर मौजूद रहें। इससे संबंधित मार्गों का संयुक्त सर्वे कराकर सड़क निर्माण में आ रही तकनीकी और राजस्व संबंधी अड़चनों का समाधान किया जा सकेगा। किसानों की मांग है कि कुबहरा से कमलापुर-विचिलखा माइनर तक सड़क, टिकरा चौराहे से नेवाजखेड़ा खड़ंजा मार्ग और देवीखेड़ा पुलिस चौकी के पास से रामबक्सखेड़ा तक सड़क का सर्वे कराकर पीडब्ल्यूडी से तीनों मार्गों का डामरीकरण कराया जाए। किसानों का कहना है कि सड़कों की हालत खराब होने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी होती है। बारिश के दौरान स्थिति और भी खराब हो जाती है, जिससे ग्रामीणों, किसानों और स्कूली बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। किसानों ने कहा कि शुक्रवार को सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में मौके पर संयुक्त सर्वे कराया जाए, ताकि सड़क निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ सके। उन्होंने चेतावनी दी कि समस्या का स्थायी समाधान होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। धरने में मंडल महामंत्री हरिपाल सिंह, केशव राम लोधी, रामकुमार, प्रधान पति सुखलाल, श्रीपाल, रामदास, राजीव कुमार, रामकिशोर, रामकिशुन, ब्रह्मादीन, राजाराम समेत सैकड़ों किसान और मजदूर मौजूद रहे।

# पूरनपुर से दो जायरीन उमराह के लिए रवाना



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** दो जायरीन सऊदी अरब उमरा के लिए पूरनपुर से रवाना हुए। जिन्हें लोगों ने फूलमालाओं से लड़कर सलामती की दुआओं के साथ रुखसत किया। उमरा के लिए जाने वालों में पूरनपुर निवासी नसीम सलमानी और शहजाद अली हैं। जिन्हें नगरवासियो ने गुलाब के फूल की मालाएं पहनाकर मुबारकबाद दी। इस अवसर पर उनकी सफल यात्रा के लिए दुआएं कीं गयी। जायरीनों का काफिला ईदगाह से शुरू होकर, मैन रोड होते हुए आगे बढ़ा। रास्ते भर लोगों ने फूल बरसाकर जायरीनों का स्वागत किया। लोगों ने नसीम सलमानी, शहजाद अली से हाथ मिलाकर और गले मिलकर उनसे दुआओं की दरख्वास्त की। उन्होंने अल्लाह से उनके उमराह की कबूलियत, सलामती और खैरियत के साथ वापसी की दुआएं भी कीं। इस दौरान मो0 शारिक, मो0 जीशान, रिजवान खान, फैजान, रज्जन, अरवाज़, हसीन, शाहबाज़ सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# नहर किनारे कई किलोमीटर तक रेलिंग बनी सुरक्षा कवच

## ..........सात साल पुराने दर्दनाक हादसे के बाद बढ़ाई गई सुरक्षा, बरसात में राहगीरों को राहत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** नगरा क्षेत्र में इंदिरा नहर के किनारे सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई किलोमीटर तक लोहे की रेलिंग और बैरिकेडिंग कराई गई है। बरसात में नहर का जलस्तर बढ़ने और तेज बहाव के बीच यह रेलिंग राहगीरों और आसपास के ग्रामीणों के लिए सुरक्षा कवच का काम कर रही है। नहर की पटरी पर बैरिकेडिंग होने से लोगों के अनजाने में नहर की ओर जाने का खतरा कम हुआ है। नगराम क्षेत्र के पटवा खेड़ा के पास वर्ष 2019 में हुए दर्दनाक हादसे की याद आज भी क्षेत्रवासियों के जेहन में है। उस समय एक अनियंत्रित पिकअप नहर में जा गिरी थी। हादसे में छह मासूम बच्चों की जान चली गई थी। पांच बच्चों के शव बरामद कर लिए गए थे, जबकि एक बच्चे का शव आज तक नहीं मिल सका है। हादसे के बाद नहर किनारे सुरक्षा इंतजामों को लेकर लगातार सवाल उठते रहे। बरसात के मौसम में नहर में पानी बढ़ने के साथ बहाव भी तेज हो जाता है। ऐसे में नहर की पटरी से गुजरने वाले राहगीरों और ग्रामीणों के फिसलकर पानी में गिरने का खतरा बना रहता था। अब कई किलोमीटर तक लगाई गई लोहे की रेलिंग नहर और सड़क के बीच अवरोध का काम कर रही है। इससे हादसे की आशंका काफी हद तक कम हुई है।

### नियमित निगरानी की मांग

**स्थानीय लोगों ने रेलिंग और बैरिकेडिंग को उपयोगी बताते हुए इसकी नियमित निगरानी की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि कहीं रेलिंग क्षतिग्रस्त होने या हटने की स्थिति में उसे तत्काल दुरुस्त कराया जाना चाहिए। इसके अलावा संवेदनशील स्थानों पर चेतावनी बोर्ड और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था भी होनी चाहिए, ताकि रात में राहगीरों को नहर की सीमा स्पष्ट दिखाई दे। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सात साल पुराने हादसे की दर्दनाक याद आज भी लोगों को झकझोर देती है। ऐसे में नहर किनारे सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना हादसों की पुनरावृत्ति रोकने की दिशा में अहम कदम है।**

# नाइजीरिया के कृषि मंत्री ने बी-पैक्स रघुनाथ खेड़ा का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** नाइजीरिया के कृषि मंत्री के नेतृत्व में गुरुवार को आए प्रतिनिधिमंडल ने निगोहां क्षेत्र स्थित बी-पैक्स रघुनाथ खेड़ा समिति का निरीक्षण किया। प्रतिनिधिमंडल ने समिति की कार्यप्रणाली, किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और कृषि एवं सहकारिता से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी ली। विदेशी प्रतिनिधिमंडल के दौरे को कृषि एवं सहकारिता के क्षेत्र में अनुभवों के आदान-प्रदान की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। निरीक्षण के दौरान समिति के अधिकारियों और पदाधिकारियों ने नाइजीरियाई प्रतिनिधिमंडल को बी-पैक्स के माध्यम से संचालित विभिन्न गतिविधियों और किसानों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने कृषि क्षेत्र में सहकारी समितियों की भूमिका और स्थानीय स्तर पर किसानों के लिए किए जा रहे कार्यों को भी समझा। इस मौके पर समिति परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। नाइजीरिया के कृषि मंत्री ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कृषि के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी जरूरी बताते हुए पौधारोपण जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कार्यक्रम में एआर कोऑपरेटिव लखनऊ वैशाली सिंह, जिला कृषि अधिकारी लखनऊ डॉ. मेनिका, सहायक अधिकारी सर्वेश कुमार समेत कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। बी-पैक्स रघुनाथ खेड़ा के सचिव संजय कुमार चौधरी, संतोष कुमार पाल, ओम प्रकाश सहित समिति का स्टाफ मौजूद रहा। इसके अलावा कोऑपरेटिव एडीओ शिवकुमार वर्मा और एडीसीओ विनोद कुमार ने भी प्रतिनिधिमंडल के साथ गतिविधियों की जानकारी साझा की।

### समेसी के कृषि फार्म हाउस भी पहुंचा प्रतिनिधिमंडल

**नाइजीरियाई प्रतिनिधिमंडल ने नगराम क्षेत्र के समेसी स्थित राजेश वर्मा उर्फ मुन्ना भइया के कृषि फार्म हाउस का भी दौरा किया। यहां प्रतिनिधिमंडल ने खेती-किसानी से जुड़ी गतिविधियों और कृषि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों के मुताबिक, दौरे का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर अपनाई जा रही कृषि एवं सहकारिता व्यवस्थाओं को समझना और अनुभवों का आदान-प्रदान करना रहा।**

# सड़क हादसे में घायल अमन को इलाज के साथ गृहस्थी चलाने की भी चिंता

**.........दो महीने कोमा में रहने के बाद आया होश, अब न चल पा रहा न बोल पा रहा; परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा ।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मोहनलालगंज।** पीजीआई के वृंदावन योजना, रायबरेली रोड तेलीबाग निवासी अमन शुक्ला के परिवार पर सड़क हादसे के बाद मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है। नौ मई 2026 को हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल अमन करीब दो महीने तक कोमा में रहा। अब होश में आने के बाद भी वह न तो ठीक से किसी को पहचान पा रहा है और न ही चल-बोल पा रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक, उसके पूरी तरह स्वस्थ होने में एक से दो साल तक का समय लग सकता है। अमन परिवार का इकलौता कमाने वाला बेटा था। वह पंडिताई कर माता-पिता और दो छोटी बहनों का खर्च चलाता था। हादसे के बाद परिवार के सामने इलाज के साथ रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने का संकट खड़ा हो गया है। पिता विनीत शुक्ला निजी गाड़ी चलाते हैं, जबकि मां ममता शुक्ला लोगों के घरों में खाना बनाने का काम करती थीं। बेटे की गंभीर हालत के चलते वह भी अब काम पर नहीं जा पा रही हैं। परिवार के मुताबिक, जिन घरों में ममता काम करती थीं, वहां के लोग भी परिवार की मदद कर रहे हैं, लेकिन अमन के लंबे इलाज, दवाओं और देखभाल के खर्च के साथ घर का किराया और अन्य जरूरी खर्च उठाना मुश्किल होता जा रहा है। अमन की दो छोटी बहनें वैष्णवी (15) और अर्पिता (6) हैं। परिवार के सामने एक ओर अमन के इलाज का लगातार बढ़ता खर्च है तो दूसरी ओर गृहस्थी चलाने की जिम्मेदारी भी है। परिजनों ने सक्षम लोगों से अमन के इलाज में आर्थिक सहयोग की अपील की है। परिजनों का कहना है कि अमन को अभी लंबे समय तक इलाज और निरंतर देखभाल की जरूरत है। ऐसे में लोगों की छोटी-सी आर्थिक मदद भी अमन के इलाज और परिवार के लिए बड़ी राहत बन सकती है।

# मोहनलालगंज डकैती कांड में पुलिस की विवेचना पर हाईकोर्ट सख्त

## मेडिकल रिपोर्ट और असलहा बरामदगी के बावजूद डकैती की धारा हटाने पर मांगा जवाब, पुलिस कमिश्नर तलब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** चर्चित डकैती कांड में पुलिस की विवेचना पर उठे सवालों को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने लखनऊ पुलिस कमिश्नर को तलब करते हुए मामले की विवेचना और अब तक हुई कार्रवाई का पूरा ब्यौरा पेश करने का निर्देश दिया है। मेडिकल रिपोर्ट को विवेचना में शामिल किए जाने के तरीके और असलहा बरामद होने के बावजूद डकैती की धारा हटाए जाने को लेकर अदालत में सवाल उठे हैं। मामला हेमंत कुमार सोनी और उनके भाई शंकर सोनी की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर से जुड़ा है। आरोप है कि घटना के दौरान पीड़ित पक्ष के साथ मारपीट की गई थी और उन्हें चोटें आई थीं। इसके बाद उनका मेडिकल परीक्षण भी कराया गया था। याचिकाकर्ता की ओर से हाईकोर्ट में पुलिस की विवेचना पर सवाल उठाते हुए कहा गया कि महत्वपूर्ण साक्ष्यों को अपेक्षित गंभीरता से नहीं लिया गया।

**मेडिकल रिपोर्ट को लेकर उठे सवाल**

सुनवाई के दौरान अदालत के समक्ष मेडिकल रिपोर्ट समेत अन्य साक्ष्यों का मुद्दा रखा गया। सवाल उठाया गया कि पीड़ितों के मेडिकल परीक्षण के बावजूद रिपोर्ट को विवेचना में किस तरह शामिल किया गया और उसका परीक्षण किस आधार पर किया गया। इसके अलावा घटना में असलहा बरामद होने की बात भी अदालत के समक्ष रखी गई।

### असलहा बरामदगी के बाद धारा हटाने पर सवाल

याचिकाकर्ता की ओर से आरोप लगाया गया कि असलहा बरामद होने के बावजूद विवेचना के दौरान डकैती जैसी गंभीर धारा हटा दी गई। अदालत ने इस कार्रवाई के आधार को लेकर भी पुलिस से जवाब मांगा है। अब पुलिस को स्पष्ट करना होगा कि धाराओं में बदलाव किस आधार पर किया गया और विवेचना में सामने आए साक्ष्यों का किस तरह परीक्षण किया गया।

### कमिश्नर को पेश करना होगा पूरा ब्यौरा

हाईकोर्ट ने लखनऊ पुलिस कमिश्नर को मामले की प्रगति और विवेचना से संबंधित पूरा विवरण अदालत के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। कमिश्नर को यह भी बताना होगा कि एफआईआर दर्ज होने के बाद अब तक क्या कार्रवाई की गई, मेडिकल रिपोर्ट को केस डायरी में किस तरह शामिल किया गया और असलहा बरामदगी के बावजूद डकैती की धारा हटाने का आधार क्या रहा। हाईकोर्ट की सख्ती के बाद मोहनलालगंज डकैती कांड की विवेचना एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। अब अगली सुनवाई में पुलिस की ओर से पेश की जाने वाली रिपोर्ट और अदालत के रुख पर नजर रहेगी।